Page 11




जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 06



शुक्ल पक्ष अश्विनी संवत 2081 • औरंगाबाद • मंगलवार • 09 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 118 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

खेल


**आईपीएल 2024 : यश ठाकुर के शानदार खेल से लखनऊ ने गुजरात को 33 रन से हराया**


देश

**कांग्रेस को एक और बागी विधायक ने मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा नोटिस**

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹71,620 | ₹84,500 |





## आज का इतिहास

- 1965 : कच्छ के रन में भारत-पाक में युद्ध छिड़ा।
- 2004 : पुर्तगाल के सर्वोच्च न्यायालय ने भारत में कई आपराधिक मामलों में वांछित माफिया सरगना अबू सलेम के भारत प्रत्यर्पण सम्बन्धी आदेश की पुनः समीक्षा का आग्रह किया।

## न्यूज बाइट्स

### बिहार के 14 जिलों में बारिश का अलर्ट

**पटना (नि. सं.)।** बिहार में अब झुलसाने वाली गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। तापमान 40 के करीब पहुंचने लगा है। आज भी पटना में मौसम साफ है। सुबह से ही धूप खिल गई है। हालांकि आज और कल पटना समेत 14 जिलों में बारिश को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के 14 जिलों में बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चलेगी। मौसम विभाग द्वारा आज प्रदेश के 14 जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। जिसमें पटना, गया, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, जहानाबाद, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल शामिल है।

### 10 अप्रैल से दर्शकों के लिए खुल जाएगा तारामंडल

**पटना (नि. सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तारामंडल के नए स्वरूप का उद्घाटन 28 फरवरी को विज्ञान दिवस के मौके पर किया था। कुछ मेंटेनेंस के काम के कारण इसे आम दर्शकों के लिए नहीं खोला गया था। वहीं अब लगभग सारे काम पूरे हो चुके हैं। 10 अप्रैल से तारामंडल को आम दर्शकों के लिए खोल दिया जाएगा। लोग ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों मोड में टिकट खरीद सकते हैं। इसके साथ ही दर्शकों को तारामंडल में मनपसंद सीटों का चुनाव करने का विकल्प दिया गया है। वर्तमान में इसमें 200 सीटों की क्षमता है।

### पुलिस पर हमला मामले में 22 गिरफ्तार

**भागलपुर (नि. सं.)।** बरारी थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में विगत शनिवार की रात हुए पुलिस पर हमला मामले में 24 घंटे के अंदर पुलिस ने 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इस बात की जानकारी सीनियर एसपी आनंद कुमार ने सोमवार की दोपहर को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित कर दी।

### मुर्मु ने चैत्र शुक्लादि और गुड़ी पड़वा पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली (ए.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेती चांद, नवरेह और साजिबु चेरोबा की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपने संदेश में कहा, "चैत्र शुक्लादि, उगादी, गुड़ी पड़वा, चेति चांद, नवरेह और साजिबु चेरोबा के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा कि ये त्योहार वसंत ऋतु और भारतीय नववर्ष के स्वागत में देश के अलग अलग हिस्सों में मनाये जाते हैं। ये शांति, सद्भाव और सहिष्णुता का संदेश देते हैं।

शिक्षा विभाग की छठी मीटिंग भी फेल, आज राज्यपाल ने बुलाई बैठक

# शिक्षा विभाग की बैठक में नहीं पहुंचे कुलपति

निज संवाददाता | पटना

बिहार में शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच टकराव थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी बानगी सोमवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक द्वारा आयोजित विश्वविद्यालयों की बैठक में देखी गई। हर बार की तरह इस बैठक में भी बिहार के एक भी यूनिवर्सिटी के कुलपति (वीसी) नहीं पहुंचे। इस कारण छठी बैठक भी बेनतीजा रही। इससे पहले केके पाठक की पांच बैठकों से भी कुलपतियों ने किनारा किया था। अब राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मंगलवार यानी आज राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के वीसी की बैठक बुला ली है। इसमें राज्यपाल शिक्षा विभाग के द्वारा भेजे गए पत्र से विश्वविद्यालयों में आ रही बाधा पर चर्चा करेंगे। दरअसल, शिक्षा विबाग ने सोमवार को विश्वविद्यालयों में परीक्षा एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए बैठक आयोजित की थी। इसमें राज्य के सात विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को आमंत्रित किया गया था। मगर इसमें एक भी कुलपति शामिल नहीं हुए। यह लगातार छठी बैठक है, जिसमें कोई वीसी नहीं आए। राजभवन और विभाग के बीच चल रहे विवाद को लेकर यह स्थिति उत्पन्न ही है। अब राज्यपाल खुद मंगलवार को कुलपतियों संग बैठक करके इस विवाद का हल निकालने का प्रयास करेंगे। बता दें कि शिक्षा विभाग और राजभवन में यूनिवर्सिटी के अधिकारों को लेकर लंबे समय से टकराव चल रहा है। पूर्व में विभाग की कुछ बैठकों में कुलपतियों के जाने पर राजभवन की ओर से रोक लगा दी गई थी। इसके बाद केके पाठक के विभाग ने बैठक में नहीं आने वाले कुलपतियों, कुलसचिवों और विश्वविद्यालयों के अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। उनका वेतन रोक दिया गया। इस पर पदाधिकारियों में गहरा रोष व्याप्त हुआ। हालांकि, पिछले दिनों राजभवन ने शिक्षा विभाग की बैठक में शामिल होने की अनुमति यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों को दे दी। इसके बावजूद पिछली दो बैठकों में कोई भी वीसी मीटिंग में नहीं गए।

## संदेह के घेरे में 1205 नियोजित शिक्षकों का बीटेट, सीटेट सर्टिफिकेट

निज संवाददात | पटना

शिक्षा विभाग के बुलाने के बाद भी राज्य के विभिन्न जिलों के 400 से अधिक नियोजित शिक्षक सत्यापन कार्य कराने के लिए नहीं पहुंचे। इन सब की जिलावार सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही संबंधित जिलों को यह सूची भेजकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिलों के स्तर पर पूरे मामले की जांच होगी कि किन कारणों से ये शिक्षक नहीं पहुंचे। इसके बाद जिलों की रिपोर्ट के आधार पर विभाग आगे का निर्णय लेगा। मालूम हो कि सक्षमता परीक्षा के आवेदन में राज्य में 1205 नियोजित शिक्षक ऐसे मिले थे, जिनका बीटेट, सीटेट अथवा एसटेट का रौल नंबर एक से अधिक का समान था। इन सभी नियोजित शिक्षकों को जांच के घेरे में लेते हुए विभाग ने चरणबद्ध तरीके से मुख्यालय में बुलाया गया था। विभाग में बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में एक-एक कर सभी शिक्षकों का सत्यापन किया गया है। यह कार्य विभाग में 10 मार्च से 23 मार्च तक चला। लेकिन, इस दौरान 400 से अधिक शिक्षक विभाग में सत्यापन कार्य के लिए पहुंचे ही नहीं। वहीं, जो शिक्षक पहुंचे हैं, उनके सत्यापन की रिपोर्ट संबंधित कमेटी ने विभाग को सौंप दी है। रिपोर्ट जिलों को जल्द ही भेजी जाएगी, जिसका अध्ययन किया जा रहा है।

## डेढ़ हजार हेडमास्टर का वेतन रूका

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सरकारी स्कूलों में लापरवाही को लेकर शिक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। अपर मुख्य सचिव केके पाठक के का लापरवाह शिक्षकों पर डंडा चला है। राज्य से सरकारी स्कूलों के चौदह सौ हैडमास्टर का एक दिन की सैलरी काट दी गई है। कहा जा रहा है कि इन शिक्षकों का एक माह का वेतन भी कट सकता है। पहले उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामला मिड डे मिल से जुड़ा है। जानकारी के मुताबिक इन हेडमास्टरों ने अपने अपने स्कूलों से मध्यान भोजन योजना से संबंधित रिपोर्ट शिक्षा विभाग को नहीं दिया। समय से रिपोर्ट नहीं पेश करने वाले प्रधानाध्यापकों का वेतन बंद करने का आदेश सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिया गया है। शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किया है कि किस परिस्थिति में रिपोर्ट नहीं भेजी गयी। इसमें प्रधानाध्यपकों की लापरवाही तो नहीं है। शिक्षा विभाग ने यह भी कहा है कि जिन प्रधानाध्यापकों ने मध्यान्ह भोजन की रिपोर्ट भेजने में लापरवाही बरती है उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जा किया जाए कि क्यों नहीं उनका एक माह का वेतन लापरवाही की वजह से कटौती की जाए। ऐसे 1400 से अधिक प्रधानाध्यापकों की सूची भेजी गई है। स्पष्टीकरण में सही जवाब नहीं देने की स्थिति में उनके एक माह के वेतन की कटौती हो सकती है।

## डीएलएड विशेष परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन आज

**पटना(नि.सं.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने डीएलएड पुराने पाठ्यक्रमों (विशेष) परीक्षा 2024 की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तिथि जारी कर दी है। इस बाबत बिहार परीक्षा समिति ने कहा है कि विषयांकित पाठ्यक्रम का द्वितीय वर्ष के सैद्धांतिक विषयों का मूल्यांकन के लिए राजकीय एवं निजी कोटि के प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत व्याख्याताओं की प्रधान एवं सह परीक्षक तथा एमपीपी की नियुक्ति की गयी है। नियुक्ति पत्र बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वेबसाइट पर रविवार को अपलोड कर दिया गया।

# अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की तीसरी याचिका खारिज

- न्यायालय ने याचिकाकर्ता को लगायी फटकार

एजेंसी | नयी दिल्ली



दिल्ली उच्च न्यायालय ने शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री के पद से हटाने का निर्देश देने की मांग वाली तीसरी जनहित याचिका भी सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की एकल पीठ ने आप आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक संदीप कुमार की जहित याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी कि याचिकाकर्ता ने इसे अपना 'व्यक्तिगत प्रचार' के लिए दायर थी। उच्च न्यायालय ने उन टिप्पणियों के साथ ही चेतावनी भी दी और कहा कि आप (याचिकाकर्ता) पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इससे पहले चार अप्रैल और 28 मार्च को ऐसी ही जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने चार अप्रैल को 'हिंदू सेना' के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की याचिका पर यह कहते हुए विचार करने से इनकार कर दिया था कि यह उप राज्यपाल या राष्ट्रपति के अधिकार क्षेत्र में आता है। हालाँकि, अदालत ने तब टिप्पणी की थी कि इस मामले में यह (मुख्यमंत्री के पद पर रहना या हटना) केजरीवाल का निजी फैसला होगा कि उन्हें उस पर रहना चाहिए या नहीं।

पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा था, कभी-कभी व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित के अधीन होना पड़ता है, लेकिन यह उनका (केजरीवाल का) व्यक्तिगत फैसला है। पीठ ने कहा था वह सिर्फ इतना कहा सकती है कि इस मुद्दे पर वह (अदालत) फैसला नहीं कर सकती। इस मामले में पर कोई फैसला लेना दिल्ली के उपराज्यपाल या भारत के राष्ट्रपति पर निर्भर है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने आगे कहा था, हम यह कैसे घोषित कर सकते हैं कि सरकार काम नहीं कर रही है? उप राज्यपाल इस पर निर्णय लेने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्हें (उप राज्यपाल) हमारे मार्गदर्शन की आवश्यकता नहीं है। हम उन्हें सलाह देने वाले कोई नहीं हैं। उन्हें जो भी करना होगा वो कानून के अनुसार करेंगे। अदालत के इस रुख पर याचिकाकर्ता की ओर से याचिका वापस लेने की गुहार लगाई गई थी, जिसे मंजूर कर लिया गया था। याचिकाकर्ता ने तब कहा था कि वह अब उपराज्यपाल के समक्ष इस मुद्दे को उठाएंगे।

चार अप्रैल से पहले 28 मार्च को उच्च न्यायालय की इसी पीठ ने दिल्ली निवासी सुजीत सिंह यादव की याचिका यह कहते हुए ठुकरा दी थी कि इस मुद्दे की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति का काम है। अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अपने को किसान और सामाजिक कार्यकर्ता बताने वाले श्री यादव ने अपनी याचिका में दावा किया था कि वित्तीय घोटाले के आरोपी केजरीवाल को मुख्यमंत्री जैसे सार्वजनिक पद पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। श्री केजरीवाल को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## राम लला का दर्शन करने अयोध्या जायेगा लालू परिवार

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में एक बार फिर मंदिर की सियासत तेज हो गयी है। कभी आडवाणी का रथ रोकनेवाले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव अब राम लला का दर्शन करने अयोध्या जायेंगे। लालू प्रसाद की बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र संसदीय सीट से राजद उम्मीदवार मीसा भारती ने कहा है कि अभी हम लोग व्यस्त हैं, समय निकाल कर हम लोग जाएंगे राम जी के दर्शन करने। लालू यादव भी जायेंगे। हम लोग भी हिंदू हैं, सनातनी हैं, हम भी पूजा करते हैं। राम मंदिर मोदी जी या बीजेपी का थोड़े ही है। मीसा भारती ने कहा कि दर्शन करने जाऊंगी तो क्या कोई रोक देगा। दरअसल पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस और आरजेडी ने पहले राम मंदिर निर्माण का विरोध किया। और तब मंदिर बन गया तो रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में जाने से इनकार कर दिया। रामनवमी आने वाली है, ऐसा पाप करने वालों को भूलिएगा नहीं। अब चुनाव के बीच राजद नेताओं के रुख में बदलाव देखा जा रहा है।

## अब गुरारू में 10 को होगी अमित शाह की जनसभा, गया-औरंगाबाद को साधेंगे

निज संवाददाता | पटना



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की पहली चुनावी जनसभा की तिथि दूसरी बार आगे बढ़ाई गई है। अलबत्ता स्थान में परिवर्तन नहीं हुआ है। गया जिला के गुरारू में चुनावी सभा होनी है। पहले वह जनसभा सात अप्रैल को होनी थी। बाद में तिथि बढ़ाकर नौ अप्रैल हुई। अब नौ के बजाय 10 अप्रैल को शाह जनसभा को संबोधित करेंगे। अपने बिहार दौरे पर वे भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों और कोर ग्रुप की बैठक भी लेंगे। उसमें वे सहयोगियों को चुनावी रणनीति के नए गुर सिखाएंगे और बिहार में प्रचार अभियान की वस्तुस्थिति से अवगत होंगे। सभा-स्थल का चयन सोच-समझकर हुआ है। गुरारू प्रशासनिक रूप से गया जिला का भूभाग है और संसदीय रूप से औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र का अंश। शाह यहां से एक साथ दोनों संसदीय क्षेत्रों (गया और औरंगाबाद) को साधेंगे। इन दोनों क्षेत्रों के प्रत्याशियों के साथ मंच पर बिहार में राजग के सभी वरिष्ठ नेता विराजमान होंगे। समय में परिवर्तन का कारण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। चुनाव से पहले औरंगाबाद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा हुई थी। उसके बाद मोदी चार और सात अप्रैल को क्रमशः जमुई और नवादा में दो चुनावी सभाएं कर चुके हैं। इन चारों संसदीय क्षेत्रों में पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को मतदान होना है। गया में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी प्रत्याशी हैं। इससे पहले दो बार उसी मैदान में पटखनी खा चुके हैं। औरंगाबाद में अपनी चौथी जीत के लिए सुशील कुमार सिंह एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी के रूप में प्रयासरत हैं। इन दोनों का बेड़ा पार लगाने के लिए शाह माहौल बनाने का भरसक प्रयास करेंगे।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन की हुई मौत

निज संवाददाता | छपरा

छपरा में 2 बाइक की टक्कर में 3 युवकों की मौत हो गई। 3 की हालत गंभीर है। इनमें से एक बाइक पर 3 युवक रोहिणी आचार्य का रोड शो कर लौट रहे थे। सामने वाले गाड़ी पर भी 3 लोग सवार थे, ये सभी नौकरी कर के घर लौट रहे थे। हादसा छपरा-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर भेल्दी थाना क्षेत्र के राजा चौक कटसा के पास हुआ। मरने वाले दो लोग ड्यूटी से घर लौट रहे थे, जबकि एक दरियापुर से रोहिणी आचार्य का रोड शो करके दोस्तों के साथ वापस लौट रहा था। मृतकों की पहचान आकाश कुमार ठाकुर (19), चंदन कुमार (20) और धीरज कुमार (21) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों की पहचान ज्ञान चंद कुमार, बाबू साहब और रोशन कुमार के रूप में हुई। ताया जा रहा कि हादसे के वक्त दोनों बाइक की स्पीड 80 के ऊपर थी। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक 10 फीट हवा में उछलकर सड़क पर गिरे। हादसे में दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच-722 पर आगजनी करते हुए आवागमन बाधित कर दिया। मुख्य मार्ग पर देर रात एक बजे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल पर यातायात बहाल कराई गई।

### जनसंपर्क से लौट रहे थे

बताया जाता है कि रविवार को आकाश, चंदन और ज्ञान चंद तीनों एक बाइक पर सवार होकर गड़खा के एक निजी चिकित्सालय में काम करके घर लौट रहे थे। दूसरी बाइक पर सवार धीरज, रोशन और बाबू साहब सारण से राजद प्रत्याशी लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य के क्षेत्र में किए जा रहे जनसंपर्क अभियान में भाग लेकर वापस घर लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया।

## लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने संभाली थलसेना की कमान

एजेंसी | नई दिल्ली



जनरल मनोज पांडे ने शनिवार को जनरल एम.एम. नरवणे के सेवानिवृत्त होने के बाद 29वें थलसेना प्रमुख के तौर पर पदभार संभाल लिया। उप थलसेना प्रमुख के तौर पर सेवाएं दे चुके जनरल पांडे बल की इंजीनियर कोर से सेना प्रमुख बनने वाले पहले अधिकारी बन गए हैं। एक फरवरी को थल सेना का उप-प्रमुख बनने से पहले वह थल सेना की पूर्वी कमान का नेतृत्व कर रहे थे। इस कमान पर सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा की जिम्मेदारी है। जनरल पांडे ने ऐसे समय में थल सेना की कमान संभाली है, जब भारत चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर चुनौती सहित असंख्य सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। सेना प्रमुख के रूप में, उन्हें थिएटर कमांड को तैयार करने की सरकार की योजना पर नौसेना और वायु सेना के साथ समन्वय करना होगा।

भारत के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत थिएटर कमांड तैयार करने पर काम कर रहे थे, जिनका पिछले साल दिसंबर में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। सरकार ने अभी नया प्रमुख रक्षा अध्यक्ष नियुक्त नहीं किया है। लेफ्टिनेंट जनरल पांडे अपने करियर के दौरान अंडमान निकोबार कमान के प्रमुख के तौर पर भी काम कर चुके हैं।

झारखंड नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 10 करोड़ की अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

निज संवाददाता | चतरा (झारखंड)।



झारखंड की चतरा पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। महुदा गांव के पंकज दांगी के घर से दस करोड़ की अफीम बरामद की गयी है। इसके साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने ब्राउन शुगर की मिनी फैक्ट्री का खुलासा किया है। यह जानकारी चतरा के एसपी विकास कुमार पांडेय ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कांफ्रेंस कर दी। गिरफ्तार तस्कर चतरा जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव निवासी पंकज दांगी व राजपुर थाना क्षेत्र के मंझौली बाराबागी गांव का धीरेंद्र दांगी शामिल है। तस्करों के पास से 204।4 किलो अफीम के अलावा ब्राउन शुगर बनानेवाली एक लोहे की मशीन, एक मोबाइल, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, कपड़ा, एक इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, 100 पीस सफेद रंग की प्लास्टिक, एक जैक, 25।400 किलो मिट्टी जैसा पदार्थ जब्त किया गया। चतरा एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि महुदा गांव में पंकज दांगी के घर में अफीम को फाड़ कर ब्राउन शुगर पाउडर तैयार किया जा रहा है। सूचना के आलोक में डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर में छापेमारी की। इस दौरान अफीम व अफीम से ब्राउन शुगर बनाने के विभिन्न उपकरणों को जब्त किया गया। इस संबंध में इटखोरी थाना कांड संख्या 44/24 के तहत एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनों तस्करों को जेल भेज दिया गया।

## 10 आईएएस अफसर विभिन्न राज्यों में बने चुनाव प्रेक्षक

**पटना(नि.सं.)।** बिहार कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 10 अधिकारियों को चुनाव आयोग ने विभिन्न राज्यों में सामान्य प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। इन अधिकारियों में समाज कल्याण विभाग के सचिव प्रेम सिंह मीणा, बिहार मानवाधिकार आयोग के सचिव राजेश कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह, वित्त विभाग के सचिव (व्यय) दीपक आनंद शामिल हैं। योजना एवं विकास विभाग के विशेष सचिव हिमांशु कुमार राय, खान निदेशक नैय्यर इकबाल, संग्रहालय निदेशक राहुल कुमार, मध्याह्न भोजन निदेशक मिथिलेश मिश्र, पशुपालन निदेशक नवदीप शुक्ला और श्रमायुक्त रंजीता को भी प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# आज से चैत्र नवरात्र की होगी शुरुआत, 18 को विजयादशमी

निज संवाददाता | पटना



चैत्र नवरात्र की शुरुआत आज से होगी। 9 अप्रैल को मंदिरों और घरों में कलश स्थापना के साथ ही पूजा की शुरुआत होगी। कलश स्थापना के बाद देवी मां की चौकी स्थापित की जाएगी। 9 दिनों तक इन देवियों का पूजन-अर्चन किया जाएगा। इस साल नवरात्र रेवती नक्षत्र और सर्वार्थ अमृत सिद्धि के सुयोग में आरंभ हो रही है। 18 अप्रैल को विजयादशमी होगी। पंडित मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे साल में चार बार नवरात्र आती है। जिसमें से दो गुप्त नवरात्र और दो प्रत्यक्ष नवरात्र होती है। चैत्र नवरात्र का पहला दिन मंगलवार होने से देवी दुर्गा का आगमन अश्व यानी घोड़ा पर होगा। घोड़े पर भगवती के आगमन से समाज में अस्थिरता, तनाव, राजनीति उथल-पुथल, चक्रवात, भूकंप की स्थिति उत्पन्न होती है। वहीं, विजयादशमी को गुरुवार होने से माता की विदाई नर वाहन पर होगी।

## 12 अप्रैल से चैती छठ की होगी शुरूआत



**पटना(नि.सं.)।** सनातन परंपरा में चैती छठ के व्रत का खास महत्व है। ये व्रत पूरे चार दिनों तक चलता है। छठ का व्रत खासतौर पर बिहार और यूपी के लोगों द्वारा किया जाता है। एक साल में दो बार छठ का त्योहार मनाया जाता है। एक कार्तिक मास का छठ होता है, तो दूसरा चैती मास का छठ व्रत होता है। कार्तिक महीने का छठ व्रत दिवाली के 6 दिन बाद मनाया जाता है। वहीं चैती छठ की शुरुआत चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि से हो जाती है। इस व्रत को भी बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं इस बार कब रखा जाएगा छठ व्रत। यहां जानें नहाय खाय से लेकर पारण तक की सही डेट। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल चैती छठ की शुरुआत 12 अप्रैल से होगी और इसका समापन 15 अप्रैल को होगा। इस व्रत की शुरुआत नहाय खाय से होती है और इसका समापन सुबह का अर्घ्य देने के बार पारण के साथ होता है। ऐसे में आइए जानें नहाय खाय और पारण की डेट।



## संक्षिप्त समाचार

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राएं हुए पुरस्कृत



**नारदीगंज**। प्रखंड के इंटर विद्यालय नारदीगंज में सोमवार को दीक्षांत समारोह व पुरुस्कार सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। अध्यक्षता विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक व संचालन शिक्षक नीरज कुमार,मो0 शकिरकुल रहमान ने की। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्राचार्य सुनील कुमार शर्मा,बीआरपी राजकुमार, लेखापाल संजीव रंजन,सेवानिवृत्त शिक्षक कैलाश प्रसाद यादव व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में नौवीं से 12वीं कक्षा की परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले छात्र व छात्राओं को पुरुस्कार दिया गया। इस मौके पर सभी छात्र व छात्राओं को प्रगति पत्र व अन्य सामग्री देकर उन्हें पुरुस्कृत कर मनोबल बढ़ाने का कार्य हुआ। कार्यक्रम में कक्षा नौवीं से 12 वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र व छात्राएं में मुस्कान, ईशा, उजमा प्रवीण, सोहानी, सोनी, नमेंद्र शर्मा, सचिन, साहिल ,अभिषेक, खुशी, सलोनी, निखिल, तमशील, फैसल अंसारी समेत अन्य छात्र व छात्राएं को प्रगति पत्र, डिक्सनरी, बैग, डायरी, मेडल समेत अन्य सामग्री पुरुस्कार देकर हौसला बढ़ाया। वही इस अवसर पर आगत अतिथियों को भी पुष्पमाला व शाल देकर सम्मानित किया गया। कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है।इसलिए पढ़ना बहुत जरूरी है।आयोजित कार्यक्रम में जहां छात्र व छात्राएं प्रसन्न हुए, वही अभिभावक भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर तरीके से शिक्षकों के माध्यम से भविष्य निर्माण हो रहा है। मौके पर शिक्षक डा0 सुधा कुमारी,रूपेश कुमार,बिनोद रविदास,प्रशांत कुमार, मो0 परवेज जमाल,लेखापाल शशि कुमार सुधाकर समेत अन्य मौजूद रहे।

### निजी विद्यालय के तर्ज पर सरकारी विद्यालयों में दीक्षांत समारोह का आयोजन



**रजौली**। निजी विद्यालयों के तर्ज पर सरकारी विद्यालयों में भी वार्षिक परीक्षा उपरांत समारोह का आयोजन कर अव्वल आये छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।डीईओ के द्वारा जारी पत्र के आलोक में जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से विद्यालय में सुधार हेतु सुझाव भी लिए गए।इस दौरान कन्या मध्य विद्यालय रजौली में प्रधानाध्यापक सत्येंद्र पाण्डेय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलवरिया में प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चितरकोली में अरुण कुमार पुष्कर एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय बलिया में प्रधानाध्यापक दिनेश प्रसाद समेत अन्य दर्जनों सरकारी विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों के नेतृत्व में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार ने कहा कि विगत माह मार्च में हुये वार्षिक परीक्षा उपरांत मूल्यांकन और परीक्षा के परिणाम से छात्र छात्राओं और अभिभावकों को अवगत कराया गया।विद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान बच्चों के अभिभावक एवं पोषक क्षेत्र के शिक्षा प्रेमी को आमंत्रित किया गया था।वहीं विद्यालय परिसर को पंडाल, कुर्सी,मंच, वैनर, फूल और बैलून आदि से सुसज्जित किया था। साथ ही इस दौरान बच्चों एवं शिक्षकगण द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिकरण भी की गई।वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में दिये जाने वाले सभी प्रकार की लाभकारी योजनाओं का प्रस्तुतिकरण यथा पोषण योजना के अंतर्गत साप्ताहिक मेनू के अनुसार गरमा-गरम भोजन, नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति,पोशाक,स्कूल बैग (किट के साथ) से अवगत कराया गया।वहीं मौके पर मौजूद अभिभावक एवं शिक्षा प्रमियों के द्वारा सुझाव आमंत्रित कर उस सुझाव पर समारोह में परिचर्चा भी किया गया।वहीं परीक्षा में वर्गवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया एवं शेष बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग के द्वारा सरकारी विद्यालयों में आयोजित दीक्षांत समारोह को लेकर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगण समेत अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया।इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक सत्येन्द्र कुमार,अजीत कुमार,कुणाल कुमार के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### पत्नी के हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रजौली**। थाना क्षेत्र के उपरटंडा से थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने पत्नी के हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष ने कहा कि बीते वर्ष 2023 के 19 जुलाई को उपरटंडा मोहल्ले में नेहा कुमारी की संदेहास्पद मौत हो गई थी।जिसको लेकर मृतिका के पिता महेन्द्र मिस्त्री ने थाने को लिखित आवेदन देकर बताया कि उसकी बेटी नेहा कुमारी की शादी उपरटंडा निवासी स्व गोविंद मिस्त्री के पुत्र जितेंद्र शर्मा के साथ बीते 8 वर्ष पूर्व हुई थी।साथ ही कहा कि नेहा के पति समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने जहर देकर मार दिया है।आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई थी।इसी बीच गुप्त सूचना के अलोक में नवादा के सद्भावना चौक से आरोपित पति को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार हत्यारोपी को स्वास्थ्य जांचोपरांत सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### अंचल अमीन पर जालसाजी कर फर्जी मापी करने का आरोप

**नवादा**। जिले के उग्रवाद प्रभावित रजौली अंचल कार्यालय में पदस्थापित अंचल अमीन राजकुमार एवं मिराज अंसारी पर जालसाजी कर फर्जी तरीके से जमीन की मापी करने का आरोप लगा है। रजौली हरदिया सेक्टर ए निवासी स्व शिवबालक सिंह के बेटे अजीत सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने एसडीओ को आवेदन देकर अंचल अमीन के विरुद्ध कार्रवाई के साथ रजौली अंचल में फर्जी तरीके से जमीन की मापी कर बेवजह विवाद उत्पन्न करने पर रोक लगाने की मांग की है। एसडीओ आदित्य कुमार पियूष को दिए आवेदन में अजीत सिंह उर्फ मुन्ना सिंह का आरोप है कि रजौली अंचल कार्यालय में पदस्थापित अंचल अमीन राजकुमार एवं मिराज अंसारी लोगों के साथ जालसाजी कर फर्जी तरीके से जमीन की मापी कर गलत रिपोर्ट देकर लोगों से रुपए ऐंठने का धंधा करते हैं। आरोप है कि वर्षों से उनके दखल कब्जा में रही जमीन जिस पर इस समय अर्द्धनिर्मित दुकान है उक्त जमीन का फोरलेन सड़क बनाने के दौरान भू अर्जन कार्यालय के द्वारा जमीन की मुआवजा राशि भी दी गई है। उक्त जमीन पर अंचल कार्यालय के अमीन राजकुमार एवं मिराज अंसारी द्वारा जानबूझकर फर्जी तरीके से दूसरे व्यक्ति मशरूर आलम के नाम से फर्जी हस्ताक्षर कर बगैर उनकी जानकारी के उनके हिस्से की जमीन को कागज पर ही मापी कर अंचल कार्यालय को दिए गए रिपोर्ट में उनकी जमीन को गायब कर दिया। जबकि मशरूर आलम के द्वारा जमीन की मापी के लिए अंचल कार्यालय को कोई आवेदन नहीं दिया गया है। उन्होंने अंचल अमीन राजकुमार व मिराज अंसारी से इस बारे में पूछा तो राजकुमार एवं मिराज अंसारी ने कहा कि आपका केवाला जाली है इसलिए जहां जाना है, वहां जाओ। अंचल अमीन के इस रवैये से काफी तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई है। बता दें कि रजौली अंचल कार्यालय के अमीन राजकुमार पर रजौली अंचल क्षेत्र में काफी दिनों से जमीन की फर्जी मापी कर लोगों से रुपए ऐंठने का आरोप लगा है।

# पत्रकार पर नवादा पुलिस के द्वारा सीसीए की कार्रवाई किये जाने पर पत्रकार संगठन ने जताया एतराज

**पुलिस महानिदेशक से मामले की जाँच करने की किया मांग**

निज संवाददाता। **नवादा**

जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला प्रखंड के एक दैनिक अख़बार में काम करने वाले पत्रकार पर सिरदला पुलिस के अनुशंसा पर न्यायालय द्वारा सीसीए की कारवाई किये जाने पर पत्रकार संगठन ने कड़ा एतराज जताया है. इंडियन जर्नलिस्ट एशोसीएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने कहा की लोकतंत्र की रक्षा में अहम भागीदारी निभाने वाले कलमकार को रोकने का प्रयास किया जा रहा है जो भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश के लिये खतरा है. जिस प्रकार आये दिन पुलिस प्रशासन के द्वारा पत्रकार को झूठे मुकदमे में फ़साया जा रहा है उस स्थिति में पत्रकार किस तरह से लोकतंत्र की रक्षा में अपनी भागीदारी निभा पाएंगे. उन्होंने बिहार के पुलिस महानिदेशक से मामले की जाँच करने एवं पत्रकार को न्याय दिलाने की मांग की है.पत्रकारों के प्रति पुलिस प्रशासन का रवैया फ्रेंडली के बजाय दमनकारी रहा है। अपराधियों से निपटने के बजाय बेबस और लाचार कलमकारों को निपटाने के लिए पुलिस प्रशासन कसरत करते दिखी है।अपराधियों व भ्रस्टाचारियों के निशाने पर हमेशा रहने वाले निरीह बेबस और लाचार पत्रकार की लेखनी को कुंद करने के लिए सिस्टम द्वारा तमाम तिकड़म अपनाया जा रहा है। पत्रकारों को डराकर,धमका कर या फिर कानून का धौंस जमाकर चुप कराने की कवायद शामिल है। कुछ ऐसा ही मामला हाल के दिनों में जिले में देखने को मिली है। दर्जन भर पत्रकारों को निशाना बनाते हुए कानून केऐ रखवालों ने पुलिसिया कारवाई की है जिसमे बुजुर्ग पत्रकार भी शामिल है। जिस जिस ने सिस्टम के खिलाफ जाकर दो कदम चलने की कोशिश किया उन सभी की लेखनी सहित पैरों में कानूनी रूपी जंजीर जकड़ने का हर संभव कोशिश की गई।ऐसा कोई कलम को नहीं बख्सा गया जिसने खिलाफ चलने की कोशिश की। ऐसा ही एक मामला जिले के उग्रवाद प्रभावित सिरदला में देखने को मिला। पत्रकारों की लेखनी बंद करने के लिए तमाम वो कोशिश की गई जो पुलिस कर सकती थी।सूचना साझा नहीं करने के लिए अजीबोगरीब फरमान जारी किया गया जिसमें थाना गेट पर चौकीदार तैनात कर आधार कार्ड का डिमांड के साथ पत्रकारों को थाना प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया।इससे भी जब मतलब नही सधा तो सरकारी कार्य मे बाधा पहुचाने का अमोघ अस्त्र चला कर फर्जी मुकदमा किया गया।बावजूद कलमकारों ने अपनी हिम्मत नहीं खोया और निर्भीकता से अपने दायित्व का निर्वाह बखूबी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी करते रहा।जिसके बाद चुनावी माहौल आते ही भीड़ का हिस्सा में पत्रकार को शामिल कर असामाजिक तत्वोऊ की श्रेणी में ला कर खड़ा कर दिया। पत्रकार के ऊपर दंड प्रक्रिया की संहिता 107 व 113 कि कार्रवाई की गई। साथ ही बॉन्ड डाउन करवाया गया।बावजूद कलमकारों ने हर परिस्थिति से जूझते हुए अपने कर्तव्य के पथ पर डिगा रहा। पुलिस ने परकाष्ठा की सीमा लांघते हुए एक बेबाक और निर्भीक पत्रकार पर चुनावी कानून का गलत सहारा लेते हुए सीसीए जैसी कायरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए क्षेत्र से तड़ीपार करने की कवायद की जा रही है। इसी सिलसिले में शनिवार को सिरदला पुलिस द्वारा न्यायगलय जिला दंडाधिकारी नवादा के ज्ञापक 810 दिनांक 01 अप्रैल 2024 के आदेश पत्रक की प्रति एक कलमकार को थमाया गया।आदेश पत्रक के अनुसार पुलिस अधीक्षक नवादा के पत्रांक 310/डीसीबी दिनांक 15 मार्च का हवाला देते हुए सिरदला के कलमकार नरेश भारती को अपराधियों की श्रेणी में रखते हुए सीसीए का प्रस्ताव लाया गया है।जिसमें उल्लेख किया गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में होने वाले होने वाले मतदान में व्यवधान उत्पन्न करने की आशंका जताई गई है।

अपराधकर्मी :-पत्रकार नरेश भारती पर लगाये गए सीसीए में अपराध नियंत्रण अधिनियम का हवाला देते हुए दो कांडों का जिक्र किया गया है।जिसमे सिरदला थाना कांड संख्या 163/18 व 293/23 तथा तीसरा उल्लेख कांड के जगह सनहा का किया गया है।जबकि अपराध नियंत्रण अधिनियम 1981 में साफ बताया गया है कि सीसीए ऐसे अपराधी पर लाया जाए जिसके विरुद्ध कम से कम तीन कांड दर्ज हो।जबकि पत्रकार के विरुद्ध कांड संख्या 163/18 में वरीय पदाधिकारी ने संलिप्तता नहीं पाए जाने पर पर्यवेक्षण रिपोर्ट में नाम हटा दिया गया था। वहीं दूसरा उल्लेखित कांड 293/23 का जिक्र किया गया है जो मामला स्वयं सिरदला पुलिस ने पत्रकार को आरोपित किया था।तथा तीसरे पारा में कांड के जगह पर सनहा का उल्लेख किया गया है जो पूर्व सुनियोजित सीसीए के लिए पृष्ठभूमि थानाध्यक्ष द्वारा तैयार की जा रही थी से संबंधित है। 10 पंचायतों वाली सिरदला थाना क्षेत्र में एक दो नहीं बल्कि दर्जनों ऐसे लोग है जिनके विरुद्ध थाना अभिलेख भरा पड़ा है। बावजूद एक पत्रकार के खिलाफ सीसीए प्रस्ताव लाया गया है।जो सिरदला पुलिस ही नहीं बल्कि नवादा पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।जगजाहिर है की सिरदला थाना क्षेत्र पूर्ण उग्रवाद प्रभावित है। ऐसे में लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में गिने जाने वाले समाज की दर्पण का पहचान वाले एक कलमकार के प्रति पुलिस का ऐसी दमनकारी कार्य समझ से परे है। पुलिस के खिलाफ लेखनी महंगा पड़ा पत्रकार को :- सीसीए प्रस्ताव लाये गए पत्रकार ने बड़ी गलती उस समय कर दिया जब थाना में व्यापत भ्रस्टाचार के खिलाफ उसकी लेखनी आग बरसाने लगी।जिसके जद में आकर सिरदला थानाध्यक्ष और एक जमादार आ गए।16 अगस्त 2023 को वायरल वीडियो में लकड़ी कारोबारी का बयान जिसमे व्यवसायी चीख चीख कर सिरदला पुलिस की पोल खोलती दिखी।हाईटेक घुस का मामला सोसल मीडिया में प्रसारित होते ही तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय थानाध्यक्ष द्वारा दुर्भावना पूर्ण कारवाई करते हुए निरीह और बेबस पत्रकार पर निशाना साधा। लकड़ी कारोबारी से फोन पे का हाईटेक घुस का मामला अभी ठंढा भी नहीं हुआ था कि इसी बीच उपरडीह से शराब कारोबारी को शराब और बाइक सहित गिरफ्तार करने के बाद मात्र सनहा दर्ज कर कारोबारी को थाना से ही मुक्त कर दिए जाने का मामला तूल पकड़ लिया।

इस बार पुलिस पर कारवाई का डंडा चला और तत्कालीन थानाध्यक्ष सरोज कुमार तथा जमादार चुनचुन दास लाइन हाजिर कर दिए गए। पुलिसकर्मी पर कारवाई सिरदला पुलिस को बेहद नागवार गुजरी और नए थानेदार के रूप में प्रतिनियुक्त सिरदला थानाध्यक्ष संजीत राम को पत्रकारों से दूरी बनाये रखने तथा पुलिस के खिलाफ चलने वाली लेखनी वाले कलमकार को साधने का हरसंभव प्रयासरत रहने को निर्देशित किया गया। आश्चर्य तो यह कि उक्त मामले में 06 अप्रैल तक पक्ष रखना था, लेकिन नोटिस 06 की संध्या साढ़े सात बजे थमायी गयी जो पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

## डीएम ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक

**नवादा**। समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी श्री प्रशांत कुमार एस.एच. ने गठित सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी के साथ लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के तैयारियों को लेकर समीक्षा किये। जिला पदाधिकारी ने बारी बारी से गठित सभी कोषांगों की कार्य समीक्षा की तथा निदेशित किया की सभी कोषांग अपना टाइम लाइन निर्धारित कर उसी के रूप से काम करें। जिला पदाधिकारी ने सभी नोडल पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया की सभी अपने कार्य को ससमय एवं तत्परता से पूर्ण करें। कार्य मे कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर हाल में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में निर्वाचन को सम्पन्न कराना है। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने ईवीएम वीवी पैट के स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किये। उन्होंने कहा कि सभी एआरओ ईवीएम कमिशनिंग के कार्यो को लेकर समन्वय स्थापित कर लेंगे एवं कार्यो का निष्पादन करेंगे। उन्होंने वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रवार विश्लेषण कर लेंगे एवं एक-एक बूथवार प्रत्येक विधान सभा का पूरी समीक्षा कर कर रिपोर्ट अवश्य तैयार कर लें। प्रशिक्षण कोषांग की समीक्षा में पाया गया कि निर्धारित तिथिवार प्रशिक्षण दिया जा रहा है और सभी ऐप का ट्रेनिंग भी दिया जा रहा है। सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी को उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रपत्र का बुकलेट तैयार कर लें एवं ईसीआई के गाईडलाईन के अनुसार मिलान कर कार्यो का निष्पादन करेंगे। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न माध्यमों के द्वारा प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। जिला आईकॉन के द्वारा भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि 11 अप्रैल 2024 को बिहार राज्य का आईकॉन मैथिली ठाकुर का आगमन नवादा में होगा, जिसको लेकर सभी तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी ने संबंधित नोडल पदाधिकारी से सीसीए, शस्त्र सत्यापन, डिस्पैच सेंटर, नियंत्रण कक्ष, बज्रगृह, आवासन, खाना, पानी, डिस्पैच सेंटर प्रशिक्षण आदि के बारे में बारी-बारी से समीक्षा किये एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# अकबरपुर के बक्संडा में राजवंशी समुदाय ने दिया राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को समर्थन





**भाजपा का विरोध कर राजद को दिया समर्थन**

निज संवाददाता। **नवादा**

जैसे -जैसे लोक सभा चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे वैसे चुनाव प्रचार में प्रत्याशियों ने अपनी ताकत को झोंकना शुरू कर दिया है. नवादा लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी राजद के श्रवण कुशवाहा को जिले के राजवंशी समुदाय का भरपूर समर्थन मिलना सुनिश्चित हों गया है भाजपा से राजवंशी समुदाय का मोह भंग हों गया है समाज के लोगों में भाजपा के प्रति काफी आक्रोश देखा गया है राजवंशी समाज के लोगों ने इस बार बीजेपी को अपना वोट नहीं देने का फरमान जारी किया है। राजवंशी समाज के लोगों ने राष्ट्रीय जनता दल पार्टी को अपना समर्थन दिया है। राजवंशी समाज के लोगों का कहना है कि हम राजवंशी समाज के लोग मोदी जी के जुमलेबाजी में फस गए है। अब राजवंशी समाज के लोग मोदी के जुमलेबाजी में नही फसेंगे। अबकी बार अपनी सरकार का स्लोगन देकर आरजेडी को समर्थन दिया है। राजवंशी समाज के अध्यक्ष अशोक राजवंशी ने बताया की जुमला मतलब होता है 'चीट' करना ठगना। भाजपा ने चीट ही नहीं किया पाकेटमारी की है। आम लोगों की जेब से बड़ी चालाकी से पैसे निकाले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री सिर्फ जुमलेबाजी कर रहे हैं, जितनी भी घोषणाएं की जा रही हैं किसी भी चीज का अता-पता नहीं है कहीं कोई व्यवस्थित योजना नहीं दिख रही है। जिसके चलते भाजपा पार्टी का विरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को रोकना और सामाजिक न्याय की धारा मजबूत करना सभी पिछड़ी, अति पिछड़ी, दलित-महादलित व अगड़ी जाति के लोगों को गोलबंद करेंगे और भाजपा को यहां किसी कीमत पर नहीं आने देंगे। अकबरपुर प्रखंड के बकसंडा गांव में आयोजित चुनावी सभा में लोकसभा सीट से आरजेडी उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा को समर्थन देने के संकल्प के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अशोक कुमार ,अशोक राजवंशी ,संदीप कुमार ,सनौअर भाई ,साजिद शाह ,सुरेश रविदास ,संजय राजवंशी मुखिया ,बहादुर कुमार ,मनोज राजवंशी ,श्रवण राजवंशी ,विजय राजवंशी ,सुरेश राजवंशी ,गौरी राजवंशी ,विनोद राजवंशी ,योगेन्द्र राजवंशी ,रंजीत राजवंशी ,मोदस्सिर शाह ,मुकेश राजवंशी ,छोटन शाह समेत कई पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता और नेता शामिल रहे।

# ईद,रामनवमी एवं छठ को लेकर थाना परिसर में शांति की बैठक सम्पन्न

**सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वाले लोगों के विरुद्ध प्रशासन कठोरता से निपटेगी,एसडीपीओ**

निज संवाददाता। **रजौली**



थाना परिसर में सोमवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार के नेतृत्व में ईद,रामनवमी,लोक आस्था के महापर्व छठ,चैत्र नवरात्रा एवं काली पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया।इस दौरान थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं सीओ मो गुफरान मजहरी मौजूद रहे। एसडीओ ने बैठक में शामिल लोगों से सामाजिक सद्भाव एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने की अपील की है। वहीं जुलूस व शोभायात्रा के लिए लाइसेंस जरूरी है एवं डीजे बजाने एवं हथियार प्रदर्शन पर रोक लगाई गई है।सोशल मीडिया पर पुलिस पैनी नजर बनाए हुए रखेगी।वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन को आश्वस्त कराया कि पूर्व की भांति इस बार भी वे लोग आपसी भाईचारे के साथ सभी पर्व त्यौहार को मनाएंगे। इस दौरान एसडीओ ने कहा कि 19 अप्रैल को लोकतंत्र के महापर्व चुनाव भी होना है।इसी बीच सभी लोगों को आपसी एकता का परिचय देते हुए सभी त्यौहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई है।वहीं लाइसेंस में निर्धारित रूट लाइन का पालन आयोजकों द्वारा किया जाना है। साथ ही जुलूस में लाउडस्पीकर के लिए भी लाइसेंस होना जरूरी है। लाउडस्पीकर द्वारा धार्मिक उन्माद या जाति सूचक गाना नहीं बजाना है। लोगों से अपील किया कि त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन की मदद करें। वहीं एसडीपीओ ने बताया कि जुलूस एवं शोभायात्रा के दौरान आयोजनकर्ताओं द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग करने को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को लेकर जुलूस एवं शोभायात्रा के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती रहेगी। किसी भी तरह की सन्देहात्मक चीजों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर ने कहा कि पुलिस आपकी सेवा में हमेशा तत्पर है। लोगों से अपील है कि शोभायात्रा में शराब आदि के नशे में शामिल नहीं होने की बात कही। साथ ही बताया कि शराब सम्बंधित सूचना हेतु टॉल फ्री नम्बर 15545 पर कॉल करने की बात कही गई। इस मौके पर बजरंग दल के प्रखण्ड संयोजक पिन्टू वर्मा, सहसंयोजक संदीप वर्मा के अलावे दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## ईद त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर उप विकास आयुक्त ने दिया आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता। **नवादा**



ईद त्योहार को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाने के लिए आज उप विकास आयुक्त नवादा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष आदि को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मनाने के लिए हर संभव कदम उठायें। इसके लिए सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं काफी संख्या में सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत रहेगा। सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर 05:00 बजे सुबह से उपस्थित होकर विधि-व्यवस्था का संधारण करना सुनिष्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी सी घटना के लिए जानकारी वरीय अधिकारी को ससमय देना सुनिश्चित करेंगे। सभी अधिकारी सक्रिय और सतर्क होकर विधि-व्यवस्था का संधारण करना सुनिश्चित करेंगे। ईद के पूर्व जिन स्थलों पर देर रात तक मार्केटिंग किया जाता है, वहां पर भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति स्थानीय अधिकारी अवश्य करेंगे। अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई की जायेगी। ईद के दिन शाम को मेला का भी आयोजन होता है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर मेला का आयोजन होता है, वहां पर पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। सिविल सर्जन नवादा को निर्देश दिया गया कि ईद त्योहार को लेकर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जीवन रक्षक दवाओं के साथ डॉक्टर की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को निर्देश दिया गया कि पानी की समुचित व्यवस्था की जाय ताकि पर्व मनाने वालों के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी संवेदनशील स्थलों से आसूचना संग्रह अवश्य करेंगे। अधिक भीड़ वाले स्थलों पर यातायात नियंत्रण करने के लिए ट्रोली लगाना सुनिश्चित करेंगे। मोटरसाईकिल सवारों पर पैनी नजर बनाये रखेंगे। असमाजिक तत्वों के क्रिया विधि पर लगातार नजर बनाये रखेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, श्री आदित्य कुमार पियूष एवं नवादा सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री अखिलेश कुमार को भी विधि-व्यवस्था संधारण करने के लिए लगातार सक्रिय और सजग रहने का निर्देश दिया गया। अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील होकर विधि-व्यवस्था संधारण करना सुनिश्चित करेंगे। आज की बैठक में सिविल सर्जन नवादा, अपर समाहर्त्ता नवादा, वरीय उपसमाहर्त्ता, एसडीपीओ मुख्यालय एवं नवादा सदर के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

निज संवाददाता। **नवादा**

**'नवादा मनाएगा चुनाव का पर्व, बनेगा देश का गर्व''**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार लोक सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, स्वतंत्र एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत सम्पूर्ण जिला में जन जागरूकता फैलायी जा रही है। आज संबंधित विभागों के माध्यम से स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डोर-टू-डोर जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा व्यक्तियों को चुनावी प्रक्रिया में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए कई आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रतिभागियों को मतदाता पंजीकरण के महत्व, मतदान प्रक्रियाओं और अपने मतदान अधिकारों का प्रयोग करने के महत्व के बारे में बताया गया। जीविका दीदी के माध्यम से डोर-टू-डोर जाकर राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और उनसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके युवाओं से मतदाता बनने और चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नामांकन कराने का आग्रह किया। मतदाताओं ने अपने साथियों और समुदायों के बीच जागरूकता फैलाने, इस प्रकार सूचित और जिम्मेदार नागरिकता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार जिला आइकॉन राहुल वर्मा द्वारा कम वीटीआर वाले क्षेत्र में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज इसी इसी कड़ी में समरीगढ़ रोह गोविंदपुर में ग्रामीण मतदाताओं के बीच यह अभियान चलाया गया जहाँ लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिला आइकॉन राहुल वर्मा द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधित फिल्म और गीत का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा दी गई सुविधाओं से अवगत कराया, नये मतदाता को चिन्हित कर उनका नाम ऑनलाईन फॉर्म नंबर 6 के मदद से जोड़ा गया और ग्रामीणों से अपील की गयी की प्रवासी लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित कर उन्हें 19 अप्रैल 2024 को लोकतंत्र के त्यौहार में भाग लेने के लिए निर्देश दें।

## संक्षिप्त समाचार

### राइफल, पिस्टल एवं कारतूस के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा की गोखुलपुर थाना एवं रहुई थाना की पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय अपराधकर्मियों के विरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में गोखुलपुर थाना पुलिस के द्वारा ग्राम शाहपुर में छापेमारी की गई। जहां से हरि यादव के पुत्र शंभू कुमार को लोडेड राइफल, पिस्टल एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार रहुई थाना की पुलिस के द्वारा रहुई थाना क्षेत्र के ओरी मोड़ पर छापेमारी कर ओरी गांव निवासी शंकर राम के पुत्र संजय कुमार को लोडेड देशी पिस्तौल और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में गोखुलपुर थाना अध्यक्ष शिवम कुमार सुमन, रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, दारोगा देवेंद्र पंडित,शशि रंजन कुमार मिश्रा एवं दोनों थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहीं। अपराधिकर्मियों के पास से .315 बोर का देशी राइफल, 2 देशी पिस्तौल,.315 बोर की पांच जिंदा कारतूस बरामद की गई। बरामद हथियार कारतूस के आधार पर गोखुलपुर थाना एवं रहुई थाना में अलग-अलग कांड आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

### सीबीआई अधिकारी बनकर की ठगी

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** प्रखंड के चांदपुर निवासी सुधीर कुमार पांडे ने कहा है कि मेरे मोबाइल नंबर पर 3.35 बजे एक नंबर से कॉल आया। जिसमें उसने अपना नाम विशाल कुमार सीबीआई ऑफिसर बताया। इसे लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में कहा कि आपकी बेटी जो कोलकता में है। वह फ्रॉड केस में गिरफ्तार हो चुकी है। साथ में तीन साथी और हैं। आपकी पुत्री के विरुद्ध कोई सबूत नहीं है। यदि इस केस से आप बचाने का प्रयास कर सकते हैं तो आप मुझे तुरंत 75 हजार रुपये दे दीजिए। उसने मेरी पुत्री की आवाज भी सुनाई। मैने दिये नंबर पर शाम चार बजे सात हजार रुपये भेज दिया।

### बड़ों का नहीं करे निरादर: सियाकांत शरण

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** प्रेम बहुत सुंदर शब्द है। प्रेम कई प्रकार के होते हैं। माता-पिता से, परिवार से, पति-पत्नी के बीच, गुरु शिष्य के बीच, दोस्ती का प्रेम, प्रेमी प्रेमिका का प्रेम और भागवत प्रेम सभी का अलग-अलग महत्व है। प्रेम निभाने की चीज है। यह बातें शिवनारायणपुर चैती दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक सियाकांत शरण शंकर महाराज ने कही है। उन्होंने सती चरित्र कथा का वर्णन करते हुए कहा कि बड़ों के आज्ञा का पालन करना चाहिए। उनका निरादर कभी नहीं करें। उन्होंने शि- पार्वती विवाह व ताड़कासुर बध पर प्रकाश डालते हुए समाज के लोगों को एक रास्ता दिखाया की कभी भी गलत कार्य नहीं करें। अरुण, दामोदर, चंदन, विजय ने माला पहनाकर कथावाचक का स्वागत किया।

### रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा और ईद शांति से मनायें

**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** रामनवमी, चैती दुर्गा पूजा और ईद पर्व को शांति से मनाने के लिए सन्हौला थाना परिसर मे थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की हुई। उपस्थिति गणमान्य लोगों से विभिन्न जगहों पर होने वाले कार्यक्रमों का जायजा लिया गया। बताया गया कि चैती दुर्गा में 14 अप्रैल को माता की प्रतिमा की स्थापना के साथ मेला लगेगा। मेला लगाने से पहले मेड़पति और आयोजक थाने में आवेदन के साथ 20 लोगों के आधार कार्ड व मोबाइल नंबर देने का निर्देश दिया गया।

## झाझा में ठहराव होने से जमुई के लोगों को भी फायदा, दोनों तरफ से एक ट्रिप चलेगी गाड़ी

# कोलकाता-पटना और हावड़ा-मुजफ्फरपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन



**जमुई, एजेंसी।** रेलवे ने कोलकाता- पटना और हावड़ा -मुजफ्फरपुर के बीच यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दोनों तरफ से एक-एक ट्रीप चलाई जाएगी। आसनसोल सूचना पदाधिकारी दीप्तिमय दत्त ने बताया कि यह ट्रेन कोलकाता और हावड़ा से आज से एक ट्रीप के लिए चलेगी। 03135 कोलकाता-पटना स्पेशल आगामी 8 अप्रैल को कोलकाता से रात्रि के 11:55 बजे रवाना होकर अगले दिन 10:15 बजे पटना पहुंचेगी। डाउन में यही ट्रेन संख्या 03136 पटना-कोलकाता स्पेशल आगामी 9 अप्रैल को 12:15 बजे पटना से रवाना होगी। उसी दिन रात्रि के 11:35 बजे कोलकाता पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन बर्धमान में रुकेगी। यह ट्रेन दोनों तरफ से दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा स्टेशन पर रुकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

**छपरा-जलना स्पेशल ट्रेन 28 जून तक चलेगी :** रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलाई जा रही ट्रेन संख्या 07651-07652 जलना-छपरा-जलना विशेष गाड़ी के संचालन अवधि में विस्तार किया है। इस ट्रेन से संचालन अवधि विस्तारित होने से छपरा और आसपास के यात्रियों को जलना के बीच यात्रा करने में सहूलियत मिलेगी। जानकारी जनसम्पर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने पत्र जारी करते हुए दी है।

**छपरा से जलना के बीच चलने वाली यह एकमात्र ट्रेन :** जलना से प्रत्येक बुधवार को चलाई जा रही 07651 जलना-छपरा विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 26 जून तक और छपरा से प्रत्येक शुक्रवार को चलाई जा रही 07652 छपरा-जलना विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 28 जून तक किया गया है। छपरा से जलना के बीच चलने वाली यह एकमात्र ट्रेन है। इस गाड़ी में एसएलआर के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाए जा रहे हैं।

### हावड़ा से रात 11:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11:00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी

पीआरओ ने बताया कि 03045 हावड़ा–मुजफ्फरपुर स्पेशल हावड़ा से रात्रि 11 :00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11 :00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। डाउन में यही ट्रेन संख्या 03046 मुजफ्फरपुर–हावड़ा स्पेशल 9 अप्रैल को दिन के 01 :00 बजे मुजफ्फरपुर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन 1 : 20 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में बंडेल, बर्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा में रुकेगी। उन्होंने बताया कि दोनों विशेष ट्रेनों में सामान्य द्वितीय श्रेणी, शयनयान श्रेणी और वातानुकूलित बोगी होंगे। 03135 कोलकाता–पटना स्पेशल और 03045 हावड़ा–मुजफ्फरपुर स्पेशल की बुकिंग पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध है।

### भागलपुर में बम से हड़कंप; सड़क किनारे प्लास्टिक में लिपटा मिला, सीसीटीवी से सुराग तलाश रही पुलिस

**भागलपुर , एजेंसी।** भागलपुर जिले के हुसैनाबाद इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया। जब सड़क किनारे पॉलीथीन में लिपटा बम मिला। जिसके बाद इलाके के लोगों में दहशत है। बबरगंज थाना क्षेत्र के हुसैनाबाद में रविवार की रात सड़क किनारे बम मिलने से सनसनी फैल गई। रात साढ़े नौ बजे पुलिस को बम मिलने की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर बबरगंज थानेदार रविशंकर सहित अन्य पदाधिकारी वहां पहुंचे। सड़क किनारे पन्नी में लपेटा हुआ बम मिला। पुलिस तुरंत इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दी गई। उसके बाद बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि असामाजिक तत्वों ने दहशत फैलाने के लिए वहां पर बम रखा है। आस-पास कई लोगों से पूछताछ की गई पर बम रखने वाले की पहचान नहीं हो सकी। वहीं पुलिस वहां पर लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। चुनाव का समय होने की वजह से पुलिस सतर्क है। हालांकि अभी तक इस बात की जानकारी नहीं लग लगी है। कि बम रखने वाले आरोपी कौन हैं।

## भाई के सामने बहन की तालाब में डूब कर मौत

**पानी छूने के दौरान फिसला पैर, गहरे पानी में जाने से मासूम बच्ची की हुई मौत**



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में रविवार को पानी भरे तालाब में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। मामला इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इचहोस तकिया पर गांव का है। मृतका की पहचान उपेंद्र सपेरा की (10) वर्षीया पुत्री प्रीती कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर पुलिस की मदद से बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतका के पिता उपेंद्र सपेरा ने बताया कि उनकी बेटी शौच के लिए गांव के तालाब के पास ही गई थी। पानी छूने के दौरान उसका पैर फिसल गया और तालाब में जा गिरी। तालाब गहरा और पानी भरा होने के कारण वह उसमें डूब गई। इसकी सूचना उनके बेटे निर्मल ने घर आकर बताया इसके बाद आसपास के लोग तालाब के पास पहुंचे और घंटों मसशक्त के बाद उनकी बेटी के शव को तालाब से बाहर निकाला जा सका। मृतका दो बहनों में छोटी जबकि भाई से बड़ी थी। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह गांव के तालाब के पास खेलने गई थी। वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। उपेंद्र सपेरा मजदूरी कर अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि तालाब में डूबने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

## होली के बाद अब ईद पर भी जारी रहेगी शिक्षकों की ट्रेनिंग, इमारत-ए-शरिया ने सीएम नीतीश को लिखा पत्र

**पटना , एजेंसी।** बिहार में शिक्षा विभाग ने अब होली के बाद ईद के मौके पर भी शिक्षकों की आवासीय ट्रेनिंग रख दिया है. छह दिवसीय प्रशिक्षण में 19000 के करीब शिक्षकों को शिक्षा के नवाचारों से प्रशिक्षित किया जा रहा है. प्रदेश के सभी 6 लाख शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है और ट्रेनिंग सेंटर की संख्या को देखते हुए एक बैच में लगभग 19000 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है. एससीईआरटी की ओर से चरणवार तरीके से शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण करा रहा है. शिक्षा विभाग ने यह ट्रेनिंग 8 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच निर्धारित की है और यह आवासीय प्रशिक्षण है. होली के मौके पर भी यह प्रशिक्षण जारी था. गुड फ्राइडे के मौके पर भी यह प्रशिक्षण जारी था. तमाम शिक्षक संगठनों ने और विभिन्न राजनेताओं ने होली के समय भी इसे आगे बढ़ाने के लिए पत्र लिखा था लेकिन विभाग ने बात नहीं सुनी थी. अब 10 अथवा 11 अप्रैल को ईद है. ऐसे में कई मुस्लिम शिक्षकों ने इमारत ए सरिया फुलवारी शरीफ को रविवार को फोन किया. कई शिक्षकों ने इमारत के पदाधिकारी से मुलाकात की और इमारत ने भी इसे गंभीरता से लिया है.





### इमारत–ए–शरिया ने सीएम को लिखा पत्र

इमारत ए शरिया के कार्यवाहक नाजिम मौलाना शिबली अल कासमी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शिक्षा मंत्री और मुख्य सचिव को पत्र लिखा है.पत्र में उन्होंने लिखा है कि ईद के मौके पर देश भर में छुट्टियां रहती हैं और ईद मुसलमान का सबसे बड़ा पर्व है. उन्होंने सरकार से पूछा है कि ऐसे में ईद के दिन मुस्लिम शिक्षक ट्रेनिंग कैसे कर सकते हैं. मुस्लिम शिक्षक परिवार के साथ ईद की खुशियां कैसे मना सकेंगे. उन्होंने सरकार को कहा है कि आवासीय ट्रेनिंग की तारीख को आगे बढ़ा दिया जाए ताकि सभी शिक्षकों को आसानी हो जाए और वह परिवार के साथ खुशियां मना सके.

## नवरात्र के समय मां आशापुरी मंदिर में तंत्र विधि से होती है पूजा, वर्षों से चली आ रही परंपरा

**नालंदा, एजेंसी।** चैत्र नवरात्र का पर्व महादेवी को समर्पित है। इस दौरान दुर्गा माता के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा की जाती है। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है। ऐसा माना जाता है कि जो साधक इस व्रत के सभी नियमों का पालन करते हैं उन्हें मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है साथ ही जीवन में खुशहाली बनी रहती है। वहीं नालंदा में एक देवी मंदिर ऐसा है जहां इन नौ दिनों तक महिलाओं का प्रवेश वर्जित कर दिया जाता है। जिला मुख्यालय बिहार शरीफ से 15 किलोमीटर दूर गिरियक प्रखंड के घोषरामा गांव में मां आशापुरी मंदिर हैं। इस मंदिर में महिलाओं का अंदर प्रवेश करने पर नवरात्रि के समय पाबंदी लगा दी जाती है यह नियम चैत्र नवरात्र और आसान माह नवरात्र के समय लागू रहता है।



### क्या कहते हैं पुजारी

मंदिर के पुजारी चिरंजीव कुमार उपाध्याय बताते हैं कि 9 दिवसीय यहां अखंड व्रत चलता है और यहां सभी जगह वसंत नवरात्रि मनाया जाता है। यहां अलग ढंग से नवरात्री मनाया जाता है। यहां तीनों गुण से पूजा होती थे। सतोगुण रजोगुण तमोगुण, यहां तीन तरह के सात्विक दही दैविक, भौतिक यह तीन सुखों के लिए किया जाता है।

वाममार्गी जो पूजा है वह इसलिए स्त्रियों को प्रवेश वर्जित रखा जाता है कि किसी समय वह अपवित्र हो जाती है। दूसरी तंत्र साधना में नारियों को निषेध माना गया है। इसलिए महिलाओं को नवरात्रि के मौके पर प्रवेश वर्जित रखा गया है। नवरात्रि की तैयारी अभी से की जा रही है सात्विक आहार ले रहे हैं, सात्विक भोजन कर रहे हैं, सात्विक विचार है, सात्विक सोच है और सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया,इसी शब्दों के साथ कल्याणमयी वातावरण 9 दिवसीय गूंजता रहता है।

### मां के नाम पर पड़ा गांव का नाम

मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण राजा घोष के द्वारा करवाया गया था। इसलिए इस गांव का नाम घोषरामा पड़ा। क्योंकि इस इलाके में आशापुरी मां स्वयं प्रकट हुई थी और जिस स्थान पर प्रकट हुई वहां पर मंदिर का निर्माण करवाया गया है। पौराणिक प्रथा के अनुसार इस मंदिर का नाम आशापुरी रखा गया है। क्योंकि यहां बौद्ध काल में 1800 बौद्ध भिक्षु आकर अपनी मनोकामना पूर्ण करते थे। आदिकाल से ही इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश नवरात्रि के समय वर्जित है यहां पर दूर दराज से तांत्रिक माता के दरबार में सिद्धि करने आते हैं।

### पालकालीन हैं मूर्तियां

मां आशापुरी मंदिर में माता का सिद्धिदात्री का स्वरूप है। माता का मंदिर पाल कालीन माना जाता है। इस मंदिर में आशापुरी देवी की दो मूर्तियों के साथ शिव पार्वती और भगवान बुद्ध की कई मूर्तियां हैं यहां की सभी मूर्तियां काली है। मंदिर की परंपरा ना टूटे और महिलाओं की पूजा भी ना रुके इस वजह से मंदिर के प्रांगण में अलग से मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवरात्रि में यहां आकर महिलाएं पूजा अर्चना करती है।

## दो ऑटो की टक्कर में दो युवक की मौत:मुजफ्फरपुर में ऑटो की भिड़ंत में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त

**इलाज के लिए ले जाते समय युवकों ने तोड़ा दम**



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर सामने आया है। ताजा मामला मीनापुर थाना क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय के पास का है। जहां एक ऑटो ई रिक्शा और डाला टेंपू में हुई सीधी भिडंत में ई रिक्शा सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच मेडिकल कालेज लाने के क्रम में एक युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि दूसरे युवक ने इलाज के दौरान मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। वही, इस सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों युवकों के परिजनों में हड़कंप मच गया है। भीषण सड़क हादसे में दो युवक की मौत के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया है। हादसा इतना जोरदार था कि दोनों ऑटो की भिडंत में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए है।

पूरी घटना जिला के मीनापुर थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड के पास की बताई जा रही है। देर शाम हुई इस सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। जहां इस हादसे में गंभीर रूप में घायल दोनों युवकों को स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए स्यस्ष्ट॥ में भेजा गया जहां दोनों ने युवकों ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। इस सड़क हादसे में मृत युवकों की पहचान मीनापुर थाना क्षेत्र के तालिमपुर के निवासी 25 वर्षीय अजय कुमार और 23 वर्षीय छोटेलाल कुमार के रूप में किया गया है। पुलिस मामले में आगे की करवाई में जुटी हुई है। जहां दोनों शव को कब्जे में लेकर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के मोर्चरी में भेज दिया गया है।

## केंद्रीय विद्यालय ने घटाई एडमिशन की सीटें :अब 40 की जगह सिर्फ 32 सीटों पर ही होगा आवेदन




**राज्य बदलने पर प्राइवेट जॉब वालों के बच्चों को नही मिलेगा ट्रांसफर**

**पटना, एजेंसी।** बिहार के 49 केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस बार पैरेंट्स को अपने बच्चों के एडमिशन में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि केवी ने हर क्लास में 8-8 सीटें कम कर दी हैं। वहीं बच्चों की ट्रांसफर पॉलिसी में भी बदलाव किया है। स्कूल की ओर से जारी एडमिशन नोटिफिकेशन के अनुसार अब हर क्लास में सिर्फ 32 सीटों के लिए ही नामांकन होगा। इससे पहले तक प्राइमरी से हायर सेकंडरी तक हर क्लास में 40 सीटें होती थीं।

### नई शिक्षा नीति के तहत किया गया बदलाव

केंद्रीय विद्यालयों में हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं, सीटें घटने से अब मुश्किल होगी। वहीं, बच्चों के ट्रांसफर पॉलिसी में बदलाव के तहत सबसे ज्यादा असर प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे पैरेंट्स पर पड़ेगा। प्राइवेट सेक्टर की नौकरी कर रहे पेरेंट्स का राज्य के बाहर ट्रांसफर होने पर बच्चों को दूसरे राज्य के स्कूल में ट्रांसफर नहीं मिलेगा।

पटना स्थित केंद्रीय विद्यालय रीजनल ऑफिस की सहायक आयुक्त सोमा घोष ने बताया कि यह निर्णय नई शिक्षा नीति के तहत लिया गया है। KV में अधिक संख्या में छात्र होने से उन पर पूरी तरह ध्यान दे पाना संभव नहीं होता है और उनकी क्षमता घट जाती है। इसलिए सीटों में कटौती संब-ंधी यह निर्णय लिया गया है।

### ट्रांसफर पॉलिसी का लाभ सिर्फ सरकारी नौकरी वालों को

केंद्रीय विद्यालय में सरकारी नौकरी करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही प्राइवेट सेक्टर में काम कर रहे लोगों के बच्चों को एडमिशन दिया जाता है। अगर पेरेंट्स का कहीं और ट्रांसफर होता है तो बच्चों को भी इंटर-स्टेट ट्रांसफर की सुविधा मिलती थी। अब इसमें बदलाव किया गया है। पहले सीटें खाली होने पर सभी पेरेंट्स के बच्चों को ट्रांसफर की सुविधा थी। अब सिर्फ सरकारी नौकरी में पदस्थ पेरेंट्स के बच्चों को ही ये सुविधा मिलेगी। प्राइवेट नौकरी में काम कर रहे लोगों के बच?चों को स?टेट ट्रांसफर की सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा।

### ससुरङ्कबहू की बेहरमी से पिटाई :पड़ोसी युवक बहू पर कर रहा था टोनबाजी

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव में रविवार को महिला पर टोनेबाजी करने का विरोध करने पर ससुर और बहू की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। इस घटना में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा आननङ्कफानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। ज़ख्मियों में संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव निवासी स्वर्गीय गजाधर रजक के 60 वर्षीय पुत्र विश्वकर्मा रजक और उनकी बहू अभिनाश रजक की 35 वर्षीय पत्नी अनिता देवी है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाप्रबंधक ने किया सोनपुर मंडल चिकित्सालय का निरीक्षण



**हाजीपुर**। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा आज सोनपुर मंडल चिकित्सालय का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं आदि का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने मरीजों से मुलाकात कर चिकित्सा सेवा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में जनचेतना अभियान का आयोजन



**हाजीपुर**। सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सेंट्रल सुपर स्पेषियलिटी हॉस्पिटल, पटना के ओपीडी परिसर में एक जनसचेतना अभियान का आयोजन चिकित्सा निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया । उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य रहना हम सभी की जरूरत है और सभी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की एक समान उपलब्धता होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य के महत्व एवं इससे जुड़ी समस्याओं के निदान के प्रयास के बारे में बताया गया।

### अनाज की खरीद- बिक्री के 3 लाख रुपए गोदरेज में रखे थे

**गम्हरिया**। गम्हरिया थाना क्षेत्र के चन्दनपट्टी में चोरों ने घर में घुसकर 5 लाख का जेवरात और 3 लाख नगदी पर हाथ साफ कर लिया। गृहस्वामी आदर्श कुमार उर्फ शशि साह ने बताया कि कई दिनों से उनकी पत्नी की तबियत खराब चल रही है, जिसका इलाज सहरसा के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। शनिवार रात को वे नीचे वाले सभी कमरे का ताला लगाकर ऊपर वाले रूम में सोने के लिए चले गए। रात 12 बजे तक घर के सभी सदस्य भी खाना खाकर अपने-अपने में सो गए। इस बीच अलसुबह करीब 3 बजे जब बगल के रुम में सोई मां ने बाहर निकली तो दरवाजा खुला था। इसके बाद मां के द्वारा हल्ला करने पर जब सभी लोग जगे तो देखा कि दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ है और गोदरेज में रखे सोने का नेकलस, झुमका, गले का चेन व अन्य जेवरात लगभग 8 भरी सोना गायब था। इसका अनुमानित कीमत 5 लाख रुपए होगा। इसके अलावा अनाज के खरीद बिक्री का 3 लाख रुपए भी गोदरेज में था। वह भी चोरी हो गई। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### अधिवक्ता के निधन पर हुई शोक सभा

**गया**। बार एसोसिएशन के सभा कक्ष में शनिवार को अधिवक्ता अभयानंद के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई । मौके पर बिहार बार काउंसिल के सदस्य मुरारी कुमार हिमांशु तथा प्रभारी सचिव नंदकिशोर प्रसाद श्रीवास्तव शोकसभा आयोजित कर दिवंगत अधिवक्ता के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की । बार काउंसिल के सदस्य मुरारी कुमार हिमांशु ने इस मौके पर कहा कि अधिवक्ता अभयानंद बहुत ही सरल व मृदुभाषी थे । अधिवक्ता अभयानंद वर्ष 2001 से वकालत के पेशे से जुड़े हुए थे. वह अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए । मौके पर गया बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बिंधेश्वरी प्रसाद पूर्व सचिव अनिल कुमार अधिवक्ता मुकेश कुमार, बैकुंठ सिंह, अभय कुमार सिंह, आशुतोष पांडे, अमरेंद्र नारायण सिन्हा, ओमप्रकाश अमबषठा, प्रदीप कुमार व अन्य उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### एनडीए को 4 नंबर से विशेष लगाव, ईवीएम में हम का लोकसभा चुनाव चिह्न चौथे स्थान पर

**गया**। गया लोकसभा चुनाव में एनडीए को 4 नंबर से विशेष लगाव हो गया है। वह 4 अंक से ही जीत हासिल करने की अपील हर एक जनता से करता चल रहा है। प्रत्याशी हो या फिर कार्यकर्ता सभी की जुबान पर 4 अंक ही छाया हुआ है। इससे न कम और न ही ज्यादा की बात वह कर रहा है। वही, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी 4 अंक का जिक्र करते हुए दिखे।दरअसल, ईवीएम में मांझी की पार्टी हम को भी चौथा स्थान मिला है। हालांकि 4 का अंक शुभ होगा या फिर अशुभ यह तो चार जून को ही पता चलेगा। क्योंकि जीत हार का फैसला 4 को ही होने वाला है। बहरहाल 4 अंक को लेकर चुनावी मैदान में ताल ठोके हुए है। 4 अंक को ही अब वह शुभ मान रहा है।

### बोधगया में वैश्य समाज के चिंतन बैठक का आयोजन, नेताओं ने कहा- वैश्य समाज का सिर्फ इस्तेमाल किया जा रहा है

**गया**। वैश्य समाज ने खुद की राजनीतिक उपेक्षा किए जाने के विरोध में बोधगया में चिंतन बैठक की। बैठक में जिले भर के वैश्य जाति और उनकी उपजातियों के नेता एकजुट हुए। नेताओं ने कहा कि जिसकी जितनी भागीदारी के तहत वैश्य समाज की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों द्वारा हकमारी की जा रही है। वैश्य समाज का सिर्फ इस्तेमाल किया जा रहा है। राजनीतिक भागीदारी दिए जाने के समय पर वे समाज से दूरी बना लेते हैं। लेकिन अब यह नहीं चलेगा। समाज खुद की ताकत को जान गया है। आने वाले समय में सम्मान जनक भागीदारी विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से नहीं दी गई तो समाज सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष संजय साव उर्फ संजू साव ने कहा कि बैठक का उद्देश्य समाज की राजनीतिक भागीदारी की हो रही हकमारी के खिलाफ अपनी आवाज बुलन्द करना है। उन्होंने कहा कि हर मोर्चे पर वैश्य समाज देश की तरक्की में बढ़ चढ़ लर भाग लेता है लेकिन जब रणनीतिक हिस्सेदारी की बात आती है प्रदेश में वैश्य समाज को दरकिनार कर दिया जाता है। वैश्य समाज को उसकी आबादी के अनुसार उसे राजनीतिक हिस्सेदारी मिलनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से इस बैठक का कोई लेना देना नहीं है। बैठक का चिंतन आगामी विधान सभा चुनाव है। यदि हमारे समाज के बेटे को राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिली तो वैश्य समाज सभी राजनीतिक पार्टियों को अच्छी सबक सिखाएगा।

### महावीर इंटर स्कूल में वार्षिकोत्सव

**गया**। शहर के स्वराजपुरी रोड स्थित महावीर इंटर स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, गीत-नृत्य और शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनूप केडिया, शिक्षा विभाग से डीपीओ स्थापना और डीपीओ माध्यमिक शिक्षा ने बच्चों व अभिभावकों को संबोधित किया। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ. परमेंद्र प्रणव प्रियदर्शी टॉप टेन में शामिल बच्चों को प्रगति रिपोर्ट व उपहार प्रदान किया। साथ ही उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। श्री केडिया ने विद्यालय को हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शैलेश कुमार शर्मा, विक्रम कुमार सिन्हा, डॉ. अनिता ओझा, दीपेश कुमार, साहिर हुसैन आदि शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# तेजस्वी ने गया के मोहनपुर प्रखंड में भरी हुंकार, 19 को होना है मतदान

**निज संवाददाता | गया**



गया लोकसभा सीट पर पहले फेज में 19 अप्रैल को मतदान होना है। अपने-अपने प्रत्याशियों के जीत तय करने के लिए NDA और महागठबंधन के बड़े-बड़े नेताओं की चुनावी सभा आयोजित होने लगी है। इसी बीच जिले के मोहनपुर प्रखंड के विहिया मैदान से राजद नेता तेजस्वी यादव ने 8 अप्रैल यानी सोमवार को पहली बार हुंकार भरा है। तेजस्वी के सभा स्थल पर पहुंचने से पहले ही मंच धंस गया था। भीषण गर्मी के बीच दोपहर करीब 2.30 बजे तेजस्वी यादव गया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील की है। इस मौके पर राजद नेता सह जिला परिषद उपाध्यक्ष डॉ.शीतल प्रसाद यादव के नेतृत्व में राजद प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के समर्थन में तेजस्वी यादव शामिल हुए।

**मांझी के गढ़ में राजद की सेंधमारीः** मोहनपुर प्रखंड बाराचट्टी विधानसभा के तहत आता है। बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र से हम पार्टी के नेता सह NDA प्रत्याशी सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की समधन ज्योति मांझी विधायक हैं। उन्हीं के गढ़ में राजद नेता तेजस्वी यादव का चुनावी सभा आयोजित हुआ। तेजस्वी यादव को सुनने के लिए कड़ी धूप का भी कोई असर नहीं दिखा। कड़ी धूप में भी काफी संख्या में लोग जुटे। बीते विधानसभा चुनाव के दौरान हम नेता ज्योति मांझी ने मोहनपुर प्रखंड से बढ़त बनाई थी और बाराचट्टी विधानसभा से जीत हासिल की थी।

**तेजस्वी यादव से पहले धंसा मंचः** तेजस्वी यादव के सभा स्थल आने से पहले ही मंच धंस गया। आनन-फानन में मंच पर बैठे नेताओं को उतारा गया और मंच को दुरुस्त किया गया। बाराचट्टी विधानसभा क्षेत्र के मोहनपुर प्रखंड में यादव समाज की संख्या सबसे अधिक है। यही कारण है कि तेजस्वी की गया लोकसभा में यह पहली चुनावी सभा हुई। मोहनपुर प्रखंड में 50 से 55 हजार यादव, 15 हजार मुस्लिम, 10 हजार महादलित, 10 हजार कुशवाहा और ऊंची जाति की 5 हजार संख्या है। चुनावी सभा के दौरान जिला परिषद के 26 पार्षद, कांग्रेस, माले समेत महागठबंधन के सभी नेता शामिल हुए।

# रिया ने इंडियन नेवी का एग्जाम किया क्लियर

**निज संवाददाता | गया**



गया में एक मजदूर की बेटी ने इंडियन नेवी का एग्जाम क्लियर कर मैकनिकल इंजीनियर की पढ़ाई के लिए महाराष्ट्र के लोनावला जा रही हैं। चनाचूर नमकीन फैक्ट्री में पैकिंग का काम करने वाले परिवार के निरंजन सिंह की बेटी रिया कुमारी(19) जैसे ही घर लौटी परिवार में खुशी है। परिजनों ने घर पर सत्यनारायण पूजा करवाया। रिया माता-पिता की गरीबी देखकर भाई-बहनों में बड़ी होने के नाते दिन-रात पढ़ाई और मेहनत कर यह मुकाम हासिल की है। रिया का घर गया के नक्सल प्रभावित इलाका गुरुआ प्रखंड के बरमा गांव में है। रिया कुमारी एक भाई और एक बहन है, जिनमें भाई शुभम छोटा है। ऐसे में परिवार के लिए मार्गदर्शक के साथ घर की माली हालत देखकर प्रेरणास्त्रोत की भी जिम्मेदारी रिया के कंधों पर थी। पिता निरंजन कुमार पश्चिम बंगाल के कोलकाता में चकनाचूर पैकिंग का काम करते हैं। वहीं, मां रेखा देवी गृहणी हैं। भाई 9वीं कक्षा का छात्र है। रिया के घर की माली हालत ठीक नहीं है। रिया ने घर में मां-पिता की स्थिति देख खूब मन लगाकर पढ़ाई किया। इसके लिए गुरुआ बजार से +2 कन्या उच्च विद्यालय से मैट्रिक और आईएससी पास की। फिर नौकर की चाह में गुरुआ में ही नीजी कोचिंग में पढ़ाई शुरू किया। रिया बताती हैं कि मेरा नेवी में सलेक्शन होने का सारा श्रेय सबसे पहले मेरे माता-पिता को जाता है। जिन्होंने मुझे घर की स्थिति ठीक नहीं होने के बाद भी पढ़ने लिखने से कभी नहीं रोका, बल्कि मुझे और हिम्मत दी। फिर मेरे कोचिंग के टीचर्स का भी योगदान रहा, जिन्होंने बेहतर मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा बरमा गांव की दो और बेटियों का इंडियन नेवी में सिलेक्शन हुआ जो रिया के साथ ही तैयारी करती थीं। इनमें सोनम कुमारी पिता मुकेश सिंह, स्वाति कुमारी पिता विकास सिंह रिश्ते में दोनों चचेरी बहनें हैं। हालांकि, उनके घर की स्थिति ठीक है। लेकिन उनका सपना था कि वह मर्चेंट नेवी में जाकर देश की सेवा करें।

# राइफल, पिस्टल एवं कारतूस के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार

**निज संवाददाता | नालंदा**



**लोकसभा चुनाव को लेकर एक्शन मोड में पुलिस, नालंदा में अपराध कर्मियों के विरुद्ध की कार्रवाई**

नालंदा की गोखुलपुर थाना एवं रहुई थाना की पुलिस ने हथियार कारतूस के साथ दो अपराध कर्मियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रिय अपराधकर्मियों के विरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में गोखुलपुर थाना पुलिस के द्वारा ग्राम शाहपुर में छापेमारी की गई। जहां से हरि यादव के पुत्र शंभू कुमार को लोडेड राइफल, पिस्टल एवं गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार रहुई थाना की पुलिस के द्वारा रहुई थाना क्षेत्र के ओरी मोड़ पर छापेमारी कर ओरी गांव निवासी शंकर राम के पुत्र संजय कुमार को लोडेड देशी पिस्तौल और गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। छापेमारी टीम में गोखुलपुर थाना अध्यक्ष शिवम कुमार सुमन, रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, दारोगा देवेंद्र पंडित,शशि रंजन कुमार मिश्रा एवं दोनों थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रहीं। अपराधिकर्मियों के पास से .315 बोर का देशी राइफल, 2 देशी पिस्तौल,.315 बोर की पांच जिंदा कारतूस बरामद की गई। बरामद हथियार कारतूस के आधार पर गोखुलपुर थाना एवं रहुई थाना में अलग-अलग कांड आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

# प्रभु राम जी की प्रतिमा आकर्षण का होगा केन्द्र, रामनवमी को लेकर गया में हुई बैठक

**निज संवाददाता | गया**




**अध्यक्ष ने कहा- इस बार झंडा की संख्या बढ़ाई जायेगी**

श्रीराम नवमी पूजा सेंट्रल कमेटी कि बैठक आज धर्म सभा भवन में आयोजित कि गई। इस बैठक में गयाजी के सभी झंडा प्रभारी शामिल हुए। कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने कहा, जिला प्रशासन से सारे बिंदुओं पर चर्चा कि जाएगी। जिस प्रकार पूर्व में शोभायात्रा का आयोजन कि गया है, उसी प्रकार इस बार भी शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष राम मंदिर में विराजमान प्रभू राम जी कि प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र होगा, शोभा यात्रा में, सभी जगहों से बड़े संख्या में राम भक्त इस आयोजन में शामिल होंगे। इसे लेकर विशेष रणनीति तैयार का आयोजन किया जा रहा है। गया शहर को जल्द सजा दिया जायेगा, समिति के सभी सदस्य आयोजन के सफल आयोजन करने के लिए रोजाना बैठक कर रहे है। लगभग सभी वार्डो में बैठक का आयोजन किया गया है। संगठन महामंत्री ओमप्रकाश सिंह ने कहां कि जो सभी समस्या झंडा प्रभारीयों को हो रही है, उसे जल्द दूर कर दिया जायेगां। इस वर्ष शोभा यात्रा और विहंगम निकाली जायेगी, तैयारी पूरी कि जा रही है सभी राम भक्त उत्साह के साथ आयोजन को भव्य बनाने के लिए दिन रात कार्य कर रहें है। सभी वार्डों में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। एक-एक झंडा समिति से सम्पर्क किया जा रहा है इस बार झंडा की संख्या बढ़ाई जायेगी। जिला प्रशासन से जल्द बैठक कर झंडा समितियों कि समस्यायों का समाधान किया जायेगा। जिला प्रशासन सभी झंडा समितियों के साथ एक बढ़ी बैठक आयोजित करे और जो भी समस्या हो रही है, उसे दूर करें इस ओर भी कार्य किया जा रहा है। झंडा प्रभारियों ने कहा कि इस बार शोभा यात्रा कि संख्या और बढ़ेगी। सभी राम भक्तों में उत्साह काफी है, इस वर्ष बड़े संख्या में राम भक्त शोभा यात्रा में शामिल होगें। बड़े-बड़े मूर्ति बनना प्रारम्भ हो गया है। गयाजी के बाहर से बड़े-बड़े सनातन धर्म को मानने वाले कलाकार शामिल होगें। मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ने कहा बैठक का उद्देश्य रामनवमी जुलूस को लेकर की गई। इस मौके पर कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह, संगठन महामंत्री ओमप्रकाश सिंह,संरक्षण मंडल सदस्य डॉ जगदीश शर्मा, संयोजक मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष नवीन वर्मा, सह कोषाध्यक्ष बब्लू आर्या जी, उपाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, मनीष सिंह, चंदन भदानी, प्रभारी नवीन कुमार, मुन्ना बजरंगी, शशि चौरसिया, रोहित भदानी,कमल बारीक, महिला संयोजिका सीमा सिन्हा, राजू जी, साकेत जी, मुन्ना सिंह, छोटू बारीक, देवरोत्तम कुमार मौजूद रहे।

# भाई के सामने बहन की तालाब में डूब कर मौत, पानी छूने के दौरान फिसला पैर

**निज संवाददाता | नालंदा**



**गहरे पानी में जाने से मासूम बच्ची की हुई मौत**

नालंदा में रविवार को पानी भरे तालाब में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गई। मामला इस्लामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत इचहोस तकिया पर गांव का है। मृतका की पहचान उपेंद्र सपेरा की (10) वर्षीया पुत्री प्रीती कुमारी के रूप में की गई है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम को लेकर पुलिस की मदद से बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतका के पिता उपेंद्र सपेरा ने बताया कि उनकी बेटी शौच के लिए गांव के तालाब के पास ही गई थी। पानी छूने के दौरान उसका पैर फिसल गया और तालाब में जा गिरी। तालाब गहरा और पानी भरा होने के कारण वह उसमें डूब गई। इसकी सूचना उनके बेटे निर्मल ने घर आकर बताया इसके बाद आसपास के लोग तालाब के पास पहुंचे और घंटों मसशक्त के बाद उनकी बेटी के शव को तालाब से बाहर निकाला जा सका। मृतका दो बहनों में छोटी जबकि भाई से बड़ी थी। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह गांव के तालाब के पास खेलने गई थी।

वहीं, इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया। उपेंद्र सपेरा मजदूरी कर अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि तालाब में डूबने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# खंडहरनुमा मकान में मिले शव की हुई पहचान

**निज संवाददाता | नालंदा**



4 अप्रैल को नालंदा के बिहार शरीफ अंतर्गत लहेरी थाना इलाके के गौराक्षणी के समीप खंडहरनुमा मकान में मिले युवक के शव की पहचान 3 दिन बाद हो गई है। युवक की पहचान लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ला निवासी सत्येंद्र आर्य के (22) वर्षीय पुत्र राहुल आर्य के रूप में की गई है। वह बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा था। परिजन ने बताया कि गुरुवार को वह अपने दादा के श्रधाकर्म के दौरान मुंडन कराने के लिए घर से निकला था। इसके बाद से वापस नहीं लौटा। कुछ दिन पूर्व उनके मकान में किराए पर रहने वाले दो युवक और उनके पुत्र को ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में जेल भेजा गया था। कुछ ही दिन पहले वह जेल से छूट कर आया। उनका आरोप है कि उन्ही दोनों युवक ने उसकी हत्या कर दी है। इस मामलें में लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है आवेदन मिलने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।दरअसल 4 अप्रैल को खंडहरनुमा मकान में युवक का शव मिला था। युवक के पास ही नशीले पदार्थ का रैपर और सीरींज भी बरामद किया गया था।

# नवरात्र के समय इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश वर्जित, मां आशापुरी मंदिर में तंत्र विधि से होती है पूजा, वर्षों से चली आ रही परंपरा

**निज संवाददाता | नालंदा**



चैत्र नवरात्र का पर्व महादेवी को समर्पित है। इस दौरान दुर्गा माता के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा की जाती है। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से हो रही है। ऐसा माना जाता है कि जो साधक इस व्रत के सभी नियमों का पालन करते हैं उन्हें मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है साथ ही जीवन में खुशहाली बनी रहती है। वहीँ नालंदा में एक देवी मंदिर ऐसा है जहां इन नौ दिनों तक महिलाओं का प्रवेश वर्जित कर दिया जाता है। जिला मुख्यालय बिहार शरीफ से 15 किलोमीटर दूर गिरियक प्रखंड के घोषरामा गांव में मां आशापुरी मंदिर हैं। इस मंदिर में महिलाओं का अंदर प्रवेश करने पर नवरात्रि के समय पाबंदी लगा दी जाती है यह नियम चैत्र नवरात्र और आसान माह नवरात्र के समय लागू रहता है।

**क्या कहते हैं पुजारीः** मंदिर के पुजारी चिरंजीव कुमार उपाध्याय बताते हैं कि 9 दिवसीय यहां अखंड व्रत चलता है और यहां सभी जगह वसंत नवरात्रि मनाया जाता है। यहां अलग ढंग से नवरात्री मनाया जाता है। यहां तीनों गुण से पूजा होती थे। सतोगुण रजोगुण तमोगुण, यहां तीन तरह के सात्विक दही दैविक, भौतिक यह तीन सुखों के लिए किया जाता है। वाममार्गी जो पूजा है वह इसलिए स्त्रियों को प्रवेश वर्जित रखा जाता है कि किसी समय वह अपवित्र हो जाती है। दूसरी तंत्र साधना में नारियों को निषेध माना गया है। इसलिए महिलाओं को नवरात्रि के मौके पर प्रवेश वर्जित रखा गया है। नवरात्रि की तैयारी अभी से की जा रही है सात्विक आहार ले रहे हैं, सात्विक भोजन कर रहे हैं, सात्विक विचार है, सात्विक सोच है और सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया,इसी शब्दों के साथ कल्याणमयी वातावरण 9 दिवसीय गूंजता रहता है।

**मां के नाम पर पड़ा गांव का नामः** मंदिर के पुजारी ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण राजा घोष के द्वारा करवाया गया था। इसलिए इस गांव का नाम घोषरामा पड़ा। क्योंकि इस इलाके में आशापुरी मां स्वयं प्रकट हुई थी और जिस स्थान पर प्रकट हुई वहां पर मंदिर का निर्माण करवाया गया है। पौराणिक प्रथा के अनुसार इस मंदिर का नाम आशापुरी रखा गया है। क्योंकि यहां बौद्ध काल में 1800 बौद्ध भिक्षु आकर अपनी मनोकामना पूर्ण करते थे। आदिकाल से ही इस मंदिर में महिलाओं का प्रवेश नवरात्रि के समय वर्जित है यहां पर दूर दराज से तांत्रिक माता के दरबार में सिद्धि करने आते हैं।

**पालकालीन हैं मूर्तियांः** मां आशापुरी मंदिर में माता का सिद्धिदात्री का स्वरूप है। माता का मंदिर पाल कालीन माना जाता है। इस मंदिर में आशापुरी देवी की दो मूर्तियों के साथ शिव पार्वती और भगवान बुद्ध की कई मूर्तियां हैं यहां की सभी मूर्तियां काली है। मंदिर की परंपरा ना टूटे और महिलाओं की पूजा भी ना रुके इस वजह से मंदिर के प्रांगण में अलग से मंदिर का निर्माण कराया गया है। नवरात्रि में यहां आकर महिलाएं पूजा अर्चना करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल की रिहाई को ले आप की हुई उपवास सभा

**आरा।** आम आदमी पार्टी की जिला समिति ने जेपी स्मारक के समक्ष राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की रिहाई की और केंद्र सरकार के खिलाफ उपवास सभा किया। अध्यक्षता जिला प्रभारी मिथिलेश कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने सारे संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर विपक्षियों को परेशान करना ही अपना एकमात्र हथकंडा अपना लिया है। भाजपा चाह रही कि लोस चुनाव में विपक्ष समुचित तरीके से प्रचार-प्रसार नहीं कर सके। सीएम केजरीवाल की लोकप्रियता से घबराकर व इंडिया गठबंधन के पक्ष में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का दुरुपयोग कर जेल भेजा गया है।

### ऊर्जावान वातावरण में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुरूआत

**आरा।** आरके एकेडमी विद्यालय में सत्र 2024- 25 का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य ‘’’’मोनिका राज’’’’ ने ‘’’’प्ले ग्रुप’’’’ के बालक-बालिकाओं से फीता कटवाकर कक्षा में प्रवेश कराया। उन्होंने स्वयं सभी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पुष्प-वर्षा करके बच्चों का अभिनंदन किया। सभी बच्चों में नई कक्षा में जाने और पठन- पाठन के वातावरण में वापस लौटने का उत्साह साफ नजर आ रहा था। नव-नामांकित छात्र-छात्राएँ विशेष उत्साह और ऊर्जा से, उत्सुकता से परिपूर्ण थे। उन्होंने बताया कि इस सत्र में साइंस लैब, स्मार्ट क्लास को अपग्रेड किया गया है। पुस्तकालय भी स्थापित हो चुका है। सत्र 2024-25 के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है।

### कलेक्ट्रेट मस्जिद में लोगों ने किया इफ्तार

**आरा।** कलेक्ट्रेट मस्जिद में रविवार को इफ्तार पार्टी हुआ। जिसमें सभी धर्म के लोगों ने शिरकत की। कलेक्ट्री मस्जिद के इमाम हाफिज रजा अली ने कहा कि इफ्तार जो भी रोजेदार कराते है अल्लाह उसे खूब बरकत आता फरमाता है। हुजूर स्वल्लल्लाहु अलैहिस वसल्लम फरमाते हैं जो शक्स बगैर किसी उज्र सर्री के रमजान का एक रोजा भी तर्क करेगा, तो सारी उम्र का रोजा रखना रमजान के रोजे का मोआ बजा नहीं बन सकता। रमजान का महीना बहुत ही अजमत व बरकत वाला महीना है।

### 71 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, बस से तस्करी करने जा रहे थे तस्कर

**आरा।** भोजपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांजा की बड़ी खेप को बरामद किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले तीन तस्कर को गिरफ्तार किया । इनके पास से 71 किलो गांजा और चार मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। जिसकी कीमत करीब साढ़े चार लाख के आस–पास की बताई जा रही है। पकड़े गए तस्कर आरा नगर थाना क्षेत्र के रघु टोला निवासी टूना कुमार,सरवन कुमार यादव और उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दर्शनछपरा गांव निवासी चंदन कुमार शामिल है। इधर,पीरो डीएसपी राहुल कुमार सिंह ने बताया की लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गठित उड़न दस्ता दल के प्रभारी दंडाधिकारी लखेंद्र कुमार के नेतृत्व में वाहनों की गहन से चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गांधी चौक,पीरो के पास सिंह ट्रेवल्स के एक बस में वाहन चेकिंग के दौरान बस में छिपाकर रखे करीब 71 किलो गांजा को बरामद किया गया। पकड़े गए तीनों तस्कर गांजा तस्करी की बात पुलिस के सामने स्वीकार की है। इसे लेकर पीरो थाना में कांड संख्या 149/24,धारा 08/20(b)(ii)(c)/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ तीनों तस्कर से पूछताछ की जा रही है। तस्कर कहा ने खरीद कर लाए थे और कहा बेचने वाले थे इसकी भी जांच की जा रही है। जो इस गैंग में शामिल होगा उसपर भी कड़ी कार्यवाई की जायेगी ।



### रामनवमी व ईद पर्व को लेकर कोईलवर थाना परिसर में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक



**कोईलवर।** कोईलवर थाना परिसर में आगामी रामनवमी व ईद पर्व को लेकर एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बीडीओ विजय कुमार मिश्रा, सीओ प्रियंका कुमारी, इंस्पेक्टर संजीव कुमार व थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र उपस्थित थे। बैठक के दौरान एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि इस बार लोक सभा का चुनाव है व क्षेत्र में आचार संहिता लागू है। अतः इसका अनुपालन हर हाल में करना होगा। एसडीपीओ ने बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों व पूजा कमिटी के सदस्यों से रामनवमी के उपलक्ष्य पर जुलूस निकालने को लेकर रूट की जानकारी लिया व ईद का नमाज से संबंधित जानकारी ली। साथ ही रामनवमी पूजा संचालकों को निर्धारित समय सीमा के अंदर जुलूस निकालने पर चर्चा किया। वहीं उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य लोगों ने आगामी दोनों पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में उपस्थित रहकर पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने का आश्वासन दिया। थानाध्यक्ष नरोतम चंद्र ने अपने सुझाव में बताया कि लहरियाकट बाइकर्स व बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। क्षेत्र में अधिकारी गश्ती करते रहेंगे। वहीं डीजे पर पूर्णरूप से प्रतिबंध की बात कहीं। किसी तरह का नारा व गाना न बजाए ताकि किसी समाज को ठेस पहुंचे। बैठक में प्रमुख रूप से यादवेन्द्र कुमार उर्फ विरमन्यु, मिथलेश राय, यूनुस अंसारी, नौशाद अंसारी, अल्ताफ आलम, हैदर अली, अखिलेश यादव, सुरेन्द्र यादव, मनीष सिंह, राकेश शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### रुद्रा से जुड़े युवाओं ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



**इटाढ़ी।** इटाढ़ी बाजार में रुद्रा से जुड़े युवाओं का समूह मास्क पहने मतदाता जागरुकता का नारा देते दिखाई पड़ा। लोकसभा चुनाव में 1 जून शत-प्रतिशत मतदान करने को प्रेरित करने लेकर रुद्रा के युवाओं द्वारा विभिन्न गांवों में नुक्कड़ नाटक, मास्क पहनकर नारा एवं जनसंवाद का आयोजन कर रहे हैं। ताकि लोकसभा चुनाव में युवाओं की भागीदारी शत प्रतिशत सुनिश्चित हो। बता दें कि रुद्रा इस शहर में युवाओं का एक समूह है,जो युवाओं के बीच किताब, कसरत, कौशल के साथ प्रकृतिवाद के ऊपर कार्य करते हैं। यह समूह शहर में बच्चियों को हिंसा के विरुद्ध आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देती है वहीं युवाओं को प्रकृति के साथ संवेदना के स्तर पर जोड़ने हेतु पर्वतारोहण, ट्रैकिंग जैसे साहसिक गतिविधियों को माध्यम बनाती है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गांव-गांव जाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसमें ग्रामीणों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। सबलोग अगामी चुनाव को लेकर काफी सकारात्मक दिख रहे हैं। इससे और हौसला बढ़ रहा है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौके पर मौत

## स्थानीय लोगों ने की मुआवजे की मांग

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर के सरेंजा कुकुढ़ा मार्ग पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया। पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग करने लगे। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर को ग्रामीणों से छुड़ा अपने कब्जे में ले लिया। जिसपर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा। ग्रामीणों का कहना है की मृतक मजदूरी कर के अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शादी योग्य 3 बेटी के साथ दो छोटे-छोटे बेटे भी हैं। इनको ट्रैक्टर के मालिक मुआवजा दें और सरकारी प्रावधान के अनुसार भी मुआवजा मिले।

**बाइक से सिधाबांध गांव जा रहा थाः** मृतक रोजादिन हासमी उर्फ गुड्डू 52 वर्ष राजपुर थाना क्षेत्र के सरेंजा गांव का निवासी है। जो इटाढ़ी थाना क्षेत्र के सिधाबांध गांव में एक मकान की पेंटिंग के लिए बाइक से जा रहा था। तभी सिधाबांध गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे मजदूर सड़क पर गिर गया। ट्रैक्टर का पहिया मजदूर के सिर पर चढ़ने के कारण सिर के कई टुकड़े हो गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देख आसपास के लोगों ने भाग रहे ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर को पकड़ लिया। इटाढ़ी थानाध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर से व्यक्ति की मौत की सूचना मिली थी। जहां डायल 112 के साथ-साथ इटाढी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों को समझा कर शव को कब्जे में ले लिया गया है। अगर पीड़ित परिवार की तरफ से कोई आवेदन मिलता है तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# ससुर-बहू की बेहरमी से पिटाई, पड़ोसी युवक बहू पर कर रहा था टोनबाजी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव में रविवार को महिला पर टोनेबाजी करने का विरोध करने पर ससुर और बहू की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी गई। इस घटना में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा आनन–फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। ज़ख्मियों में संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर गांव निवासी स्वर्गीय गजाधर रजक के 60 वर्षीय पुत्र विश्वकर्मा रजक और उनकी बहू अभिनाश रजक की 35 वर्षीय पत्नी अनिता देवी है।इधर,जख्मी महिला अनीता देवी ने बताया कि वह अपने ससुर को खाना घर के दरवाजे पर देकर पानी लेने के लिए अंदर गई हुई थी। जब वापस पानी लेकर बाहर आई तो तभी पड़ोसी के बेटा ने उसे पर टोनबाजी की । इसी बात को लेकर उसके ससुर विश्वकर्मा रजक ने लड़के का विरोध करते हुए उसे गाली दे दी। देखते ही देखते दोनों के बीच काफी लोग हुई और उसके बाद उक्त लड़के ने अपने परिवार को बुलाकर ससुर की जमकर पिटाई कर दी। अपने ससुर को पीटता देख बीच बचाने करने गई तो उसकी भी बेहरमी से पिटाई कर दी। वहीं सदर अस्पताल के ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोटे आई है जबकि महिला को भी सर में चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को भर्ती कर दिया गया है। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।



**ससुर ने किया विरोध तो लाठी–डंडे से पीटा**

ट्रैक्टर ने व्यक्ति को कुचला, मौके पर मौत

# पत्नी का आरोप, पुराने विवाद में मेरे पति की हुई हत्या

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के चौसा में ट्रैक्टर ने एक युवक को कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के वक्त मृतक की पत्नी भी साथ थी। पत्नी का आरोप है कि पुराने विवाद में ट्रैक्टर चालक ने घटना को अंजाम दिया है। चालक की गिरफ्तारी के लिए परिजनों ने हंगामा किया। सदर डीएसपी धीरज कुमार ने पीड़ित परिवार को समझाकर शांत कराया। मृतक की पहचान नरेंद्र पांडेय (50) के रूप में की गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पत्नी ने हत्या का आरोप लगायाः** मृतक की पत्नी नीरा देवी ने चौसा निवासी भुवर यादव पर हत्या का आरोप लगाया गया है। कहा कि भुवर के चाचा से कुछ साल पहले हमलोगों ने जमीन ली थी। उस जमीन पर मकान बनाने का काम जब से किया जा रहा था तभी से वह छोटी छोटी बात पर विवाद कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। प्रतिदिन की तरह रविवार की रात अपने पुराने मकान से भोजन कर मैं और मेरे पति स्टेशन रोड स्थित नए मकान में जा रहे थे। तभी दुर्गा मंदिर के पास पहले से घात लगाए ट्रैक्टर के साथ भुवर मौजूद था। जिसने मेरे पति पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। सिर कुचल दिया। सदर डीएसपी ने कहा कि एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। परिजनों ने बताया कि गांव का ट्रैक्टर चालक है जिसने वारदात को अंजाम दिया है।



# यूपी को हराकर बिहार पहुंचा फाइनल में, पहले बल्लेबाजी करते हुए 96 रन पर सिमटी यूपी की टीम

निज संवाददाता। आरा



**रॉकी ने खेली तूफानी पारी**

उत्तर प्रदेश के लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को सीनियर राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन सेमीफाइनल मैच हुआ। इसमें बिहार ने उत्तर प्रदेश की टीम को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल का पहला मैच बिहार वर्सेस उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया। बिहार टीम के बल्लेबाज रॉकी ने तूफानी पारी खेली। उत्तर प्रदेश के कप्तान अमन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश की टीम ने 10 ओवर में चार विकेट खोकर 96 रन ही बना पाई। यूपी की तरफ से भूपेंद्र ने 23 रन का सर्वाधिक स्कोर बनाया। जबकि बिहार की तरफ से आदिल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लेकर उत्तर प्रदेश की टीम को 96 रन पर रोका। बिहार की टीम ने 96 रन के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट खोकर 9वें ओवर में जीत हासिल की। बिहार टीम के बल्लेबाज रॉकी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 5 छक्के और एक चौके की मदद से 36 रन बनाएं। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मैच गुजरात वर्सेस हिमाचल प्रदेश के बीच खेला गया। बिहार टीम के कप्तान राहुल सिंह सरकार ने बताया कि टॉस जीतकर सेकेंड बैटिंग करना चाहते थे। लेकिन उत्तर प्रदेश के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, जो हमारी टीम के हित में था। हमारे बॉलर ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश की टीम को 96 रन पर रोक पाए। वहीं, हमारे बल्लेबाजों का प्रदर्शन टूर्नामेंट में काफी अच्छा रहा है। उम्मीद है कि फाइनल मैच जीतकर भोजपुर समेत पूरे बिहार का नाम रोशन करें।

# लापता वृद्ध महिला का शव बरामद, पांच दिन पहले घर से घूमने निकली थी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले में पांच दिन से लापता एक वृद्ध महिला का शव बरामद हुआ है। उनका शव उदवंतनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण एकौना गांव के निर्माणधीन दीवार के समीप रविवार को बरामद हुआ है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतका उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव निवासी स्व. शिवजी सिंह की 75 वर्षीया पत्नी बसंती कुंवर है। इधर,मृतका के परिजन ने बताया कि बीते मंगलवार की सुबह वह घर से बाहर निकली थी और घंटों बाद घर वापस नहीं लौटी थी। जिसके बाद परिजनों ने उनकी काफी खोजबीन की थी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसके बाद पर परिजन द्वारा स्थानीय थाना में बीते मंगलवार की शाम उनके गुमशुदगी का आवेदन भी दिया गया था। जिसके बाद से परिजन एवं पुलिस द्वारा उनकी लगातार खोजबीन की जा रही थी। लेकिन उनका कुछ भी पता नहीं चल पा रहा था। इसी बीच दक्षिण एकौना गांव के निर्माणधीन दीवार के समीप उनका शव पड़ा मिला।जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत लू-लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतका को दो पुत्री अंजू देवी,संजू देवी व दो पुत्र अशोक कुमार सिंह एवं शंभू कुमार सिंह है।

# दो शातिर बादमश गिरफ्तार, भोजपुर में बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे थे

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ घटना को अंजाम देने जा रहे हैं दो बदमाशों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नाला मोड़ के समीप से हो सकी है। पकड़े गए बदमाश नगर थाना क्षेत्र नाला मोड़ निवासी गोल्डी सिंह और चित्रटोली रोड निवासी अभिनव कुमार शामिल है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से एक देशी पिस्टल बरामद किया गया है। एक बाइक जब्त की गई है। इसे लेकर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिक की गई है। इधर एएसपी परिचय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ बदमाश बाइक पर सवार होकर अपराधी घटनाओं को अंजाम देने जा रहे हैं। इसके बाद एसपी नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया। थानाध्यक्ष देवराज राय की नेतृत्व में गठित टीम ने पुलिस लाइन नाला मोड़ रोड में घेराबंदी की तो बदमाश भागने लगे हैं। लेकिन टीम ने खड़े कर दोनों को पकड़ा। तलाशी के दौरान एक देशी पिस्तौल और मैगजीन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपित में से एक अभिनव का पहले से आपराधिक इतिहास रहा है दूसरे के बारे में भी जानकारी मिली है जिसके बारे में छानबीन चल रही है।

### कलाकारों ने दिखाए कारनामें 22 साल बाद सर्कस का आयोजन

**बक्सर ।** बक्सर में 22 साल बाद लोगों को सर्कस एक बार फिर देखने को मिल रहा है। इसका शुभारंभ आईटीआई रोड स्थित मेला मैदान में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। जिसमें सर्कस के ऑनर कुल्लू बाबू सहित अन्य रहे। सर्कस में अफ्रीकन और रूसी कलाकारों के हैरतअंगेज करनामे, बाइक ग्लोब, फ्लाइंग ट्रैफिक, रिंग डांस, फायर डांस, साइकिल रेस, रोलर बैलेंस, फुट बास्केटबॉल, विदेशी डॉग-शो, फायर डांस का प्रदर्शन किया गया। साथ ही जोकर का हास्य कला का प्रदर्शन अपने आप में अनोखा था। रूसी और अफ्रीकन कलाकार के जिमनास्टिक का प्रदर्शन भी लोगों को खूब भाया 300 नामी सर्कस हुआ करते थेः सर्कस के मालिक कुल्लू बाबू नरेश ने कहा की अब तक देश में कुछ वर्षों तक 300 नामी सर्कस हुआ करते थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: केपीए/ईजी/ओटी-13/23-24, दिनांक 05.04.2024;** उप मुख्य विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, पिन-743145, 24-परगना (उत्तर), पश्चिम बंगाल द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.: केपीए/ईजी/ओटी-13/23-24। विवरण:** कांचरापाड़ा वर्कशॉप के विभिन्न स्थानों पर 3.0 एमडब्ल्यूपी ऑन-ग्रिड (बैटरी बैकअप के बगैर) सौर ऊर्जा संयंत्रों का प्रावधान। **निविदा आंकलित लागत:** रु. 12,31,07,025.80। **बयाना राशि:** रु. 7,65,500/-। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **कार्य समापन अवधि:** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 27.04.2024 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदा का सम्पूर्ण विवरण तथा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा एवं वहां से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा के लिए बोलियां उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के जरिए **दिनांक 27.04.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक** जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव अगर प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(MISC-07/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू**

**सूचना**

**विशेष लोक अदालत**

**शनिवार, 27 वीं अप्रैल 2024**

**व्यवहार न्यायालय,पलामू में निःशुल्क सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के द्वारा दिनांक– 27 वीं, अप्रैल 2024 को व्यवहार न्यायालय परिसर, पलामू, डालटनगंज में N.I.A Act एंव **बिजली मामलो** की विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में समझौता योग्य निम्नलिखित वाद जो किसी न्यायालय में लंबित हैं या नहीं का निपटारा किया जा सकता है:–

**बैंक संबंधी मामलों, धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम 1881, विचाराधीन तथा मुकदमें के पूर्व के मामले ।**

**विशेष लोक अदालत विवादों का त्वरित निपटारा तथा अंतिम निपटान, सर्वमान्य समाधान तथा अदालत में अदा की गई फीस के लौटाये जाने को सुनिश्चित करता है।**

अगर आप का उपरोक्त कोई मामला व्यवहार न्यायालय, पलामू में विचाराधीन है और अगर आप उस मामले का निपटारा कराना चाहते हैं तो 27 वीं, अप्रैल 2024 से पूर्व स्वयं या अपने वकील के जरिए व्यवहार न्यायालय, पलामू में उपस्थित होकर आवेदन दाखिल करें। इस हेतु समझौता पूर्व बैठक सभी बैंक एवं सभी संबंधित न्यायालयों में कार्यालय अवधि के पुर्व एवम् पश्चात कार्यरत रहेंगे।

विशेष लोक अदालत दिनांक– 27 वीं, अप्रैल 2024 को 7.30 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी । इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस पर 7:30 से 12:30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू में आ कर या सचिव के मोबाइल सं0 8757269596) से सम्पर्क किया जा सकता है ।

–निवेदक–

(रीष्मा रमेशन) आरक्षी अधीक्षक –सह– सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

(शशि रंजन) उपायुक्त –सह– उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

(नीरज कुमार श्रीवास्तव) प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पलामू।

PR 323640 District (24-25)_D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


# दिल्ली एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान परमाणु बम बोलना पड़ा महंगा

## गुजरात के 2 कारोबारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे (आईजीआई एयरपोर्ट) पर दो यात्रियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को कथित तौर पर परमाणु बम की धमकी देने का मामला सामने आया है। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने दोनों युवकों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। गिरफ्तार किए गए दोनों यात्रियों की पहचान जिग्नेश मालन और कश्यप कुमार लालानी के रूप में हुई है। यह घटना 5 अप्रैल की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, आईजीआई एयरपोर्ट पर तलाशी के दौरान सुरक्षा कर्मचारियों को परमाणु बम की धमकी देने के आरोप में दो यात्रियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों यात्रियों के खिलाफ आईजीआई एयरपोर्ट थाने में



एफआईआर दर्ज की गई है।

दरअसल, अकासा एयरलाइंस के सिक्योरिटी सुपरवाइजर राहुल शर्मा ने 5 अप्रैल 2024 को आईजीआई एयरपोर्ट थाने में अकासा एयर फ्लाइट क्यूपी-1334 में यात्रा कर रहे दो यात्रियों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई थी। सुरक्षा लैंडिंग प्रक्रिया जांच (एसएलपीसी) के दौरान जिग्नेश मालन और कश्यप कुमार लालानी ने सुरक्षा जांच पर नाराजगी जताई थी। दोनों ने ही बार-बार जांच करने पर सवाल उठाया था। जांच में लगे कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देने के बावजूद दोनों यात्री भड़क गए और एक ने कथित तौर पर कहा कि वे परमाणु बम ले जा रहे थे।

कथित सुरक्षा खतरे को मद्देनजर रखते हुए सभी यात्रियों और विमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दोनों यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय लिया गया। शिकायत और उसके बाद की जांच के आधार पर 5 अप्रैल 2024 को इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 182/505 (1) (बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी के बाद दोनों यात्रियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया और मामले की जांच जारी है।

दिल्ली पुलिस की आगे की जांच में पता चला कि दोनों यात्री कश्यप कुमार लालानी और जिग्नेश मालानी गुजरात के राजकोट में कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में बिजनेस कॉन्ट्रैक्टर है। वे दोनों कारोबार के सिलसिले में दिल्ली के द्वारका आए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रमिकों के कामकाजी घंटों में कटौती की सिफारिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौसम विभाग ने इस बार जल्दी भीषण गर्मी शुरू होने की चेतावनी दी है। ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि खेती, निर्माण और अन्य क्षेत्रों में खुले इलाके में काम करने वाले श्रमिकों के काम करने के घंटे कम किए जाएं। आईआईटी गांधीनगर में सिविल इंजीनियरिंग और अर्थ साइंस विभाग के प्रमुख विमल मिश्रा ने कहा, कि ऐसी परिस्थितियों में गहन श्रम करने से शरीर की गर्मी उस स्तर तक बढ़ सकती है जहां यह मृत्यु का कारण भी बन सकती है। निर्वाचन आयोग ने युवा और शहरी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इंटरनेट मीडिया के विभिन्न मंचों पर अभियान शुरू किया है।

### बिलासपुर में रेलवे महिला अधिकारी ने की आत्महत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रेलवे में पदस्थ एक महिला अधिकारी के आत्महत्या का मामला सामने आया है। बिलासपुर रेलवे में कमर्शियल इंस्पेक्टर के पद पर तैनात महिला अधिकारी ने अपने घर में खुदकुशी कर ली है। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद मर्क्री में रखवा दिया है। इस आत्महत्या के मामले को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है।

यह मामला बिलासपुर जिले के तोरवा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। एनी कॉलोनी में रहने वाली विनीता साहनी नाम की महिला ने अपने घर में आत्महत्या कर ली है। यह मामला शनिवार का बताया जा रहा है जब विनीता ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। बतादे कि विनीत रेलवे में कमर्शियल इंस्पेक्टर के पद पर तैनात थी। शनिवार की शाम करीब 4 जब उसकी 8 साल की बेटी ने उसे आवाज लगाई और जब उसने काफी समय के बाद भी दरवाजा नहीं खोला तब बच्ची ने अपने पड़ोसियों को इस बात की जानकारी दी। बच्ची के द्वारा दी गई जानकारी के बाद किसी तरह पड़ोसियों की मदद से दरवाजे को खोला गया। दरवाजा खुलने के बाद जब लोग अंदर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि विनीता ने सुसाइड कर लिया है। इसके बाद लोगों ने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी है।? सूचना मिलने के बाद तोरवा थाना क्षेत्र की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल के मरचुरी में रखवा दिया है। वही इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए तोरवा थाना के प्रभारी ने बताया कि रेलवे में काम करने वाली महिला ने अपने घर में खुदकुशी कर ली है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच करते हुए शव का पंचनामा कर लिया है। वहीं इस पूरी घटना में किसी प्रकार से सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम और जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस की माने तो मृतक महिला, उसका पति और उसकी बच्ची तीनों एक साथ रहते थे। विनीता की शादी 10 साल पहले ओब्राहम हेल से हुई थी। विनीता का पति सिरगिट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत हेमू नगर में जिम चलता है। फिलहाल पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

### कांग्रेस के एक और बागी विधायक ने मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा नोटिस

**शिमला, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को मानहानि का नोटिस भेजने के दो दिन बाद एक और बागी विधायक राजेंद्र राणा ने भी रविवार को उन्हें ऐसा ही नोटिस भेजा है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में वोट करने वाले कांग्रेस के छह बागी विधायकों और तीन निर्दलीय विधायकों समेत नौ विधायकों ने अपनी आत्मा बेच दी और उन्होंने अपने भाषणों में कांग्रेस विधायकों की तुलना 'काले नागों' से की थी। सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में गुरुवार को एक रैली में आरोप लगाया था कि कांग्रेस के बागी विधायक 'भ्रष्ट' हैं और वे जेल में जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय 15-15 करोड़ रुपये में बिक गए। राणा ने भी दावा किया कि मुख्यमंत्री सुक्खू चंडीगढ़ में अपनी सुरक्षा को दरकिनार करते हुए हिमाचल भवन में मुख्यमंत्री के कमरे (सुइट) में रुकने के बजाय हमेशा रात को पांच सितारा होटल में ठहरते हैं।

## एल्विश यादव ने मोबाइल फोन से अहम डेटा डिलीट किया, कोबरा कांड में नया खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोबरा कांड में फंसे यूट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें अभी कम होती नहीं दिख रही हैं। नोएडा पुलिस ने अब एल्विश और उसके साथी विनय और ईश्वर के मोबाइल फोन को गाजियाबाद के निवाणी स्थित फोरेंसिक साइंस लैब में भेजा है। तीनों ने मोबाइल फोन से कुछ ऐसे डेटा डिलीट किए गए हैं, जो इस मामले में काफी अहम हैं। उन्होंने चैट के अलावा कई तस्वीरें और वीडियो भी डिलीट किए हैं। एल्विश यादव पर रेव पार्टी करने और उसमें सांपों का जहर पहुंचाने का आरोप है। माना जा रहा है कि फोन का डेटा रिकवर होते ही एल्विश समेत सभी आरोपियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। पीपुल्स फॉर एनिमल (पीएफए) संस्था के पदाधिकारी ने बीते साल एल्विश यादव और उसके साथियों पर सांपों के जहर का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया था। संस्था के सदस्य ने एक स्टिंग ऑपरेशन किया था। इसमें नौ सांप और 20 एमएल सांपों का जहर पांच सपेरों के पास मिला था। सभी को जेल भेज दिया गया।

**सांपों के लिए वर्चुअल नंबर से कॉल करता था एल्विश यादव, चार्जशीट में क्या-क्या आरोप:** पीएफए के पदाधिकारी का एक ऑडियो इसके बाद वायरल हुआ, जिसमें मुख्य आरोपी राहुल संस्था के पदाधिकारी से बात कर रहा है। इसमें राहुल यह कह रहा है कि वह एल्विश की ओर से आयोजित होने वाली पार्टियों में शामिल हो चुका है। राहुल पार्टियों में अपने अन्य सपेरे दोस्तों के साथ गया था। हालांकि, बाद में सभी को जमानत मिल गई। पुलिस ने पर्याप्त सबूत मिलने के बाद मार्च में एल्विश यादव को नोटिस देकर पूछताछ के लिए दोबारा बुलाया।

## जेएनयू के पूर्व छात्र ने दिल्ली हाईकोर्ट में जीती कानूनी जंग, 12 साल बाद फिर मिला पढ़ने का हक





**नई दिल्ली, एजेंसी।** रैगिंग के आरोप में निष्कासित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र को 12 साल लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के बाद अब इंसाफ मिला है। दिल्ली हाईकोर्ट ने जेएनयू के कृत्य को छात्र के प्रति गैरकानूनी करार दिया। साथ ही, आदेश दिया कि संस्थान छात्र को उसका कोर्स यानी एमसीए पूरा करने के लिए उचित कदम उठाए।

जस्टिस सी हरीशंकर की बेंच ने छात्र की याचिका को न्यायसंगत मानते हुए कहा कि जेएनूय ने प्राकृतिक न्याय और निष्पक्ष प्रणाली के सिद्धांतों का मजाक उड़ाया है। जेएनयू प्रशासन ने पहले से तय मंशा से छात्र के खिलाफ कार्रवाई की। इससे छात्र मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) का कोर्स भी पूरा नहीं कर पाया।

**स्कूल में फेल 5वीं क्लास का छात्र कोर्ट से हुआ पास, जानिए क्या है पूरा मामला:** बेंच ने जेएनयू को कहा कि छात्र को अपना पाठ्यक्रम पूरा करने की अनुमति दी जाए। इसके अतिरिक्त उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है, क्योंकि चाहकर भी बेंच छात्र के बर्बाद हुए समय की भरपाई नहीं कर सकता। हालांकि, जेएनयू प्रशासन का रवैया वाकई चिंताजनक है। एक छात्र को पक्ष या सफाई देने का मौका दिए बगैर निष्काषित करना पूरी तरह गैरकानूनी है।

आपत्तिजनक वीडियो के आधार पर की थी कार्रवाई ‒ जेएनयू प्रशासन ने छात्र के लैपटॉप में आपत्तिजनक वीडियो होने का आरोप लगाया था। यह घटना वर्ष 2011 की है। छात्र पर रैंगिग के आरोप लगाते हुए कहा गया था कि उसने कुछ फोटोग्राफ अपने लैपटॉप में रखे हैं, जोकि आपत्तिजनक हैं। इसी आधार पर छात्र को 24 घंटे के भीतर हॉस्टल खाली करने, कोर्स से निष्काषित करने, अन्य विद्यार्थियों को शरण न देने की सख्त हिदायत दी गई थी।

**दिल्ली के स्कूलों में दाखिले के लिए आज से शुरू होंगे रजिस्ट्रेशन, यहां करें आवेदन:** अब दो साल का हो गया पाठ्यक्रम ‒ इस मामले में पिछले एक दशक में बड़ा बदलाव हुआ है। वर्ष 2011 में याचिकाकर्ता एमसीए के द्वितीय वर्ष का छात्र था। उस समय एमसीए में तीन वर्ष का पाठ्यक्रम होता था। अब यही पाठ्यक्रम जेएनूय में दो वर्ष का हो गया है। कोर्ट ने कहा कि जेएनयू प्रशासन अपने स्तर पर छात्र को सर्वोत्तम तरीके से कोर्स पूरा करने की व्यवस्था करे।

**पक्ष रखने का मौका नहीं दिया:** छात्र को 11 फरवरी 2011 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन जवाब दाखिल करने से पहले ही उसे 12 फरवरी 2011 को निष्काषित कर दिया गया। इस तरह छात्र को अपना पक्ष रखने के लिए 24 घंटे का समय भी नहीं दिया गया। इस तरह के मामले में कानूनन एक महीने से ज्यादा का समय बनता था।

## दिल्ली में इस बार आसमान से जल्दी बरसेगी आग? आईएमडी ने जारी किया भीषण गर्मी का अलर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में तेज गर्मी पड़ने लगी है। कर्नाटक के कलबुर्गी में रविवार को तापमान 43.1 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, इस सप्ताह के अंत तक दिल्ली का तापमान 38 डिग्री को छू जाएगा। बीते दिनों जिन हवाओं के चलते दिल्ली को कुछ राहत मिली थी, वह भी आने वाले सप्ताह में थम जाएंगी। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में तेज धूप के चलते अभी तापमान बढ़ेगा। हालांकि, शुक्रवार के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से चिलचिलाती गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है, मगर इसके बाद फिर तापमान में बढ़ोतरी संभव है।

दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में रविवार सुबह तेज धूप निकली। इससे अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। तेज उत्तर पश्चिमी हवाओं के चलते रात के तापमान में गिरावट हुई। न्यूनतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से चार डिग्री कम है। दिल्ली की हवा साफ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 178 अंकों पर रहा। बता दें कि, शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## नूंह हिंसा का आरोपी बिट्टू बजरंगी फिर गिरफ्तार, वायरल वीडियो पर पुलिस का ऐक्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद की सारन थाना की पुलिस ने नूंह हिंसा के आरोप में जमानत पर बाहर चल रहे बिट्टू बजरंगी को रविवार देर रात फिर गिरफ्तार कर लिया। इस बार बिट्टू बजरंगी पर एक व्यक्ति से मारपीट और उसे जान से मारने की धमकी का आरोप है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पिछले हफ्ते बिट्टू बजरंगी नगला एंक्लेव स्थित एक व्यक्ति को लाठी-डंडे से जमकर पिटाई की थी। साथ ही उसका वीडियो बनाकर अपने वॉट्सऐप स्टेटस पर भी लगाया था। इसके बाद किसी ने उस वीडियो को डाउनलोड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। वायरल वीडिओ का संज्ञान लेकर फरीदाबाद पुलिस ने बिट्टू बजरंगी के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। वायरल वीडियो में वह नंगला एंक्लेव में पुलिसकर्मी की मौजूदगी में एक युवक को लाठी-डंडे से पीटता हुआ देखा गया था। दावा किया जा रहा है कि इस घटना के दौरान उसकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी भी वहां खड़ा हुआ था। माना जा रहा है कि इस हरकत से बिट्टू बजरंगी को मिली सुरक्षा भी छिन सकती है।

बता दें कि गत वर्ष नूंह में निकाली गई बृजमंडल यात्रा के दौरान भड़की हिंसा मामले में बिट्टू बजरंगी भी आरोपी है। बिट्टू बजरंगी एक धार्मिक संगठन बनाया हुआ है। उसमें वह उच्च पदाधिकारी के पद है। इसके अलावा उसका दावा रहता है कि वह पशु तस्करी को रोकने का प्रयास करता है। नाम नहीं बताने की शर्त पर कुछ लोगों ने बताया कि बिट्टू बजरंगी अपने घर पर रोजाना चौपाल लगाता है। इसमें वह बिना कुछ सोचे-समझे फरमान सुनाता है।

**भड़काऊ बयान से बिगड़ा था माहौलः** आरोप है कि नूंह में निकाली गई बृजमंडल यात्रा में शामिल होने के लिए जाते समय पाली में बिट्टू बजरंगी ने एक समुदाय के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया था। साथ ही उसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया था। बताया जा रहा है बिट्टू का वह वीडियो चंद मिनट में ही काफी वायरल हुआ। इससे नूंह में माहौल बिगड़ा और हिंसा भड़क उठी थी।

**बिट्टू बजरंगी पर केस दर्ज कराने वाला गिरफ्तार :** गौरतलब है कि सारन थाना पुलिस ने बीते गुरुवार रात को बिट्टू बजरंगी के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज करवाने वाले शिकायतकर्ता को भी पॉक्सो एक्स के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को बच्ची को चॉकलेट खिलाने के बहाने गलत हरकत करने के लिए ले जाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गुरुवार को बच्ची के मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी संजय एंक्लेव निवासी आरोपी श्यामु ने बुधवार को बिट्टू बजरंगी के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत पर उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। मंगलवार को इस मामले में बजरंगी द्वारा मारपीट किए जाने का वीडियो वायरल हुआ था।

## महिला बन लोगों को हनी ट्रैप में फंसाने के आरोप में शख्स गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने इंदौर से दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने इंदौर से एक शख्स को गिरफ्तार किया है जिस पर महिला का रूप बनाकर लोगों को हनी ट्रैप में फंसाने और बाद में उनसे रकम उगाही करने के आरोप हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि लोगों से व्हाट्सएप पर बातचीत की जाती थी और उनका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया जाता था। बाद में लोगों को ब्लैकमेल किया जाता था। दिल्ली पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। कई अन्य लोगों को भी इसी तरह ब्लैकमेल किए जाने की जानकारी पुलिस को पता चली है।

आरोपी ने रुपयों के बदले अपने खाते का पूरा एक्सेस अपने दो जालसाज दोस्तों को दे रखा था। वही वारदातों को अंजाम देते थे। दिल्ली पुलिस को 27 नवंबर को साइबर पीएस द्वारका में एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता सुनील मांझी ने 64,040 रुपये की ठगी किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने व्हाट्सएप पर शिकायतकर्ता को अपने कपड़े उतारने के लिए मजबूर किया। आरोपी ने एक वीडियो बना लिया और शिकायतकर्ता को ब्लैकमेल करके 64,040 रुपये की ठगी की। शिकायतकर्ता ने जब यह बात अपने परिचित को बताई तो उसे पता चला कि इसी तरह कई अन्य लोगों को भी ब्लैकमेल किया गया है। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर पीएस साइबर द्वारका में आईपीसी की धारा 420/386 के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार, तकनीकी निगरानी और कॉल डिटेल रिकॉर्ड और बैंक स्टेटमेंट के विश्लेषण के आधार पर आरोपी रोहित यादव निवासी ग्राम गोहान कराडिया, पीएस बेटमा, इंदौर को गिरफ्तार कर लिया गया।

## आंध्र प्रदेश को बना दिया देश की ड्रग राजधानी, पवन कल्याण ने वाईएसआर कांग्रेस पर साधा निशाना

**अनाकापल्ली (आंध्र प्रदेश)।** जन सेना प्रमुख पवन कल्याण ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है। पवन कल्याण ने आरोप लगाते हुए कहा कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार ने आंध्र प्रदेश को देश की ड्रग राजधानी बना दिया है।

कल्याण ने कहा कि वाईएसआरसीपी शासन युवा शक्ति को कमजोर करने और युवाओं को गांजे का आदी बनाने का काम किया। कल्याण ने रविवार को यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम इस तरह के बने नियम को खत्म कर देंगे और इस वाईएसआरसीपी सरकार को, जिसने राज्य को नशीली दवाओं की राजधानी में बदल दिया है इसको राज्य से बाहर करेंगे।



**मेरा उद्देश्य राज्य की रक्षा करनाः** उन्होंने कहा, मेरा उद्देश्य राज्य की रक्षा करना है। मैं अनकापल्ली नुकलम्मा की मां (नूकाम्बिका अम्मावरी मंदिर की देवी) के गवाह के रूप में कहता हूं कि हम आंध्र प्रदेश राज्य की रक्षा करेंगे। ऐसा कहा जाता है कि सत्ता मिलने पर कोई भी व्यक्तित्व उभर कर सामने आता है। अब जाकर राज्य के लोगों को इस मुख्यमंत्री (वाईएस जगन मोहन रेड्डी) को सत्ता देने का मतलब समझ में आया है।

**19 अप्रैल से शुरू होगा लोकसभा चुनाव :** देश की 543 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से सात चरणों में होंगे। लोकसभा के साथ-साथ विधानसभाओं के लिए वोटों की गिनती 4 जून को होगी।आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव 13 मई को होने हैं और वोटों की गिनती 4 जून को होनी है।गौरतलब है कि आंध्र प्रदेश विधानसभा में 175 सीटें हैं और किसी भी पार्टी को सरकार बनाने के लिए कम से कम 88 सीटों की जरूरत होगी।

**साल 2014 के चुनाव में ऐसा रहा था मुकाबला :** 2014 के विधानसभा चुनावों में, चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने 102 सीटों के बहुमत के साथ जीत हासिल की। जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी ने 67 सीटें जीतीं। भाजपा दो क्षेत्रीय दिग्गजों के खिलाफ चुनाव लड़कर केवल चार सीटें जीत सकी। 2019 के विधानसभा चुनाव में वाईएसआरसीपी ने 151 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ जीत हासिल की, जबकि टीडीपी 23 सीटों पर सिमट गई।

## नोएडा में जीआईपी मॉल के वाटर पार्क में नहाने आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत, शरीर पर मिले चोट के निशान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा के सेक्टर-38ए के जीआईपी मॉल स्थित वाटर पार्क में रविवार दोपहर दोस्तों संग आए दिल्ली के युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों को जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक, युवक के शरीर पर चोट के निशान हैं। पुलिस वाटर पार्क प्रबंधन से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, दिल्ली के आदर्शनगर का 25 वर्षीय धनंजय माहेश्वरी रविवार सुबह अपने दोस्तों अंशुल गुप्ता, राघव गुप्ता, सागर गुप्ता और पीयूष लांबा के साथ जीआईपी मॉल स्थित एंटरटेनमेंट सिटी वाटर पार्क में आया था। वह घर से सुबह 11 बजे निकला और दोपहर 12ः00 बजे नोएडा पहुंचा। वाटर पार्क में धनंजय और उसके चार अन्य साथी कॉस्टयूम लेने के बाद सीधे स्लाइडिंग पर पहुंचे। पांचों ने एक-एक कर स्लाइडिंग शुरू कर दी। जैसे ही धनंजय स्लाइडिंग करके नीचे आया, उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। वाटर पार्क के सुरक्षा कर्मियों ने इसकी सूचना अपने उच्च अधिकारियों को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जीआईपी मॉल प्रबंधन ने एंबुलेंस से धनंजय माहेश्वरी को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि सांस में दिक्कत होने पर धनंजय जमीन पर आकर बैठ गया था। परिजनों ने बताया कि धनंजय के पैर और कमर पर चोट के निशान थे, जिससे संदेह पैदा हो रहा है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। अगर मामले में कोई दोषी मिलता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। परिजनों को शिकायत देने के लिए कहा गया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## नक्सली नासूर पर नियंत्रण, निकालना होगा व्यवहारिक उपाय

तमाम प्रयासों के बावजूद छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना चुनौती बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर वहां नक्सली सक्रिय हो उठते और सुरक्षाबलों को चुनौती देते रहते हैं। अब तक वे बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों, राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। अभियान चला कर सुरक्षाबलों ने भी अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। उसी का नतीजा है कि बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दस नक्सली मारे गए। यह निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया। मगर वहां किस तरह नक्सली नासूर को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा, इसका दावा करना मुश्किल बना हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से पार पाने के लिए कठोर से कठोर दमन का रास्ता आजमा चुकी हैं, पर उनका मनोबल तोड़ पाने में विफल ही रही हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर शुरू में सरकार और नक्सली नेताओं के साथ बातचीत के प्रयास भी हुए, पर उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। फिर सरकार ने आदिवासियों के भीतर से ही नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह और दमन की रणनीति बनाई, पर वह भी कामयाब नहीं रही। उससे खून-खराबा जरूर कुछ अधिक बढ़ गया था। लंबे समय से अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। नक्सली समूहों को मिलने वाली वित्तीय मदद, साजो-सामान आदि की पहुंच रोकने और स्थानीय लोगों से उनकी दूरी बढ़ाने के भी प्रयास होते रहे हैं, पर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब तक इसका कोई व्यावहारिक उपाय नहीं निकाला जाता, इस समस्या पर काबू पाना कठिन बना रहेगा।

## राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान, टिप्पणियां अनुचित

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भारत सरकार ने सख्त एतराज जताया था। अब विदेशमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है कि उन्हें भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से परहेज करना चाहिए, नहीं तो इसका बहुत कड़ा जवाब मिलेगा। आमतौर पर अपेक्षा की जाती है कि हर राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करे और उनके आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करे, मगर अक्सर देखा जाता है कि कमजोर देशों के मामलों में ताकतवर देश हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। इसी आदत के चलते जर्मनी, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने भारत सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने की कोशिश की थी। ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन राजनयिकों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भारत किस कदर भ्रष्टाचार और धनशोधन संबंधी मामलों को लेकर गंभीर है। ऐसे मामलों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाता है। फिर भी उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की तो उससे यही जाहिर हुआ कि वे भारत के विपक्षी दलों के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी टिप्पणियों से विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना करने का आधार मिल गया था। यह ठीक है कि यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया। उस गिरफ्तारी में समय के चुनाव को लेकर भी सवाल उठे, क्योंकि तब तक आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी थी। इस तरह चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने का सैद्धांतिक पक्ष बाधित नजर आने लगा। मगर इस पर नजर रखने और कार्रवाई करने का अधिकार भारत के निर्वाचन आयोग और अदालतों को है, न कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका या जर्मनी के किसी राजनयिक को। यह भी ठीक है कि हर देश अपने राजनयिकों के जरिए दूसरे देशों की राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखता, वहां के चुनावों की खोज-खबर लेता रहता है।

# बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक

(ललित गर्ग)

*चिराग इस मामले में अन्य क्षत्रप या नेता पुत्रों से थोड़ा अलग इसलिए भी हैं कि उनका नजरिया और अंदाज भविष्योन्मुखी और विकासवादी प्रतीत होता है। यही कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिराग में राजनीतिक संभावनाओं को गहराई से समझा है। इन सबके बावजूद यक्ष प्रश्न यह है कि क्या चिराग अपने पिता की दलित राजनीति की विरासत को कोई नया आयाम दे पाएंगे। या फिर वह इस विरासत से इतर मुख्यधारा की राजनीति में अपनी काबिलियत दिखाएंगे।*

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले युवा नेता चिराग पासवान इन दिनों बिहार की राजनीति में लाइमलाइट में हैं। राजनीतिक कौशल एवं प्रभावी रणनीति के तहत तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूती देते हुए बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक बन रहा है। चिराग पासवान सक्षम जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मौलिक सोच एवं संवेदनाओं के प्रतीक हैं। उन्हें सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनाने एवं अपनी उपस्थिति का अहसास कराने का छोटी उम्र में बड़ा अनुभव है जो भारतीय राजनीति के लिये शुभता का सूचक है। लोकतंत्र का सच्चा जन-प्रतिनिधि वही है जो अपनी जाति, वर्ग और समाज को मजबूत करने के साथ देश को मजबूत करें। 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' की लड़ाई लड़ने वाले चिराग 14 करोड़ बिहारियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रतिबद्ध है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। गतदिनों भाजपा मुख्यालय से विनोद तावड़े ने बिहार के एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग का अपना फॉर्मूला सार्वजनिक किया, जिसमें भाजपा को 17 सीटें, जदयू को 16 सीटें तो चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) के खाते में 5 सीटें गईं। वहीं उपेंद्र कुशवाह और जीतनराम मांझी की पार्टी को एक-एक सीट दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास की एक बड़ी तस्वीर सामने आई, जिसमें नीतीश चिराग के कंधे पर हाथ रखे आशीर्वाद की मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह का एक चित्र पहले चर्चित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चिराग की पीठ थपथपाते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी को लेकर अक्सर बड़ी-बड़ी बातें हर किसी मंच से होती रहती हैं लेकिन कोई दल उन्हें प्रतिनिधित्व का मौका नहीं देता क्योंकि उनकी नजर में युवा वोट भर हैं। राजनीतिक दल उनका इस्तेमाल भीड़ और ट्रौलिंग के लिए करते रहते हैं। हालांकि इस मिथक को चिराग ने तोड़ा, 2014 के लोकसभा चुनाव में जमुई सीट पर 80 हजार से ज्यादा मतों से विजयी हुए थे तो एक ही संसदीय दौर में उन्होंने जनता का विश्वास इस कद्र जीता कि 2019 के चुनाव में चिराग ने 5 लाख से ज्यादा वोट हासिल करते हुए लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। करिश्माई व्यक्तित्व वाले चिराग ने आगामी चुनाव में एनडीए को बिहार में 40 में से 40 सीटें मिलने का दावा किया है। इसमें कोई संदेह भी नहीं है क्योंकि 2019 में जब एनडीए में 3 पार्टियां थी, तब 40 में से 39 सीटें जीती थीं और इस बार 5 पार्टियां हैं और लोगों का उत्साह बताता है कि बिहार में 40 सीटों के साथ एनडीए देश में 400 सीटों के लक्ष्य को आसानी से पार कर लेगा। चिराग पासवान एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा लोक जनशक्ति पार्टी के राजनेता है। वे भारतीय राजनीति में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले दलितों के शीर्ष नेता एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रामविलास पासवान के पुत्र हैं। चिराग ने न केवल बिहार की राजनीति में बल्कि समूची देश की राजनीति में युवा संभावनाओं को उजागर करने की खनक पैदा की है। यह वह आहट है जो भारत की राजनीति को एक नयी दिशा एवं दृष्टि प्रदत्त करेंगी। क्योंकि चिराग वोट की राजनीति के साथ-साथ सामाजिक उत्थान की नीति के चाणक्य है। वे रोजगार के नाम से एक एनजीओ भी चलाते हुए बिहार के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार दिलाने की मुहिम को संभव किया है। 'चिराग का रोजगार' एक मौलिक सोच की निष्पत्ति है और चिराग भारत की राजनीति में एक मौलिक सोच के प्रतीक नेता के रूप में उभर रहे हैं और मौलिकता अपने आप में एक शक्ति होती है, जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। मौलिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार या कार्यक्रम है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है। मौलिक विचार तथा काम के नये तरीके खोज निकालने वाला व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र की बड़ी रचनात्मक शक्ति होता है अन्यथा ऐसे लोगों से दुनिया भरी पड़ी है जो पीछे-पीछे चलना चाहते हैं और चाहते हैं कि सोचने का काम कोई और ही करे। चिराग ने भारत की राजनीति में युवा पीढ़ी के लिए कुछ नया सोचा है, कुछ मौलिक सोचा है, तो सफलता निश्चित है। वे इसी सोच से प्रदेश की राजनीति से केन्द्र की राजनीति की ओर अग्रसर होकर सफल नेतृत्व देने में सक्षम साबित होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। लोजपा अब पूरी तरह युवाओं के हाथ में है। चिराग युवा हैं, सक्षम है, प्रखर वक्ता है, कुशल संगठनकार एवं प्रबन्धक हैं और विगत में उन्होंने अनेक अवसरों पर अपनी इन क्षमताओं के साथ-साथ निर्णायकता साबित की है। कई मौकों पर यह बात सामने आई है कि बिहार के साथ-साथ केंद्रीय राजनीति के दांव-पेच और समीकरणों को भी वह अच्छी तरह जानने-समझने लगे हैं। हालांकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती दलित राजनीति के अगले ध्वजवाहक बनने और अपने लक्षित मतदाता समूह में पिता जैसी स्वीकार्यता पाने की होगी। चिराग नई लकीर खींचने में पारंगत है, वे अपने पिता की प्रतिछाया ही न बनकर कुछ नये प्रतिमान स्थापित करेंगे, राजनीति की नई परिभाषाएं गढ़ेंगे। क्योंकि वे विपरीत स्थितियों में सामंजस्य स्थापित करके भरोसा और विश्वास का वातावरण निर्मित करने में दक्ष है। युवापीढ़ी और उनके सपनों का मूर्च्छित होना और उनमें निराशा का वातावरण निर्मित होना- एक सबल एवं सशक्त राष्ट्र के लिये एक बड़ी चुनौती है। चिराग ने यह अनुभव किया, यह उनकी सकारात्मक राजनीति एवं मानवतावादी सोच का ही परिणाम है।

# स्थानीय मुद्दों में मगन पूर्वोत्तर

(चंदन कुमार शर्मा, प्रोफेसर, तेजपुर विश्वविद्यालय, असम)

पूर्वोत्तर राज्यों की कुल 25 लोकसभा सीटों पर चुनावी सरगरमी बढ़ गई है। यहां शुरुआती तीन चरणों में ही मत डाले जाएंगे। सबसे ज्यादा नजर असम पर है, जो 14 सांसदों को लोकसभा भेजता है। इसके बाद मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश से दो-दो सांसद चुने जाते हैं। नगालैंड, मिजोरम और सिक्किम के खाते में महज एक-एक सीट है। असम को छोड़कर यहां के सभी राज्यों में यह खास प्रवृत्ति देखी जाती है कि जिस पार्टी की केंद्र में सरकार रहती है, राज्यों में उसी का दबदबा रहता है। संसदीय चुनावों में यहां के स्थानीय दल राष्ट्रीय पार्टियों को समर्थन देते हैं, बदले में राष्ट्रीय पार्टियों का साथ लेकर वे विधानसभा में सत्तासीन होते हैं। फिलहाल, असम, मणिपुर और त्रिपुरा में भाजपा की सूबाई सरकार है, जबकि नगालैंड और मेघालय में उसके सहयोगी दलों की। मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट की सरकार है, जो कांग्रेस को समर्थन दे सकती है, तो सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में आम चुनाव के साथ ही विधानसभा के लिए भी वोट डाले जाएंगे। बहरहाल, पूर्वोत्तर के राज्यों में राष्ट्रीय मुद्दे प्रभावी तो हैं, लेकिन उससे ज्यादा स्थानीय मुद्दे मतदाताओं को लुभाते दिख रहे हैं। यहां निर्विवाद रूप से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर ज्यादा चर्चा हो रही है। इसके खिलाफ पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में पहले काफी विरोध-प्रदर्शन हो चुके हैं, लेकिन सच यह भी है कि जो नेता उस समय आंदोलन की अगुवाई करते थे, उनमें से कई अब सत्ताधारी दल के साथ गठजोड़ बना चुके हैं। इतना ही नहीं, टिपरा मोथा जैसी पार्टी खुलकर सीएए के खिलाफ थी, लेकिन अब एनडीए का हिस्सा बन चुकी है। एनडीए की सहयोगी होने के बावजूद असम गण परिषद और नेशनल पीपुल्स पार्टी भी सीएए के खिलाफ मुखर थीं, लेकिन अब कुछ हद तक यह मामला शिथिल पड़ गया है। हालांकि, स्थानीय लोग अब भी मानते हैं, यह कानून स्थानीय जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ सकता है। मणिपुर हिंसा की ताप अब तक महसूस की जा रही है। अनवरत जारी अस्थिरता ने स्थानीय मैइती समुदाय को भी खासा नाराज किया है और वे खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर करने लगे हैं। बाहरी मणिपुर हिंसा से काफी ज्यादा प्रभावित हुआ है। वहां आपूर्ति श्रृंखला को बहाल करने की चुनौती बनी हुई है। अमन-चैन लाने के साथ-साथ म्यांमार से आते हुए शरणार्थियों का समाधान ढूंढ़ना भी यहां का बड़ा मुद्दा है। उखरुल, तमेंगलोंग जैसे पहाड़ी इलाके भी इस अस्थिरता से प्रभावित हुए हैं। यहां के लोग कुकी समस्या का समाधान भी चाह रहे हैं। इस हिंसा का असर मिजोरम पर भी पड़ा है। यहां बेशक एक ही सीट है, लेकिन मिजो नेशनल फ्रंट का मिजाज एनडीए से जुदा दिख रहा है। म्यांमार से मुक्त आवागमन संबंधी व्यवस्था, यानी एफएमआर को खत्म करने का एलान भी चुनाव में छाया हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया था कि म्यांमार से लगी सीमा की बाड़ेबंदी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत और म्यांमार अपनी 1,643 किलोमीटर सीमा साझा करते हैं, दोनों तरफ के लोगों के बीच पारिवारिक रिश्ते को देखते हुए निर्बाध आवागमन की व्यवस्था की गई थी, जिसके तहत शुरू में 40 किलोमीटर तक आने-जाने की व्यवस्था की गई, जिसे 2004 में घटाकर 16 किलोमीटर कर दिया गया। म्यांमार की यह सीमा मिजोरम (510 किलोमीटर) के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश (520 किलोमीटर), नगालैंड (215 किलोमीटर), मणिपुर (398 किलोमीटर) से भी लगती है। अरुणाचल प्रदेश में स्थानीयता बनाम बाहरी जैसे मसले भी चर्चा में है। इसी कारण यहां आदिवासी व ईसाई एक-दूसरे के खिलाफ खड़े दिखते हैं। बड़े-बड़े बांधों की भी यहां चर्चा हो रही है, लेकिन ये चुनाव पर शायद ही असरंदाज होंगे। यह सही है कि पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में ढांचागत विकास काफी हुआ है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5334


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5333

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5334



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 01 मई 1960 को भाषाई संघर्ष के कारण बंबई (अब मुंबई) राज्यों का बंटवारा कर महाराष्ट्र एंव इस राज्य की स्थापना की गई (4)
5. 26 अप्रैल 1975 को भारत में इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया (3)
7. चुनौती (4)
8. दुर्दशा, दुर्गति (4)
10. रिवाज, रस्म, प्रथा (2)
11. हिम्मत, पराक्रम, वीरता (3)
13. दफा, मर्तबा, मदिरालय, मयकदा (2)
14. दी गई उपाधि को यह भी कहा जाता है (3)
16. छोर, किनारा, राजा भोज की नगरी (2)
17. संख्या सूचक अंक, अदद, गणना, संख्या (3)
19. राजा या सम्राट को यह भी कहा जाता है (2)
20. वह क्रिया जिसमें यह पता चलता है कि किसी अंक को एक से अधिक बार जोड़ने पर कितना प्राप्त होता है (2)
21. नजदीक, करीब, निकट (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ये भारत के पहले कार्य वाहक प्रधानमंत्री बने (8)
2. वारि, आब, पंचतत्वों में से एक (2)
3. पूर्णिमा की रात को यह भी कहा जाता है (2)
4. पक्षपाती, हिमायती, समर्थक (5)
5. सेनापति, सेनानी, सेनाध्यक्ष, कमांडर (6)
6. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)
9. आवृत्ति, स्तर, सतह (2)
12. हकीकत, सत्यता, यथार्थ (2)
13. यह भारत का प्रथम मुगल सम्राट था (3)
15. अन्य रंग के धब्बों वाला, चितकबरा (3)
16. गुमान, मान्यता, विचार, समझ (3)
18. इस देश को यूनान भी कहा जाता था जिसकी राजधानी एथेंस है (2)

### वर्ग पहेली 5333 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | पा | न | | | बे | त | वा |
| फ | ल | दा | य | क | | ब | म |
| रा | | र | ह | मा | न | | ह |
| न | न | द | | ई | | ह | स्त |
| | या | | म | | जा | वा | |
| श | रा | फ | त | | त | म | क |
| रा | स्ता | | ल | ता | | ह | |
| बी | | क | बी | र | | ल | क्ष्य |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है और आपको पैसे कमाने के लिए काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। धर्म आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मांगलिक कार्य में बीतेगा।

### वृष
आज शाम तक आप कोई बड़ी डील कर सकते हैं। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आज चंद्रमा आपको शुभ फल देंगे। आज बिजनस के मामले में कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं। आपको ऑफिस से अच्छे काम के लिए विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

### मिथुन
आज का दिन आर्थिक मामलों में लाभ देने वाला होगा। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव न हो इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें।

### तुला
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय प्राप्त होगी और स्थान परिवर्तन की योजना से आपको लाभ होगा। दिन के उत्तरार्द्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

### वृश्चिक
आज काफी क्रिएटिव है और आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में कहीं जरूरी कार्य के लिए अचानक से जाना पड़ सकता है।

### धनु
आज का दिन काफी रचनात्मक है और आपको कोई कार्य पूर्ण करने में लाभ होगा। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

### कर्क
आज का दिन सफलता से भरा होगा और आपकी सभी कार्य योजनाएं सफल होंगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद बीतेगा और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है।

### सिंह
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी सभी कार्य योजनाएं सफल होंगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं।

### कन्या
आज का दिन सामान्य है। साझे में किए काम में आपको व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े और उनके करियर में कोई ऐसा मोड़ आए कि आपको उनकी मदद करना जरूरी हो।

### मकर
आज का दिन लाभ देने वाला है। आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और पैसों से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा कर सकते हैं।

### कुंभ
आज आर्थिक मामलों में कुछ परेशानी और समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए प्रयास करते रहें तो आपको सफलता मिलेगी। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी और व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी और आपको लाभ होगा।

### मीन
आज का दिन हर काम को सावधानी और सतर्कता से करने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाएं तो आपको फायदा होगा। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानकर लाभ हासिल कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### जंगली हाथी का आतंक-गुदड़ी क्षेत्र में 6 घर क्षतिग्रस्त, वनविभाग हाथी को भगाने में नाकाम

चाईबासा, एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम के गुदड़ी क्षेत्र में इन दिनों ग्रामीण हाथियों के आतंक से परेशान हैं। जंगली हाथी रात के समय गाँव में पहुँचकर ग्रामीणों के घर को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ घर में रखे अनाज भी चट कर जा रहे हैं। इससे ग्रामीण काफी परेशान हैं। बीती रात को कुटीपी गाँव में एक जंगली हाथी पहुँच गया और गाँव के 6 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत से हाथी को भगाया। पीड़ित ग्रामीणों ने वन विभाग से मुआवजा देने की माँग की है। गुरुवार और शनिवार की रात को भी गुदड़ी क्षेत्र के दो गाँवों में हाथी ने दो घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया था।जंगली हांथी के आतंक से ग्रामीण काफी डरे सहमे हुए है।वहीं वनविभाग के लाख कोशिशों के बाद भी जंगली हाथी को सुरक्षित जगंल में वापस भेजने में नाकाम दिख रही है।

### सिंदरी में महिला फुटबॉल खिलाडी ने लगाई फांसी,

रांची, एजेंसी। सिंदरी रांगामटिया रेनबो क्लब के समीप क्रशर बस्ती निवासी व फुटबॉल खिलाड़ी 15 वर्षीय प्रीति राउत ने रविवार की दोपहर अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिवार के लोग घटना का कारण आर्थिक तंगी बता रहे हैं। प्रीति ने जब फांसी लगाई, उस दौरान उसकी मां और दादी घर के बाहर बैठ कर काम कर रही थीं। पिता माधव गोप उर्फ गोपी गोप, भाई करण राउत व अन्य बाहर काम पर गए हुए थे। लौटने पर प्रीति को फंदे से लटकते देखा। आनन-फानन में उसे उतारकर अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतका के भाई करण ने बताया कि प्रीति फुटबॉल खिलाड़ी थी और उसने कई मेडल जीतकर परिवार का नाम रोशन किया था, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह अपनी प्रतिभा नहीं दिखा पा रही थी। इस कारण उसका मन उदास रहता था। आठवीं की पढ़ाई के बाद उसने स्कूल जाना भी बंद कर दिया था। घटना की सूचना पाकर बलियापुर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। बलियापुर पुलिस ने बताया कि प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### लुका-छुपी खेलते समय तीन साल की बच्ची की मौत, आंगन में जिंदा जली

रांची, एजेंसी। झारखंड में एक तीन साल की मासूम अपनी ही आंगन में तड़प-तड़पकर जिंदा जलकर मर गई। इस हृदय विदारक घटना को जिसने भी सुना उसके आंखों से आंसू निकल गए। यह घटना उस वक्त की है जब माता-पिता शादी के खरीदारी के लिए बालूमाथ के बारियातू गए हुए थे। मासूम बच्ची लुका-छुपी खेल रही थी। यह चतरा जिले के कोयद पंचायत के बरकुटे गांव की घटना है। जानकारी के अनुसार आशीष साव अपने तीन बच्चों को घर में छोड़कर मार्केटिंग के लिए बाहर गया हुआ था। घर में एक चाची थी, जो बाहर कहीं गयी हुई थी। बताया गया कि शनिवार की शाम तीनों नौनिहाल अपने घर में खेल रहे थे। यह घटना शनिवार की देर शाम की है। आंगन के सामने ही एक अल्बेस्टस के रूम में पुआल रखा हुआ था। जिसमें अचानक आग लग गयी। और नौनिहाल वहीं छुपा-छुपी खेल रही थी। इसी बीच पुआल में अचानक आग लग गयी और धुआं उठने लगा। परिजनों के अनुसार तीन बच्चों में से दो किसी प्रकार बाहर निकल गए, पर तीन साल की बच्ची आग से घिर गयी। बाहर निकलने वाले बच्चे हल्ला तो मचाए पर तब तक देर हो गयी थी। ग्रामीणों के अनुसार बच्चों के चिल्लाने पर और घर से धुआं निकलता देख अगल-बगल के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। लिहाजा आशीष साव की 3 वर्षीय मासूम बच्ची पूरी तरह झुलस गई और उसकी मौत हो गयी। दूसरी ओर जब परिजन आए, तो पश्चाताप के आंसू के सिवा कुछ नहीं बचा। पुआल में आग कैसे लगी, यह तो कोई नहीं जानता पर एक चिंगारी ने मासूम की जान ले ली। इधर इस घटना के बाद परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा है। यह घटना टंडवा में चर्चा का विषय बना हुआ है।बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कृषि बाजार परिसर में रविवार की दोपहर आग लग गई। अगलगी में बरवाअड्डा थाने की ओर से जब्त कर कृषि बाजार परिसर में रखे गए आठ चारपहिया वाहन जलकर राख हो गए। आग कृषि बाजार परिसर में रखे कचरे में लगी, जो वाहनों तक जा पहुंची। समय रहते आग पर काबू पा लिया अन्यथा सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो जातीं।

# मवेशियों से लदा कंटेनर पलटा, दम घुटने से 25 की मौत, तीन लोग चढ़े पुलिस के हत्थे



**सारठ (देवघर), एजेंसी।** झारखंड में शनिवार की मध्य रात्रि लगभग 1 बजे मवेशियों से लदा एक कंटेनर असंतुलित होकर पलट गया। इसमें लदे 25 मवेशियों की मौत हो गई। घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर में सवार तीन को पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। यह पालोजोरी खागा थाना क्षेत्र के महेशबथान- मुर्गाबनी मोड़ के पास की घटना है।

कंटेनर में से 25 मवेशियों की मौत दम घुटने से हो गई। कंटेनर का नम्बर एनएल 01 एजी 0432 है। पालाजोरी के ऊपरबंधा पशु चिकित्सालय में कार्यरत टीवीओ अशोक कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा की अधिकतर मवेशी की मौत दम घुटने से हुई है। कंटेनर पर सवार अन्य 8 से 10 मवेशी की इलाज भी की गई है। महेशबथान- मुर्गाबनी गांव के लोगों का कहना है कि इस रास्ते से होकर अक्सर मध्य रात्रि को कंटेनर गुजरती है। घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने के बाद आमजन के साथ-साथ जेसीबी व ट्रैक्टर के माध्यम से मृत मवेशियों को सिरसिया पहाड़ी लाया गया व मवेशियों को गड्ढे में डालकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दर्ज प्राथमिकी में मोहम्मद असद राजा खान पिता इश्तियाक खान गया, सरफराज कुरैशी पिता जाहिद कुरैशी जिला भभुआ बिहार ,शमशाद कुरैशी पिता स्वर्गीय शनिफ कुरैशी थाना भभुआ कैमूर, मोहम्मद इफरार कंटेनर का खलासी थाना सरमा बाजार जिला गया, सारठ थाना क्षेत्र के समीम, मधुपुर थाना क्षेत्र के नसरुल, सारवां थाना का शमीम अंसारी, सारवां थाना क्षेत्र के नवाडीह गांव का रहने वाला फुरकान अंसारी, लाल बाबू खान ग्राम मलिक डंगाल सारठ, रामकिशन यादव थाना मोहनपुर प्रखंड मोहनपुर व शबीर अंसारी ग्राम नवादीह थाना सारवां, इसके अलावा डब्लू जो कंटेनर के आसपास स्विफ्ट डिजायर सवार होकर चल रहा था को अभियुक्त बनाया है। इसमें से तीन व्यक्ति मोहम्मद असद राजा ,सरफराज कुरेशी एवं शमशाद कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

**तस्करी कर बांग्लादेश भेजे जाते हैं मवेशी :** सारठ ,खागा व बगदाहा के रास्ते मवेशियों की तस्करी कर उसे बांग्लादेश भेजा जाता है। यह खेल लंबे अरसे से चल रहा है। पूर्व में भी ऐसी सूचना मिलती आ रही थी कि खागा बगदाहा के रास्ते पशु तस्करी के काम को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन पुलिस को अब तक सफलता नहीं मिली थी। लेकिन कंटेनर के पलटने के बाद व पुलिस के गिरफ्त में आए लोगों से पूछताछ के बाद कई तरह के खुलासे हो सकते हैं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की पूछताछ जारी थी।

**पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज :** इसके बाद खागा थाना में पशु क्रूरता अधिनियम 1960 4बी, बिहार झारखंड संवर्धन संरक्षण 1955 एवं 12 झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। ग्रामीणों ने बताया कि कंटेनर को खोला गया तो 25 मवेशी की मौत दम घुटने से हो गई। पालाजोरी के ऊपरबंधा पशु चिकित्सालय में कार्यरत टीवीओ अशोक कुमार भी पहुंचे। कंटेनर पर सवार अन्य 10 मवेशी की इलाज की गई है। वहीं दूसरी ओर मांझी मटेरिया सहित आसपास के गांव के लोगों का कहना है कि इस रास्ते से होकर अक्सर मध्य रात्रि को कंटेनर गुजरती है। लेकिन कंटेनर के अंदर मवेशी हो सकती है उन्हें इस बात का अंदाजा नही था।

**11 मवेशी मिले जीवित :** पुलिस ने कंटेनर खोला तो उसमें 30 से अधिक मवेशी मृत पड़े थे. वहीं दो की हालत गंभीर बनी हुई थी. कंटेनर में 11 मवेशी जीवित पाये गये. पुलिस ने गया जिला के बाराचट्टी थानांतर्गत सरमा बाजार निवासी कंटेनर के चालक अरशद खान, कैमूर जिले के मोहनिया थानांतर्गत बेलोरी निवासी सरफराज कुरैशी एवं शमशाद कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस तीनों को कस्टडी में लेकर थाने ले आयी है.

**दम घुटने से मवेशियों की मौत की आशंका :** ग्रामीणों ने बताया कि कंटेनर के अंदर पशुओं को क्रूरता से बांध कर रखा गया था. संभवतः दम घुटने से मौत हुई होगी. घटनास्थल पर पहुंचे खागा थाना प्रभारी मणिलाल सिंह एवं सारठ थाना प्रभारी सूरज कुमार ने हिरासत में तीनों आरोपियों से पूछताछ की. वहीं, सभी मृत मवेशियों को ट्रैक्टर में लाद कर सिरसिया पहाड़ के पास दफना दिया गया. इस पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी भी पुलिस द्वारा करायी गगी है. इधर, पुलिस ने बताया कि एसपी को इसकी गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद उस रास्ते पर गश्ती लगायी थी.

## जमशेदपुर में चोरी की अनोखी वारदात, सेल्स गर्ल की आंख में मिर्च पाउडर डाल 3 लाख के जेवर लेकर फरार




**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत शॉपर्स स्क्वॉयर मॉल स्थित दरबार ज्वेलर्स में रविवार शाम 6.38 बजे स्थित एक बदमाश ने सेल्स गर्ल की आंख में मिर्ची पाउडर फेंककर लगभग तीन लाख रुपये की दो चेन व दो अंगूठी ले भागा। युवक की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई है। उसकी तलाश में पुलिस ने मानगो के आजाद बस्ती में छापेमारी की है। युवक नीले रंग की टी-शर्ट ओर लोवर पहने हुए था।

शॉपर्स स्क्वॉयर मॉल के अधिकांश कर्मचारी घटना के दौरान इफ्तार में व्यस्त थे। दिल्ली दरबार ज्वेलर्स के कर्मचारी भी इफ्तार के बाद नमाज पढ़ने गए थे। दुकान में एक महिला सेल्स गर्ल अकेली थी। इस बीच करीब 6.35 बजे एक युवक आया। उसने कहा कि उसे चेन लेनी है, जिसकी फोटो खींचकर पहले भेजना है। उसने यह भी कहा कि उसे करीब 20 चेन दिखाए, जिसकी वह फोटो खींचेगा उसके बाद उसे वह अपनी पत्नी के पास भेजेगा। किसी एक चेन के चुनने के बाद वह उसे खरीदेगा। सेल्स गर्ल ने उसे 12 चेन दिखाई। चेन के ट्रे में रखने के बाद सेल्स गर्ल उसके पास ही बैठी रही।

इस दौरान युवक उसे बार बार दूसरी चेन दिखाने के लिए कह रहा था। इस बीच वह युवक लगातार किसी से फोन पर बात करते हुए चेन के बारे में बता रहा था। वह युवक महिला के सामने आकर बैठ गया और अचानक अपनी जेब से मिर्ची पाउडर निकालकर सेल्स गर्ल के ऊपर फेंका। सेल्स गर्ल ने बताया कि उस युवक की गतिविधियों से उसपर उसे शक हो गया था, लिहाजा वह सतर्क हो गई। उसने चेन के ट्रे को इस तरह से पकड़ रखा था कि वह उसे न ले सके। इसके बावजूद वह छह चेन और दो अंगूठी उसमें से उठाकर भागा।

सेल्स गर्ल ने शोर मचाया तो मॉल में मौजूद लोग उसके पीछे भागे। भागने के दौरान उसने चार चेन फेंक दिया, जबकि दो चेन व दो अंगूठी लेकर भागने लगा। लोगों ने उसका पीछा किया तो उसने जेब से चाकू निकाल लिया और जो लोग उसके करीब पहुंच गए थे, उनपर हमला कर दिया।

## सदर अस्पताल में बिना जरूरत भेज दी लाखों की 12 हाई फ्लो मशीन



**धनबाद, एजेंसी।** सरकारी पैसे की बर्बादी देखनी है सदर अस्पताल आईए। यहां लाखों रुपए की चिकित्सीय मशीनें बेकार पड़ी हैं। बावजूद बिना जरूरत और बिना किसी मांग के मशीनें भेज दी जा रही हैं। ताजा मामला इस अस्पताल को दी गई लाखों की कीमत की 12 हाई फ्लो मशीन की है, जिसे यहां जबरन भेज दिया गया है। ये मशीनें डॉक्टरों और कर्मचारियों के लिए भी सिरदर्द बनी है। ऐसी दर्जनों मशीनें यहां बेकार पड़ी हैं। इस अस्पताल को चिकित्सीय उपकरणों की कब्रगाह बना दिया गया है।

अधिकारियों की मानें तो कोविड के दौरान उपलब्ध कराई गई 30 से 35 हाई फ्लो मशीन यहां पहले से बेकार पड़ी है। इसकी न तो यहां जरूरत है और न कभी इस्तेमाल किया गया। अब 12 मशीनें और भेज दी गई हैं। पुरानी मशीनों की तरह ये भी बेकार पड़ी रहेगी। राज्यस्तर से मशीन की खरीदारी कर सीधे यहां भेज दी गई। न तो इस अस्पताल की जरूर पूछी गई और न मशीन की उपयोगिता। बड़े अधिकारियों के दबाव में इन मशीनों को रखना मजबूरी है। मशीन का इस्तेमाल नहीं होगा और यह पड़े पड़े खराब होगी तो इसका अलग से जवाब देना पड़ेगा।

कोविड के दौरान पीएम केयर्स फंड से जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने सदर अस्पताल को तीन दर्जन वेंटिलेटर उपलब्ध कराया था। इसके अलावा सेंट्रल हॉस्पिटल, रेलवे हॉस्पिटल एवं कुछ प्राइवेट अस्पतालों को भी वेंटिलेटर दिया गया था। कोविड के बाद ये सभी वेंटिलेटर भी वापस आ गया है। ये सभी यहां बेकार पड़ा है।

## सिंदरी, जामाडोबा और भेलाटांड़ की जलापूर्ति क्षमता बढ़ेगी

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद निगम क्षेत्र में जलसंकट की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने विभिन्न निर्देश जारी किया है। शनिवार को नगर आयुक्त रविराज शर्मा की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सिंदरी, जामाडोबा एवं भेलाटांड़ जलसंयत्रों में जलापूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार को पत्र भेजा जाएगा।

नगर आयुक्त ने कहा कि आमलोगों को गर्मी में परेशानी नहीं हो, इसके लिए जूडको एवं एलएनटी को जलापूर्ति योजनाओं का परिचालन के लिए वॉल्ब ऑपरेटर नियुक्त करने का आदेश दिया गया। निगम की ओर से चिह्नित ड्राई जोन में आवश्यकतानुसार टैंकर से जलापूर्ति होगी। इसके लिए मेमको मोड़ ईएसआर एवं मटकुरिया में फिलिंग स्टेशन के मरम्मत का निर्देश दिया गया।

नगर आयुक्त ने झमाडा के जामाडोबा डब्ल्यूटीपी के लिए डेडिकेटेड बिजली व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रतिदिन कम से कम 22 घंटे बिजली आपूर्ति करने का निर्देश दिया। धनबाद शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम, झमाडा, विद्युत विभाग व पेयजल विभाग के बीच सूचना का आदान-प्रदान होगा। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया।

## रिम्स में तैनात होंगे 100 बंदूकधारी जवान, नए सिरे से क्यों कराया जा रहा सिक्योरिटी सर्वे




**रांची, एजेंसी।** रिम्स परिसर की व्यवस्था चाक-चौबंद की जाएगी। अस्पताल के साथ हॉस्टल और आवासीय परिसर की सुरक्षा को भी दुरुस्त किया जाएगा। आए दिन मरीज के परिजन और चिकित्सकों के बीच होने वाली झड़प को देखते हुए रिम्स में बंदूकधारी जवान तैनात किए जाएंगे। रिम्स प्रबंधन ने इसके लिए एक विस्तृत प्रस्ताव बनाकर स्वास्थ्य विभाग को भेजा है।

रिम्स प्रबंधन के अनुसार, हॉस्पिटल में कई ऐसे संवेदनशील स्थल हैं, जहां आए दिन तनाव उत्पन्न होता रहता है। रिम्स के उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी के अनुसार ट्रॉमा सेंटर, कैजुअल्टी, सभी विभागों के आईसीयू और ओपीडी में सशस्त्रत्त् जवानों की तैनाती की योजना है।

फिलहाल 100 सशस्त्रत्त् जवानों की तैनाती के लिए स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया गया है। इसके लिए सैप के जवानों को सशस्त्रत्त् करके रिम्स में तैनात करने का अनुरोध किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की संचिका लौटने के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

रिम्स परिसर की सुरक्षा को लेकर प्रबंधन नए सिरे से सिक्युरिटी सर्वे करा रहा है। उपाधीक्षक ने बताया कि हाल के दिनों में रिम्स में कई नए भवन का संचालन शुरू हो चुका हैं। आवासीय परिसर में भी सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। इसलिए अस्पताल के साथ साथ नए बने भवनों में और आवासीय परिसर में सुरक्षा दुरूस्त करने को लेकर कहां कहां कितने सुरक्षा कर्मियों की जरूरत है, इसका आकलन किया जा रहा है। पूर्व निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद के द्वारा पूर्व में रिम्स के लिए 600 सुरक्षा कर्मियों की जरूरत बताते हुए विभाग से तैनाती की व्यवस्था का अनुरोध किया गया था। अब नए सिरे ो सर्वे कराकर उसके अनुसार अनुरोध किया जाएगा।

**डीएसपी के साथ 20 जवानों की पुनः तैनाती का अनुरोध :** उपाधीक्षक ने बताया कि पूर्व में रिम्स में एक डीएसपी के साथ पुलिस बल के 20 जवान तैनात किए गए थे। लेकिन, बाद में उसे हटा लिया गया। इस कारण आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए भी स्वास्थ्य विभाग से अनुरोध किया गया है कि पूर्व की तरह एक डीएसपी के साथ सशस्त्रत्त् बल के 20 जवानों की तैनाती की जाए। उन्होंने बताया कि रिम्स के लिए पूर्व में ही सैप के 200 जवानों की मांग की गयी थी। इसके लिए डीजीपी व मुख्य सचिव को पत्र भेजा जा चुका है। लेकिन, अब तक महज 48 के करीब सैप की ही तैनाती हुई है।रिम्स की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा कर्मियों की संख्या में तो लगातार इजाफा हो रहा है।

## लातेहार के डेमू गांव में संदिग्ध हालत में आदिवासी युवती का शव बरामद, 25 अप्रैल को होने वाली थी शादी

**लातेहार, एजेंसी।** सदर थाना क्षेत्र के डेमू गांव में सोमवार की सुबह एक आदिवासी युवती मनीता कुमारी का शव पुलिस ने बरामद किया है। मनीता की शादी तय हो गई थी और 25 अप्रैल को उसकी शादी होने वाली थी, लेकिन सोमवार को उसका शव बरामद किया गया।

घटना कैसे हुई, इस पर अभी भी संशय बना हुआ है। हालांकि, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, लेकिन पुलिस का कहना है कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।सुबह गांव के कुछ लोगों ने आंगनबाडी केंद्र के पास स्थित महुआ के पेड़ के नीचे एक लड़की का शव देखा। इसके बाद जब ग्रामीणों ने हंगामा किया तो वहां बड़ी संख्या में लोग जुट गए और इसकी पहचान मृतक डेमू गांव निवासी मनिता कुमारी के रूप में हुई। इसके बाद घटना की तत्काल जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई।युवती की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी स्थानीय मुखिया और पुलिस प्रशासन को भी दी। बताया जाता है कि मनिता कुमारी की शादी तय हो गयी थी और 25 अप्रैल को बारात आने वाली थी।घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। तिलक में देने के लिए सभी उपहार भी खरीदे जा चुके थे। इसी बीच सोमवार की सुबह यह घटना घटी।

## बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोनिक सर्कुलेशन का रांची में दिख रहा असर, 9 अप्रैल तक वर्षा की संभावना

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य का के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। राज्य के कई जिलों में वर्षा होने की संभावना है। रविवार से मौसम का मिजाज बदलेगा।मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में 12 अप्रैल तक वर्षा हो सकती है।

दरअसल, बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन रहा है। इस वजह से 7 अप्रैल से 9 अप्रैल तक राज्य के कई हिस्से में वर्षा होने की संभावना है। इसका असर राजधानी में भी देखने को मिलेगा। राजधानी व आसपास मेघगर्जन के साथ आंशिक बादल छाए रहेंगे।



इस दौरान गरज के साथ वर्षा होने की संभावना है। इसके बाद 9 और 11 अप्रैल को मौसम शुष्क बना रहेगा। साथ ही 10 और 12 अप्रैल को हल्की वर्षा हो सकती है। रांची व आसपास के जिलों में 8 और 9 अप्रैल को कई स्थानों पर मेघगर्जन के साथ वर्षा हो सकती है।

इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के संकेत हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है। 9 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में कहीं कहीं मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो पूरे राज्य में कहीं कहीं हल्की वर्षा हुई।

# शादी से 17 दिन पहले युवती की संदिग्ध मौत, लातेहार में पेड़ से लटका मिला शव; हत्या या सुसाइड, जांच में जुटी पुलिस



**लातेहार, एजेंसी।** लातेहार में एक युवती की शादी से 17 दिन पहले संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सोमवार को उसका शव घर से 50 मीटर की दूरी पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। युवकी की पहचान मनीता कुमारी( 18 ) के रूप में हुई है। 25 अप्रैल को उसकी शादी थी। बताया जा रहा है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हो सकता है। साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि मनीता को लड़का पसंद नहीं था। इसलिए उसने आत्महत्या की है। हालांकि, हत्या है आत्महत्या..पुलिस दोनों एंगल पर जांच कर रही है। इसके लिए पुलिस टीम की ओर से युवती की परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है।

फिलहाल, पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पूरे मामले का खुलासा हो पाएगा। परिजनों का कहना है कि रविवार तक सब कुछ सही था। रात में खाना खाकर परिवार के सभी सदस्य सोने चले गए। सुबह देखा तो मनीता घर पर नहीं थी। इसी दौरान महुआ चुनने गए कुछ लोगों ने मनीता के शव को पेड़ से लटका देखा।

इसके बाद इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने इसकी सूचना पंचायत के मुखिया पति गोपाल सिंह को दी। सूचना मिलते ही मुखिया पति घटनास्थल पहुंचे और इसकी जानकारी स्थानीय थाने को दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से युवती के शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतका के भाई किशुन सिंह ने बताया कि मार्च महीने में उसकी बहन के विवाह को लेकर बातचीत हुई थी। जिसके बाद परिजनों के सहमति पर 25 अप्रैल को चैनपुर के कुरका ग्राम में शादी तय किया गया था। शादी को लेकर हमलोग महिला समूह से दो लाख लोन लेकर विवाह की समान खरीदारी में जुटे हुए थे।भाई ने बताया कि रिश्ता तय होने के बाद मृतिका गुमसुम रहने लगी थी। पिछले कुछ दिनों से वह अजीब बर्ताव भी करने लगी थी।

## रांची में छठी के छात्र ने सहपाठी का गर्दन कैंची से गोदा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के रांची के धुर्वा स्थित कैरलि स्कूल में दो बच्चों के बीच झड़प की घटना सामने आई है। बीते शुक्रवार को छठी कक्षा के छात्रों के बीच हुई झड़प में एक छात्र काफी उग्र हो गया और अपने ही सहपाठी पर कैंची से वार कर दिया। छात्र ने सहपाठी के गर्दन और कलाई पर वार किया, जिससे वह खून से लथपथ हो गया। जानकारी के अनुसार, छात्र को तुरंत पारस अस्पताल ले जाया गया। हालांकि प्राथमिक उपचार के बाद परिजन छात्र को लेकर चले गए। एक प्रत्यक्षदर्शी छात्र ने बताया कि लंच के दौरान दोनों छात्रों में किसी बात को लेकर झगड़ा शुरू हो गया था। इसी बीच दूसरे साथी ने बैच से कैंची निकाली और अपने सहपाठी पर वार कर दिया।परिजनों ने मामले की शिकायत थाने में नहीं की है। चिकित्सकों ने चोट को देखते हुए अन्य जांच की सलाह दी, लेकिन परिजन छात्र को लेकर चले गए। जानकारी मिली है कि दूसरे छात्र को निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि स्कूल में छात्रों के बीच कहासुनी होती रहती है। इसी में एक छात्र को मामूली चोट लग गई। इस मामले की जानकारी थाने को भी दे दी गई थी।मामले को लेकर झारखंड अभिभावक संघ ने गंभीरता से लिया और जिला प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री असीम अरूण ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले- सूर्यास्त बाद निकलना था मुश्कि, अब है कानून राज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने कहा कि सपा सरकार में सूर्यास्त के बाद निकल नहीं सकते थे लेकिन आज कानून का राज कायम है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों और अपराधियों पर कार्रवाई जारी रहेगी। प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण हरदेवी स्कूल में भाजपा के बूथ सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अतरौली क्षेत्र पूर्व सीएम कल्याण सिंह की जन्म भूमि है। वह कहा करते थे कि कोई भी चुनाव बिना कार्यकर्ताओं के नहीं जीता जा सकता, जहां से अच्छा संदेश जाना चाहिए। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

### ससुराली कर रहे विवाहिता का उत्पीड़न, पीटने के बाद कमरे में किया बंद

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में छत्ता थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पिटाई लगाने के बाद कमरे में बंद किया। पुलिस ने उसे मुक्त कराया। परिजन का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने ससुरालीजन पर कार्रवाई नहीं की है।

जीवनी मंडी निवासी शिवानी चौहान ने पुलिस को बताया कि पांच वर्ष पहले बेलनगंज निवासी रिषभ शर्मा से शादी हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। शादी के बाद से ही ससुराली उत्पीड़न कर रहे हैं। 1 अप्रैल को पति, सास, ननद, ससुर ने मारपीट की। इसके बाद कमरे में बंद कर दिया। वह किसी तरह कमरे से बाहर निकली। भाई को घटना की जानकारी दी। भाई ने पुलिस की मदद से उसे मुक्त कराया। आरोप लगाया कि पुलिस ने आरोपी ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। वह घर पर ताला डालकर फरार हो गए। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पति रिषभ, ससुर राजकुमार, सास रजनी शर्मा, ननद आकृति, पूजा, प्रीति शर्मा के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, हत्या के प्रयास सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

### बदायूं से चुनाव नहीं लड़ेंगे शिवपाल: बेटे आदित्य के नाम का किया एलान

**बदायूं , एजेंसी।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनके स्थान पर अब बदायूं लोकसभा सीट से उनके बेटे आदित्य यादव उम्मीदवार होंगे। शिवपाल ने रविवार को बिसौली विधानसभा क्षेत्र के अहमदगंज की चुनावी सभा में यह घोषणा की। उनका बयान शाम तक सोशल मीडिया पर वायरल भी हो गया। शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि यह चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। फिर आदित्य यादव का नाम लिए बगैर ही बोले, चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अब तो बन गए हैं....पता है, पता है, इसके बाद लोगों की ओर से नाम आया आदित्य यादव। आदित्य यादव जिंदाबाद के नारे भी लगे फिर शिवपाल सिंह यादव ने स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा- देखिए, पहले तो लखनऊ से उनका ही नाम चला था। लेकिन खासतौर से युवाओं की मांग पर अब आदित्य यादव प्रत्याशी हो गए हैं। बहुत ही जल्दी नवरात्र में उनका नामांकन हो जाएगा। नवरात्र में शुभ और अच्छा होता है।

**20 फरवरी को हुआ था शिवपाल के नाम का एलान** – बदायूं से धर्मेंद्र यादव का टिकट काटकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शिवपाल सिंह यादव को 20 फरवरी को उम्मीदवार घोषित किया था। उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद भी वह निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने नहीं पहुंचे थे तब चर्चा चली थी कि शिवपाल सिंह यादव विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय रहना चाहते हैं। इसके बाद वह 14 मार्च को बदायूं आए।

बदायूं, सहसवान और गुन्नौर में कार्यकर्ता सम्मेलन हुए, जिसमें युवाओं ने शिवपाल सिंह यादव को उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव पारित किया। तब शिवपाल सिंह यादव ने कहा था कि युवाओं की मांग पर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष से बातचीत करेंगे। अब रविवार को उम्मीदवारी के विषय में उन्होंने खुद ही स्थिति स्पष्ट की है। बदायूं के सपा के जिलाध्यक्ष आशीष यादव का कहना है कि अधिकृत तौर पर घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष ही करेंगे।

# बची सीटों पर ही टिकट के लिए असली घमासान

## डिंपल को हराने के लिए चेहरे की तलाश; भाजपा के कई एमपी का कटेगा पत्ता !

**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में चुनावी गहमागहमी के बीच बची लोकसभा की 12 सीटों के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर भी भाजपा हाईकमान ने माथापच्ची शुरू कर दी है। हालांकि इन सीटों पर उम्मीदवारों की सूची रामनवमी के बाद ही जारी होने की बात कही जा रही है।

उधर, इन सीटों से चुनाव लड़ने की दावेदारी करने वाले टिकटार्थियों में भी जमकर रस्साकसी चल रही है। ऐसे में उम्मीदवार तय करने में भाजपा नेतृत्व को अच्छा-खासी मशक्करत से जूझना पड़ रहा है।

बता दें कि भाजपा अपने कोटे की 75 सीटों में अब तक 63 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। शेष 12 सीटों पर उम्मीदवार तय करने हैं। इनमें मैनपुरी, रायबरेली, गाजीपुर, बलिया, भदोही, मछलीशहर, प्रयागराज, फुलपुर, कौशांबी, देवरिया, फिरोजाबाद और कैसरगंज सीटें शामिल हैं। इन सीटों पर उम्मीदवार तय करने को लेकर भाजपा के सबसे बड़ी उलझन जीताऊ चेहरा तय करने को लेकर है। वहीं, भाजपा पिछली बार जिन तीन सीटों रायबरेली, गाजीपुर मैनपुरी में चुनाव हार चुकी है, उन सीटों पर इस बार हर हाल में चुनाव जीतना चाहती है। इसलिए भी उम्मीदवार तय करने में जल्दबादी नहीं करना चाहती है।

दरअसल इस बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा का सर्वाधिक सीट वाले यूपी पर खास फोकस है। इसलिए भाजपा हर सीट पर ऐसा चेहरा उतारना चाह रही है, जिसके जीतने पर कोई संशय न रहे। वैसे तो सभी 12 सीटों पर दावोदारों की लंबी फेहरिस्त है। लेकिन



भाजपा हाईकमान जीताऊ चेहरे को ही मौका देगी। साथ ही पिछले चुनाव में हारी हुई 14 सीटों को जीतने की रणनीति पर भी काम कर रही है।

**दावेदारों की लंबी फेहरिस्त ने उलझाया–** सूत्रों की माने तो शेष बची सभी सीटों में से अधिकांश पर नए चेहरे को मौका देने पर विचार किया जा रहा है। इसलिए कई मौजूदा सांसदों का टिकट कटने के भी आसार हैं। इस संभावना को देखते हुए एक-एक सीट पर कई लोगों ने दावेदारी कर रखी है। टिकट पाने के लिए कोई संघ से तो कोई संगठन से सिफारिश करा रहा है। ऐसे में उम्मीदवार तय करने को लेकर मामला उलझा हुआ है।

**इन सीटों पर है सबसे अधिक उलझन–** सूत्रों के मुताबिक भाजपा नेतृत्व के सामने सबसे अधिक उलझन रायबरेली, कैसरगंज और गाजीपुर सीट को लेकर है। इनमें रायबरेली और गाजीपुर सीट पर विपक्ष का कब्जा है। जबकि कैसरगंज सीट पर मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह खुद मैदान में उतरने के लिए अड़े हैं।

महिला पहलवानों से जुड़े विवादों से घिरे होने के नाते भाजपा उनके परिवार के किसी सदस्य या उनकी सहमति के किसी अन्य चेहरे को उतारना चाहती है, लेकिन बृजभूषण मानने को तैयार नहीं है। वहीं गाजीपुर और रायबरेली सीट को जीतना भाजपा ने प्रतिष्ठा का का सवाल बना लिया है।

**मैनपुरी सीट पर डिंपल का विकल्प तलाश रही भाजपा–** सूत्रों का कहना है कि कभी भी भाजपा के खाते में नहीं रही मैनपुरी सीट को जीतने को लेकर भी पार्टी के रणनीतिकार इस सीट पर कब्जा करने के लिए ऐसा चेहरा तलाश रहे हैं, तो डिंपल यादव को कड़ा टक्कर दे सके। भाजपा सपा को उसके ही घर में घेरने की रणनीति के तहत मजबूत विकल्प ढूंढ रही है। मैनपुरी में शाक्य बिरादरी की बड़ी तादाद को देखते हुए वहां की स्थानीय इकाई ने इसी बिरादरी के पार्टी के एक बड़े नेता को चुनाव लड़ाए जाने की इच्छा जताई है। भाजपा नेतृत्व इस पर भी विचार कर रहा है। इसी तरह फिरोजाबाद सीट को भी भाजपा चुनौतीपूर्ण मानते हुए जीताऊ चेहरा तलाश रही है। ।

**कई सांसदों के कट सकते हैं टिकट–** सूत्रों की माने तो प्रयागराज, फुलपुर और कौशांबी में मौजूदा सांसदों के स्थान पर भाजपा नए चेहरे पर दाव लगा सकती है। चर्चा है कि प्रदेश सरकार के एक मंत्री अपनी पत्नी के एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं। उनकी कोशिश है कि इन तीनों में किसी भी एक सीट पर उनकी पत्नी का समायोजन कर दिया जाए। इसके लिए उन्होंने ऊपर से एक बड़े पदाधिकारी से दबाव बनवा रखा है। इस वजह से इन तीनों पर भी उम्मीदवार तय करने को लेकर मामला फंसा हुआ है। उधर यह भी तय माना जा रहा है कि शेष बची सीटों पर दावेदारों की पेशबंदी की वजह से कई मौजूदा सांसदों के टिकट कट सकते हैं।

## श्रावस्ती: नारों ने बनाई तकदीर तो नारों ने ही दिखा दी जमीन... नारों के आधार पर ही मिलते और छिटकते रहे वोट

**श्रावस्ती , एजेंसी।** राप्ती की धारा की तरह ही तराई की विचारधारा भी बदलती रही है। इनमें चुनावी नारों का अहम योगदान है, जिन्होंने नेताओं की तकदीर बनाई तो कुछ को सत्ता से बेदखल भी कर दिया। इस बार भी चुनावी नारे तैयार हैं। इन नारों में कौन डूबेगा किसकी नैया पार लगेगी, इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है।

जिले के मतदाता कभी स्थिर नहीं रहे। पहले बलरामपुर अब श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र के मतदाता हमेशा राप्ती की लहरों की तरह नया रास्ता तलाशते रहे। इसके लिए कभी वह सत्ता के साथ तो कभी सत्ता के विपरीत मतदान करने से भी नहीं झिझके, लेकिन हर बार के चुनाव में चुनावी नारों ने अपना असर दिखाया। 1962 के आम चुनाव रहे हों या फिर 1998 व 1999 का मध्यावधि चुनाव। सभी में तराई की तासीर नारों से ही बदलती रही।

**इन नारों ने बदली हवा–** बलरामपुर लोकसभा सीट से 1957 में



जनसंघ से चुनाव जीते पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी ने 1962 के आम चुनाव में कांग्रेस नेता सुभद्रा चौहान के विरुद्ध एक विवादित बयान दे दिया। इसके बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाया। पूरे चुनावी कैंपेन में नारा बुलंद रहा कि उहे चुनउवा उहे निशान, अटल बिहारी फिर बौरान। इस नारे ने अटल जी को करारी शिकस्त दिलाई। वहीं 1967 के चुनाव में जनसंघ का नारा बना दुगुर दुगुर दिया जले मूस लैगा बाती, अटल बिहारी हार गे सुभद्रा के जाती। इस चुनावी नारे ने अटल जी की चुनावी नय्या पार लगा दी।

1977 में राजा नहीं फकीर है, बलरामपुर की तकदीर है चुनावी नारे ने बलरामपुर की महारानी को बाहर का रास्ता दिखाया तो नानाजी देशमुख इसी नारे के बल पर सदन में पहुंच गए। 1998 में ऊपर भगवान नीचे रिजवान के नारे ने सपा से रिजवान जहीर को संसद पहुंचाया। 1999 में एक बार फिर सपा से रिजवान जहीर व भाजपा से कुशल तिवारी मैदान में उतरे। इस बार भाजपा जीत के करीब थी, लेकिन भाजपाइयों के जीतेंगे तो रंग चलेगा, हारेंगे तो बम चलेगा के नारे ने कुशल तिवारी को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

2004 में रामलला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे के नारे ने बृजभूषण शरण सिंह को सदन भेजा। 2014 के मोदी लहर में अबकी बार भाजपा सरकार के नारे ने दद्दन मिश्रा को विजय श्री दिलाई, जबकि इसी सीट पर अबकी बार 300 पार, एक बार फिर से कमल दिल से के नारे ने दद्दन मिश्रा को बाहर का रास्ता दिखा दिया। तब मोदी लहर में भी मतदाताओं ने विपक्ष पर भरोसा जताते हुए सपा-बसपा गठबंधन पर भरोसा कर बसपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा को विजय दिलाई।

## कुलपति सर, इम्तिहान देने पर भी नहीं मिला अंक पत्र, भटक रहा दिव्यांग विधि छात्र, वीसी से लगाई गुहार

**अलीगढ़ , एजेंसी।** एएमयू का विधि विभाग किसी न किसी वजहों से चर्चा में है। एक ऐसा ही मामला दिव्यांग छात्र मोहम्मद आतिफ का भी सामने आया, जो कई बार सेमेस्टर का इम्तिहान दे चुके हैं, लेकिन उन्हें कोई अंक पत्र नहीं मिला है। अब उन्होंने कुलपति से भी गुहार लगाई है। छात्र मोहम्मद आतिफ (दृष्टिहीन) ने बताया कि दिव्यांग कोटे से बीएएलएलबी प्रथम सेमेस्टर-2021-22 में प्रवेश देने के लिए समिति ने मंजूरी दी थी। प्रवेश परीक्षा में उनकी दो रैंक दी थी, लेकिन तकनीकी दिक्कतें आने के चलते उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। इसके बाद वह परीक्षा नियंत्रक के पास गए। उन्होंने कहा कि प्रवेश हो जाएगा, लेकिन थोड़ा समय लगेगा। इस बीच प्रवेश प्रक्रिया का समय निकल गया।

फिर उन्होंने संबंधित लोगों से संपर्क भी किया, लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिला। फिर उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी। उच्च न्यायालय का आदेश होने के बाद उनका प्रवेश ले लिया। जब प्रवेश लिया था, तब प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा पूर्ण हो चुकी थी और दूसरे सेमेस्टर में 25 जुलाई 2022 में उनका प्रवेश हुआ।

आतिफ ने कहा कि जब उन्होंने विभागाध्यक्ष से प्रश्न किया कि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा कैसे हो गई, तब वह बोले, इसकी चिंता न करो, क्योंकि कोरोना काल में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा ऑनलाइन हुई थी। बाकी सेमेस्टर के साथ प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा देते रहना। प्रथम सेमेस्टर के मध्य टर्म की परीक्षा ऑनलाइन हो गई, लेकिन आखिरी टर्म की परीक्षा नहीं ली। जब वह तीसरे सेमेस्टर में आए तब कहा, उनकी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा कराई जाए, क्योंकि उनका अंक पत्र नहीं बन पा रहा है।

## अनियंत्रित होकर नहर में गिरी बाइक, डूबने से युवक की मौत, साथी ने तैरकर बचाई अपनी जान

**बरेली , एजेंसी।** बरेली में बहन के घर से लौटकर आ रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी, जिससे बाइक सवार की पानी में डूबकर मौत हो गई। उसका दोस्त तैरकर बाहर आ गया। गंभीर चोट लगने से वह घायल हुआ है। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना भोजीपुरा के गांव कुआंडांडा निवासी पूजा गंगवार ने बताया कि उनके पति 25 वर्षीय सोनू राजपूत कानपुर के थाना नवाबगंज के मोहल्ला चिड़ियाघर के निवासी हैं। पांच महीने पहले सोनू से उनका प्रेम विवाह हुआ था। तब से पति ससुराल में ही रह रहे थे।

पूजा ने बताया कि पति ने चार अप्रैल को नई बाइक खरीदी थी। इसी बाइक से वह नवाबगंज में अपनी बहन के घर गए थे। वापस लौटते समय सोनू को नवाबगंज के गरगैया गांव निवासी दोस्त राहुल मिला। रविवार रात करीब 10 बजे दोनों साथ लौटकर घर आ रहे थे, तभी जादोंपुर फाटक के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी।

**राहुल ने तैरकर बचाई जान** – हादसे में सोनू की नहर में डूबकर मौके पर मौत हो गई, जबकि राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहुल किसी तरह तैरकर किनारे आया और राहगीर की मदद से इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल राहुल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोनू की मौत की जानकारी पत्नी पूजा गंगवार को मिली। उसने राहुल पर पति की हत्या का आरोप लगाया। हालांकि राहुल का कहना है कि सोनू ही बाइक चला रहा था। पुलिया से बाइक नीचे गिरने पर वह नहर के पानी में डूब गया और बाहर नहीं निकल सका।

## लोकसभा चुनाव: वाराणसी, गोरखपुर सहित दस सीटों पर रहेगी एटीएस की नजर, नक्सली गतिविधियां निशाने पर

**लखनऊ , एजेंसी।** पूर्वांचल में अर्बन नक्सलियों की पैठ और प्रतिबंधित संठगन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े रहे लोगों के कारण लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) भी अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। वाराणसी के साथ ही चंदौली, बलिया, सोनभद्र, भदोही, प्रयागराज, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज और गोरखपुर पर एटीएस की विशेष रूप से नजर है।

इन जिलों के चिह्नित लोगों की प्रत्येक गतिविधियां एटीएस के रडार पर हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गत हफ्ते बलिया जिले के 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर छापा मारा था। एनआईए के अधिकारियों के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) इस क्षेत्र में अपने संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयास में लगे हैं। इसी तरह से बीते वर्ष एटीएस ने अर्बन नक्सल की



धरपकड़ के लिए वाराणसी के अलावा बलिया, चंदौली और सोनभद्र जिले में छापा मार कर धरपकड़ की थी।

शीर्ष खुफिया एजेंसियों के अफसरों के अनुसार लोकसभा चुनाव के दौरान राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ मिल कर अर्बन नक्सल और पीएफआई जैसे प्रतिबंधित संगठन के प्रति सहानुभूति रखने वाले सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों की भावनाएं भड़काने का प्रयास कर सकते हैं। इसलिए ऐसे लोगों की रूटीन की गतिविधियों के साथ ही आभासी दुनिया की उनकी सक्रियता को लेकर भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

### पीएफआई के प्रति सहानुभूति रखने वाले वाराणसी और भदोही में

खुफिया एजेंसियों के अफसरों के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से सहानुभूति रखने वाले लोग अभी भी वाराणसी और भदोही जिले में हैं। यह चिह्नित लोग फिलहाल किसी भी प्रकार की बैठक या सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म के माध्यम से विचारों का आदान-प्रदान नहीं कर रहे हैं। इसके बावजूद एहतियातन इनकी गतिविधियों की नियमित निगरानी की जा रही है।

### एआई आधारित चुनाव प्रचार सामग्री को लेकर सतर्कता

लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए इस बार राजनीतिक दलों का एक प्रमुख माध्यम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चुनाव प्रचार सामग्री भी एटीएस की पैनी नजर है। सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफॉर्म पर एआई आधारित चुनाव प्रचार सामग्री राष्ट्र विरोधी संदेश देती हुई न प्रतीत हो, इसे लेकर एटीएस की टीमें अतिरिक्त सतर्कता बरत रही हैं।

## हर दो माह में बदल जाएंगे राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसीकर्मी

**अयोध्या , एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में तैनात पीएसीकर्मियों को हर दो माह में बदला जाएगा। राम मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा शासन के निर्देश पर उप्र विशेष सुरक्षा बल (यूपीएसएसएफ) कर रहा है। इसकी स्थापना के बाद से कोई भर्ती ही नहीं हुई है। ऐसे में पीएसी के जवानों को लेकर काम चलाया जा रहा है। हाल ही में सुरक्षा में तैनात पीएसीकर्मियों ने तीन साल तक लगातार तैनाती की वजह से टीए-डीए नहीं मिलने की समस्या उठाई थी। ऐसे में कार्यदक्षता, व्यावसायिक क्षमता प्रभावित होने और मनोबल गिरने की बात कही गई थी, जिसके बाद डीजीपी ने हर दो माह में पीएसी बल को परिवर्तित करने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा में पीएसी की 8 कंपनी यूपीएसएसएफ को दी



गई हैं। मंदिर की सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे विशेष सुरक्षा बल एवं पीएसी के अधिकारियों और कर्मचारियों का मासिक सम्मेलन 28 फरवरी को यूपीएसएसएफ की अयोध्या स्थित छठवीं वाहिनी में हुआ था, जिसमें उठाई गई समस्याओं से पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया गया था।

इसके बाद डीजीपी ने अयोध्या में तैनात 8 कंपनियों को एक दल को दूसरे दल से प्रत्येक दो माह में परिवर्तित करने का अनुमोदन कर दिया। इसपर एडीजी यूपीएसएसएफ एलवी एंटनी देव कुमार ने आदेश दिया कि कंपनियों को परिवर्तित करने से पहले छह दिन का इंडक्शन कोर्स (कैप्सूल कोर्स) भी कराया जाएगा।


इसके अलावा सुरक्षा शाखा भी इन कर्मियों को दो दिन का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इसके जरिये सुरक्षाकर्मियों को कंट्रोल रूम ड्यूटी, वीआईपी एवं वीवीआईपी ड्यूटी, क्यूआरटी ड्यूटी, प्रसाद वितरण, पिकेट बैरियर ड्यूटी, स्वचलित हथियारों का इस्तेमाल, सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट की जानकारी दी जाएगी।



## पूर्व डीजीपी विजय कुमार पत्नी सहित भाजपा में हुए शामिल, दो बसपा नेताओं ने भी ली सदस्यता

**लखनऊ , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के पूर्व भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का सिलसिला जारी है। सोमवार की सुबह पूर्व डीजीपी विजय कुमार पत्नी सहित भाजपा में शामिल हो गए। इसके अलावा बसपा के नेता धर्मपाल चौधरी और पूर्व बसपा एमएलसी मनोज अग्रवाल भाजपा में शामिल हो गए। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इन्हें सदस्यता दिलाई। इसके पहले भी दूसरे दलों के कई नेता भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper


# रोमांस की नई परिभाषा देने का प्रयास है दो और दो प्यार

अपनी आखिरी प्रदर्शित फिल्म नीयत में अपनी भूमिका से दर्शकों को प्रभावित करने वाली विद्या बालन इन दिनों अपनी अगली प्रदर्शित होने वाली फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वे प्रतीक गांधी के साथ दिखाई देंगी, जो हाल ही में प्रदर्शित हुई मडगाँव एक्सप्रेस में नजर आए थे। रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म दो और दो प्यार का ट्रेलर जारी हो चुका है। विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति अभिनीत फिल्म रोमांस की नई परिभाषा सिखाएगी। फिल्म का ट्रेलर कॉमेडी, इमोशन और रोमांटिक ट्विस्ट के साथ काफी दिलचस्प लग रहा है। ट्रेलर में दर्शक दो विवाहित जोड़ों की झलक देखते हैं, जो अपने रिश्तों में फिर से चिंगारी जगाने की कोशिश कर रहे हैं। वे शादी की खुशी को फिर से ताजा करने के लिए मूवी डेट पर जाते हैं और अच्छी यात्राएं करते हैं। हाल ही में दो और दो प्यार के निर्माताओं ने फिल्म का गाना तू है कहां जारी किया था, जो पहले से ही इंटरनेट पर वायरल हो रहा है और इसमें विद्या बालन और प्रतीक गांधी हैं। ऊटी की सुरम्य पृष्ठभूमि पर आधारित संगीत वीडियो तब सामने आता है, जब विद्या और प्रतीक के फिल्म में निभाए गए किरदार एक स्थानीय टैक्सी में एक साथ यात्रा पर निकलते हैं। ट्रेलर वीडियो साझा करते हुए विद्या ने कैप्शन में लिखा, तैयार हो जाइए, क्योंकि यह दो और दो प्यार के साथ मनोरंजन और रोमांस को दोगुना करने का समय है। वहीं फिल्म की बात करें तो शीर्षा गुहा ठाकुरता के जरिए निर्देशित दो और दो प्यार शादीशुदा जोड़ों पर केंद्रित एक रोमांटिक कॉमेडी है। फिल्म में विद्या बालन और प्रतीक गांधी के अलावा इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी हैं। समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला द्वारा निर्मित यह फिल्म 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# 50 करोड़ के पार हुई तब्बू, करीना व कृति सेनन की क्रू

एक्ट्रेस करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की बेहतरीन अदाकारी से सजी फिल्म क्रू इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रंग जमा रही है। फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलजीत दोसांझ और कपिल शर्मा ने भी खास रोल किए हैं। इसकी 9.25 करोड़ रुपए के साथ शानदार शुरुआत रही थी। इसके बाद भी इसने फैंस पर लगातार अपनी पकड़ बना रखी है। रिलीज के दूसरे हफ्ते में भी यह शान से चल रही है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अब 50 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने रिलीज के दूसरे शनिवार को यानी 9वें दिन 5.25 करोड़ रुपए कमाए। इससे पहले शुक्रवार को 8वें दिन इसकी कमाई 3.75 करोड़ रुपए रही थी। इसके साथ ही फिल्म ने भारत में कुल 52.91 करोड़ रुपए बटोर लिए हैं। दुनियाभर में यह 90 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म की मेकर में से एक एकता कपूर ने यह अपडेट अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। एकता कपूर की इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है, क्रू-सिंग इन वीक 2! डे 8 दुनिया भर में 94.58 करोड़।



# नोरा ने अक्षय कुमार को दिया जवाब

मडगांव एक्सप्रेस की सफलता के बाद नोरा फतेही के किरदार की जमकर तारीफ हो रही है। इसी बीच अक्षय कुमार के एक बयान ने नोरा का दिल तोड़ दिया है। अक्षय ने नोरा के बारे में कुछ ऐसा कहा जिससे अभिनेत्री को काफी धक्का लगा है। इस पर नोरा ने अभिनेता को पलटवार करते हुए करारा जवाब दिया है।

अक्षय कुमार ने नोरा फतेही के बारे में कुछ ऐसा कहा जिससे अभिनेत्री को काफी बुरा लगा है। अक्षय ने कहा, नोरा अपने पैसों को लेकर काफी सजग हैं। इसके अलावा अक्षय ने नोरा को गुजराती कहा। अक्षय की इस बात का जवाब देते हुए नोरा ने कहा, मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है। मैं सातों दिन और चौबीस घंटे काम करती हूं। मैं एक दिन में लगातार तीन शूट्स करती हूं। मैं लगातार घंटों काम करती हूं क्योंकि इसके पीछे कई सारी वजह है। नोरा ने यह भी कहा, इसके पीछे वजह है मेरा पूरा परिवार। मैं अपने पूरे परिवार की देखभाल करती हूं। मेरे जीवन में कोई ऐसा खास व्यक्ति नहीं है जो मेरे खर्चों को उठाए, मेरे घर का बिल भरे और मेरे सपनों को पूरा करने में मेरी मदद करे। मुझे ही अकेले सबकुछ करना होता है। मुझे अपनी मां, अपने रिश्तेदारों और अपने दोस्तों का ख्याल रखना होता है।

# सिटाडेल हनी - बन्नी से होगा वरुण धवन का एक्शन डेब्यू!



सिटाडेल इंडिया अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। इस बहुप्रतीक्षित सीरीज को राज और डीके ने मिलकर बनाया है। प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन अभिनीत साल 2023 की सीरीज की रिलीज के बाद, सिटाडेल यूनिवर्स की नई सीरीज में सामंथा रूथ प्रभु और वरुण धवन मुख्य भूमिकाओं में हैं। हाल ही में इसके शीर्षक से पर्दा उठाया गया, जिससे पता चला कि सीरीज का नाम सिटाडेल- हनी बन्नी है। अब इसका निर्माण करने वाले राज और डीके ने इसे लेकर दिलचस्प खुलासे किए हैं। मुकेश छाबड़ा द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो द बॉम्बे ड्रीम पर हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान, राज और डीके से प्राइम वीडियो शो के बारे में विवरण देने के लिए कहा गया था। जिस पर उन्होंने कहा, यह पहली बार है जब हम किसी के साथ सहयोग कर रहे हैं। यह पहली बार है जब हम वास्तव में ऐसा महसूस नहीं करा रहे हैं कि यह सिर्फ हम ही हैं। हम वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय टीम के साथ सहयोग कर रहे हैं। तो यह वास्तव में हमारा पहली बार है जब हम किसी के साथ किसी फिल्म या सीरीज पर काम कर रहे हैं। इस बार हम लगातार अंतरराष्ट्रीय टीमों के साथ काम कर रहे हैं। वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु के एक्शन अवतारों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा, हम वरुण के उचित एक्शन डेब्यू के लिए उत्साहित हैं। मुझे यकीन है कि उन्होंने अतीत में एक्शन फिल्में की हैं, लेकिन इस सीरीज में उनका असल एक्शन हीरो अवतार दिखेगा।




# आर्टिस्ट एसोसिएशन पर भड़कीं शिल्पा शिंदे

अभिनेत्री और बिग बॉस 11 की विजेता शिल्पा शिंदे ने टेलीविजन कलाकारों के समर्थन में सामने नहीं आने के लिए सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन पर जमकर निशाना साधा। उनकी यह प्रतिक्रिया निर्माता राजन शाही द्वारा शहजादा धामी और प्रतीक्षा होनमुखे को शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से रातों रात निकालने के कुछ दिनों बाद आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर्स को उनके अनप्रोफेशनल व्यवहार के चलते शो से बाहर कर दिया गया था। अब एक इंटरव्यू में शिल्पा ने कहा कि शहजादा और प्रतीक्षा को हटाने का फैसला अनुचित और बकवास था। शिल्पा ने एक इंटरव्यू में बताया, आप CINTAA सदस्य इसलिए बनते हैं ताकि आप दूसरों को नियंत्रित कर सकें। कलाकार संघ केवल अन्य कलाकारों पर प्रतिबंध लगाता है। क्या आपने कभी किसी निर्माता पर प्रतिबंध लगाए जाने के बारे में सुना है? अभिनेत्री ने आगे कहा कि जो कलाकार परेशानियां पैदा करते हैं वे अभी भी काम कर रहे हैं और जो लोग दूसरों की बात सुनते हैं और उनका सम्मान करते हैं उन्हें लोग डरने की गलतफहमी में रखते हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरे मामले में, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया। जब CINTAA मेरे खिलाफ गया तो मुझे अपनी बात हर किसी को बतानी पड़ी। माफियागिरी चल रही है। कलाकारों का पक्ष लेने पर खरी-खोटी सुनने को मिल रही है। कोई भी इस इंडस्ट्री में सच्चा नहीं है। ये रिश्ता क्या कहलाता है के कॉन्ट्रैक्ट में नो-अफेयर क्लॉज जोड़ने के निर्माताओं के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए, शिल्पा ने कहा, पहले कभी सेट पर एक्टर्स के अफेयर नहीं हुए हैं क्या। मैंने तो सुना है प्रोड्यूसर्स, एक्टर्स के अफेयर की वजह से बहुत खुश होते हैं क्योंकि उस वजह से उनका शो काफी खबरों में रहता है और ऐसे शोज की टीआरपी रेटिंग भी काफी अच्छी होती है। यह कोई कारण नहीं है किसी भी कलाकार को शो से निकालने का।



# किरण राव ने खोले राज, क्यों लिया आमिर से तलाक

आमिर खान की पूर्व पत्नी किरण राव इन दिनों मीडिया में अपनी फिल्म लापता लेडीज और आमिर खान से तलाक को लेकर खासी सुर्खियों में हैं। किरण राव ने 14 साल बाद निर्देशन में वापसी की है। कुल 6 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 15 करोड़ का कारोबार करते हुए न सिर्फ अपनी लागत निकालने में सफलता पाई है अपितु अब मुनाफा भी कमा रही है। अपनी फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक साक्षात्कार में किरण राव ने आमिर खान से तलाक की वजह बताते हुए कहा मुझे ये फैसला लेते वक्त जरा भी डर नहीं लगा। एक इंटरव्यू में किरण राव ने आमिर खान से अपने तलाक पर कहा - मुझे आमिर से तलाक लेते वक्त बिलकुल भी डर नहीं लगा था। इसी के साथ किरण राव ने उस जिम्मेदारी के बारे में बात की जो कि हर शादीशुदा महिला को निभानी पड़ती है। किरण राव ने कहा - शादी से एक साल पहले मैं आमिर खान के साथ रही थी। उस समय हम दोनों को पता था कि अगर हम अलग अलग इंडिविजुवल की तरह अच्छा काम कर रहे हैं। वैसा ही काम हम एक कपल की तरह भी करेंगे। शादी इसलिए भी जरूरी थी क्योंकि सोसाइटी में रहने के लिए उसके नियमों का पालन करना पड़ता है। इसके साथ ही शादी बच्चों के लिए भी जरूरी थी। किरण ने कहा - हमने शादी से पहले हर एक चीज को लेकर डिस्कशन किया था, लेकिन एक चीज ऐसी थी जो हमसे छूट गई थी। वो थी शादी के बाद लड़कियों पर आने वाली जिम्मेदारी। शादी के बाद ये सिर्फ एक महिला की जिम्मेदारी तो नहीं कि वो घर को साफ रखे, सबको मिला-जुला कर रखे। किरण ने आगे कहा- मैं और आमिर हम दोनों अलग-अलग बहुत अच्छे दोस्त हो सकते हैं हम एक दूसरे की रिस्पेक्ट करते हैं ये रिस्पेक्ट और लगाव हमारे बीच हमेशा रहेगा।



# पति मनोज बाजपेयी के साथ होगी शबाना रजा की वापसी

निर्माता-निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा ने साल 1998 में रिलीज अपनी फिल्म 'करीब' में अभिनेता बॉबी देओल के साथ एक नई हीरोइन को बड़े परदे पर लॉन्च किया था। उस समय नेहा नाम से फिल्म दर्शकों के सामने आई इन अभिनेत्री का असली नाम दर्शकों को बाद में तब पता चला, जब अभिनेता मनोज बाजपेयी से उन्होंने शादी कर ली। अब शादी के कोई 18 साल बाद शबाना फिर से बड़े परदे पर वापसी की तैयारी में हैं। अपने असली नाम शबाना रजा की बजाय नेहा नाम से तमिल और कन्नड़ समेत करीब एक दर्जन फिल्मों में काम कर चुकीं मनोज बाजपेयी की पत्नी अब अपनी दूसरी पारी खेलने की पूरी तैयारी कर चुकी हैं। वह इन दिनों अपनी वापसी के लिए सबसे मुफीद फिल्म को फाइनल करने में व्यस्त हैं। नेहा के नाम से शबाना रजा ने आखिरी फिल्म 'एसिड फैक्ट्री' शादी के तीन साल बाद साल 2009 में की थी। और इस फिल्म के निर्देशक सुपर्ण वर्मा की फिल्म से ही उनकी वापसी भी होती बताई जा रही है। सुपर्ण वर्मा और मनोज बाजपेयी की दोस्ती तब से जब सुपर्ण वर्मा फिल्म पत्रकार हुआ करते थे। बताते हैं कि मनोज के शुरुआती दिनों में सुपर्ण ने उनकी मदद भी खूब की। मनोज की बीते साल की सुपरहिट फिल्म 'सिर्फ एक बंदा काफी है' के अलावा उनकी अगले महीने रिलीज होने वाली फिल्म 'भैयाजी' से भी सुपर्ण वर्मा जुड़े हुए हैं। सुपर्ण वर्मा के जरिये कुछ कहानियां शबाना रजा तक पहुंची है और अब विकल्प ये देखा जा रहा है कि उनकी वापसी सोलो हीरोइन के तौर पर हो या फिर मनोज बाजपेयी की हीरोइन के तौर पर। मनोज बाजपेयी इन दिनों ओटीटी के सबसे सफल अभिनेताओं में शुमार हैं और वह खुद भी अपनी पत्नी की इस दूसरी पारी के लिए खासे उत्साहित दिखते हैं। अपनी नई फिल्म 'साइलेंस 2' के प्रचार में व्यस्त मनोज कहते हैं, वह एक बहुत ही खुद्दार महिला हैं और अगर मैं खुद उनके लिए कोई फिल्म बनाना चाहूं तो शायद वह इसके लिए तैयार नहीं होंगी।



# मिर्जापुर 3 में मुन्ना भैया की वापसी होगी या नहीं

## दिव्येंदु ने किया खुलासा

साल 2007 में अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले पुणे के फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट के स्नातक दिव्येंदु शर्मा वेब सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन में नजर नहीं आएंगे। दिव्येंदु के किरदार मुन्ना भैया को फिर से इस सीरीज में शामिल करने के लिए बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर अभियान सा चलता रहा है लेकिन अब खुद 'मुन्ना भैया' ने ये राज खोल दिया है कि वह इस सीरीज का हिस्सा वाकई में नहीं हैं। वेब सीरीज 'मिर्जापुर 3' का प्रसारण ओटीटी अमेजन प्राइम वीडियो पर होना है। सीरीज की शूटिंग करीब करीब पूरी ही हो चुकी है, लेकिन सीरीज के प्रसारण के लिए ओटीटी सही समय नहीं चुन पा रहा है। पहले चुनावों के पहले अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्तर प्रदेश के प्रति बना श्रद्धालु माहौल अब चुनाव की वेला में एक ऐसी सीरीज का प्रसारण ओटीटी प्रबंधन उचित नहीं मान रहा जिसमें उत्तर प्रदेश की छवि पर सीधा निशाना साधा गया हो। 'मिर्जापुर' पूरी दुनिया में अपने कालीन उद्योग के लिए मशहूर रहा है लेकिन इस सीरीज ने इसकी ब्रांडिंग को काफी नुकसान भी पहुंचाया है। वेब सीरीज में अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अखंडानंद त्रिपाठी उर्फ कालीन भैया का किरदार निभाया और दिव्येंदु शर्मा बने फूलचंद त्रिपाठी उर्फ मुन्ना भैया। अपनी कहानी से ज्यादा अपनी गालियों और अपने दैहिक रिश्तों के लिए चर्चा में रही इस वेब सीरीज का प्रसारण अमेजन प्राइम वीडियो पर अब कब होगा, खुद अमेजन वाले नहीं समझ पा रहे। इस बीच दो तीन दिन से सोशल मीडिया पर सीरीज के किरदार मुन्ना भैया को फिर से सीरीज में लाने की मुहिम सी शुरू हो गई। समझा यही गया कि ये दिव्येंदु की हालिया रिलीज फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' की हाइप बनाए रखने के लिए हो रहा है। दिव्येंदु शर्मा ने अपने नाम में एक अतिरिक्त एन लगाकर अपना सरनेम पांच साल पहले विदा कर दिया था। दिव्येंदु नाम से ही अब मनोरंजन जगत में काम करने वाले इस कलाकार का करियर इनकी फिल्म 'इक्कीस तोपों की सलामी' से डगमगाया चल रहा है। लीड हीरो के किरदार में दिव्येंदु की ये फिल्म इतना ओवरबजट हुई कि न सिर्फ इसे बनाने वाली कंपनी का पैकअप सा हो गया बल्कि इसके भागीदारों में भी फिर आगे नहीं बनी। 'मिर्जापुर' सीरीज ने दिव्येंदु के लिए किसी संजीवनी से कम काम नहीं किया और हालिया रिलीज सीरीज 'द रेलवे मेन' में भी उनके अभिनय की काफी प्रशंसा हुई है। लेकिन, दिव्येंदु का बड़े परदे का मोह उन्हें बार बार खींच ही लाता है, लीड रोल में उनका काम बड़े परदे पर 'प्यार का पंचनामा' से बड़ा नहीं हो पा रहा है। 'मिर्जापुर 3' को लेकर हाफादैया के बीच ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ एक खास बातचीत में दिव्येंदु ने इसकी कास्टिंग की मटकी कैमरे के सामने फोड़ दी है। वह कहते हैं, 'ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे के मंच से मैं एलान करता हूं कि मैं मिर्जापुर सीजन 3 का हिस्सा नहीं हूं।' सीरीज के दूसरे सीजन के अंत में दिव्येंदु का किरदार मुन्ना भैया मर जाता है लेकिन उसके बाद से ही सोशल मीडिया पर तमाम दंतकथाएं चलती रही हैं कि मुन्ना भैया इस कहानी में फिर लौटेगा और उन्हें सीरीज में वापस लाने के लिए एक मुहिम सी भी चली। अब दिव्येंदु के इस एलान के बाद सारा मामला शांत होता दिख रहा है।



## आईपीएल 2024

# यश ठाकुर के शानदार खेल से लखनऊ ने गुजरात को 33 रन से हराया

**लखनऊ, एजेंसी।** यहां के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 21वें मैच में यश ठाकुर के 30 रन, पांच विकेट और क्रुणाल पंड्या के तीन विकेट की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स ने रविवार को गुजरात टाइटंस को 33 रनों से हरा दिया।

जीत के लिए 164 रनों का पीछा करते हुए लखनऊ की आर से साई सुदर्शन ने नवीन-उल-हक की गेंदों पर दो चौके लगाए। मयंक यादव तीसरा ओवर फेंकने आए और अपना पहला ओवर पूरा करने के बाद साइड स्ट्रेन के कारण मैदान से बाहर चले गए। शुभमन गिल डीप थर्ड की रैंप वाइड के साथ आगे बढ़े। पहले ओवर में मयंक की गति बमुश्किल 140 किमी प्रति घंटे से ऊपर हो पाई, क्योंकि वह अपना पहला ओवर पूरा करने के बाद सीधे मैदान से बाहर चले गए।टाइटंस के कप्तान ने जब लाइन के पार फ्लिक करने की कोशिश की तो 19 पर आउट हो गए। पावरप्ले के समापन पर गिल की टीम 1 विकेट पर 54 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी।एम. सिद्धार्थ को गेंदबाजी में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने दूसरे और पारी के पांचवें ओवर में तीन बार गेंदबाजी लाइन को पार किया, लेकिन केवल 12 रन देने में सफल रहे। सातवें ओवर की समाप्ति के बाद सुदर्शन शानदार फॉर्म में दिखे और उन्होंने 18 गेंदों में 29 रन बनाए।रवि बिश?नोई ने टाइटंस के केन विलियमसन को आउट करने के लिए एक शानदार रिटर्न कैच लिया।साई सुदर्शन और बीएस शरथ, दोनों क्रुणाल पंड्या के शुरुआती ओवर में आउट हो गए, जिससे खेल में क्रांतिकारी बदलाव आया। रिद्धिमान साहा की जगह आए विकेटकीपर शरथ ने डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर टॉप-एज स्वीप किया, इसके बाद बिश्नोई ने एक और कैच लिया, सुदर्शन को हटाने के लिए डीप स्क्वायर बाउंड्री पर यह बहुत ही आसान कैच था।

सुदर्शन 23 गेंदों में 31 रन बनाकर आउट हुए और अपनी टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे।क्रुणाल ने स्पेल के आखिरी ओवर में अपना तीसरा विकेट लिया। उन?होंने ग्यारह रन देकर तीन विकेट लिए।जब 36 गेंदों में 72 रनों की जरूरत थी, यश ठाकुर की गोल्डन आर्म के साथ एलएसजी बहुत तेजी से मैच बंद करने की ओर बढ़ रहा था। पारी की शुरुआत में गिल को आउट करने के बाद वह अपने दूसरे ओवर के लिए लौटे और धीमी गेंद को कवर करने के लिए राशिद खान (0) को आउट किया और विजय शंकर (17) को शॉर्ट गेंद पर स्वाइप करते हुए कैच आउट किया।

राहुल तेवतिया और स्पेंसर जॉनसन ने नौवें विकेट के लिए 17 गेंदों में 24 रन जोड़े, लेकिन ठाकुर ने अपने स्पेल का आखिरी ओवर डालते हुए 3.5 ओवर में तेवतिया (30) और नूर अहमद (0) को आउट करके 30 रन देकर पांच विकेट लिए।यह उनका सर्वश्रेष्ठ आईपीएल आंकड़ा था और साथ ही वह एलएसजी के लिए पांच विकेट लेने वाले पहले भारतीय और मार्क वुड के बाद दूसरे स्थान पर रहे। ठाकुर के पांच विकेट और पंड्या के तीन विकेट की बदौलत खेल जल्दी ही खत्म हो गया और लखनऊ ने गुजरात को 33 रनों से हरा दिया।

### संक्षिप्त स्कोर

लखनऊ सुपर जाइंट्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 163 रन (मार्कस स्टोइनिस 58, केएल राहुल 33; दर्शन नालकंडे 2-21, उमेश यादव 2-22) ने गुजरात टाइटंस को हराया (साई सुदर्शन 31, राहुल तेवतिया 30, यश ठाकुर 5-30, क्रुणाल पंड्या 3-11) 33 रन से।



## राजधानी एक्सप्रेस को लग गई नजर!

# मयंक ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ किया सिर्फ 1 ओवर, चिंता बढ़ाने वाली है वजह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अबतक किसी खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है तो वह लखनऊ सुपर जायंट्स (स्त्र) के तेज गेंदबाज मयंक यादव हैं। 21 साल के तेज गेंदबाज मयंक ने अपनी रफ्तार को कोहराम मचाकर रख दिया है। वह 150 किलोमीटर प्रतिघंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंद करते हैं। लगातार इस गति से गेंद डालने की क्षमता रखते हैं। हालांकि, गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार (7 अप्रैल) को खेले गए मैच में वह सिर्फ 1 ओवर ही कर पाए। इस ओवर के बाद उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा। इसकी वजह चिंता बढ़ाने वाली रही है। गुजरात के खिलाफ मैच में केएल राहुल ने मयंक को चौथा ओवर दिया। मयंक के इस ओवर में 13 रन बने। साई सुदर्शन ने उन्हें 2 चौके जड़े। शुभमन गिल ने उन्हें 1 चौका जड़ा। मयंक ने इस ओलर में एक भी गेंद 141 से ज्यादा की रफ्तार से नहीं की। इस ओवर के बाद मयंक फिजियो के साथ मैदान से बाहर चले गए। मयंक को साइड स्ट्रेन स्ट्रेन होने की बात सामने आई।

### मयंक यादव की फिटनेस चिंता का कारण

दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले मयंक यादव की फिटनेस चिंता का कारण रही है। वह पिछले साल चोटिल होने की वजह से आईपीएल में नहीं खेल पाए थे। इसके बाद वह चोटिल होने के कारण रणजी ट्रॉफी भी नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी उनका चयन चोट के कारण होते-होते रह गया था। आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उनकी गेंदबाजी देखकर यह बात होने लगी थी कि वह टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाना चाहिए।

# टी-20 क्रिकेट में रोहित शर्मा का बड़ा कीर्तिमान

**मुंबई एजेंसी।** मुंबई इंडियंस की टीम ने आईपीएल 2024 में जीत का खाता खोल लिया है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस ने ये मैच 29 रनों से अपने नाम किया। टी20 क्रिकेट में मुंबई इंडियंस की ये 150वीं जीत है। मुंबई इंडियंस से पहले टी20 क्रिकेट में कोई भी टीम 150 मुकाबले नहीं जीत पाई थी। वहीं, इस मैच में रोहित शर्मा ने एक बड़ा कारनामा किया।



मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों के बीच खेला गया मैच रोहित शर्मा का टी20 क्रिकेट में 430वां मैच था। दिल्ली के खिलाफ जीत हासिल करने के साथ रोहित ने अपने टी20 करियर में 250वां मैच जीता। इसी के साथ रोहित शर्मा 250 टी20 मैच जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर एमएस धोनी हैं, जिन्होंने 222 मैच जीते हैं।

रोहित शर्मा टी20 क्रिकेट में 250 या उससे ज्यादा मैच जीतने वाले छठे खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले ये कारनामा कीरोन पोलार्ड, शोएब मलिक, ड्वेन ब्रावो, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल कर चुके हैं। कीरोन पोलार्ड, शोएब मलिक और ड्वेन ब्रावो तो 300 जीत का आंकड़ा भी पार कर चुके हैं।

टी20 में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले खिलाड़ी

359 - कीरोन पोलार्ड
325 - शोएब मलिक
320 - ड्वेन ब्रावो
286 - सुनील नरेन
250 - आंद्रे रसेल
250 - रोहित शर्मा

रोहित शर्मा ने खेली विस्फोटक पारी

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रोहित ने इस मैच में 27 गेंदों का सामना करते हुए 49 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 6 चौके और तीन छक्के देखने को मिले। इसी के साथ उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने 1000 रन भी पूरे किए। रोहित के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 1000 रन बनाने का कारनामा सिर्फ विराट कोहली कर सके हैं। रोहित ने

# आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की पहली जीत

**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुंबई इंडियंस को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था, रविवार से पहले तक मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर थी, लेकिन महज एक जीत के साथ ही वह आठवें पायदान पर पहुंच गई है।



आईपीएल 2024 की शुरुआत मुंबई इंडियंस के लिए किसी भी तरह से अच्छी नहीं रही। फैन्स ने जहां कप्तान के तौर पर हार्दिक पांड्या की जमकर हूटिंग की, तो वहीं टीम भी लगातार एक के बाद एक तीन मैच हार गई। ऐसे में कप्तान हार्दिक पांड्या काफी ज्यादा दबाव में भी थे। इन सबके बीच खबरें लगातार यही आ रही हैं कि मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम का माहौल भी काफी गर्म है। ऐसे में मुंबई इंडियंस के लिए यह जीत सूखे रेगिस्तान में पानी की बूंद जैसी थी। इस जीत के बाद पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने जाकर हार्दिक पांड्या को गले भी लगाया।

ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल भी हुई, लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि क्या वाकई मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम में सबकुछ सही हो गया है? खैर इसका जवाब देना जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह टूर्नामेंट काफी लंबा है और आने वाले मैचों में देखना होगा कि टीम के अंदर किस तरह का माहौल है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के बाद हालांकि हार्दिक पांड्या ने साफ कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल एकदम बढ़िया है।

मुंबई इंडियंस वर्सेस दिल्ली कैपिटल्स मैच की बात करें तो वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीता और मुंबई इंडियंस को पहले बैटिंग का न्योता दिया। मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 234 रन बना डाले, लेकिन मजेदार बात यह थी कि इस स्कोर में किसी भी मुंबई इंडियंस के बैटर की हाफसेंचुरी शामिल नहीं है।

बिना किसी बैटर के हाफसेंचुरी के आईपीएल में यह किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर था। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना पाई।

# विराट कोहली पर मचा बवाल, अब मैदान में कूदे बाबर आजम, कहा– लोगों की परवाह करने लगे तो टीम की कौन सोचेगा?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने पिछले सप्ताह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी 8वीं सेंचुरी बनाई. इसके बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हार का सामना करना पड़ा. बेंगलुरु की हार के बाद से ही कोहली की सेंचुरी पर बवाल मचा हुआ है. इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट एक बड़ा मुद्दा बन गया है. कोहली की इस इनिंग को लेकर पाकिस्तानी क्रिकेटर्स आपस में ही भिड़ गए. वहीं मॉडर्न क्रिक्रेट में स्ट्राइक रेट पर चल रहे डिबेट पर बाबर आजम ने इस अप्रोच का बचाव किया है.

बाबर आजम भी व्हाइट बॉल क्रिकेट में अपनी स्ट्राइक रेट को लेकर अक्सर ट्रोल किए जाते रहे हैं. उन्होंने एक पॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि क्रिकेट फास्ट होती जा रही है. आपको उसके हिसाब से ढलना है. आजकल लोग स्ट्राइक रेट के बारे में बड़ी बाते करते हैं. लेकिन आपको किसी को संतुष्ट या खुश करने के लिए नहीं खेलना है. मैं किसी को खुश नहीं कर सकता हूं. मुझे कैसे मैच जीताना है, कैसे इनिंग बिल्ड करनी है, मेरा फोकस सिर्फ उस पर ही रहता है.

बाबर आजम के अनुसार, स्ट्राइक रेट से लोग कभी संतुष्ट नहीं होंगे, उनकी डिमांड बढ़ती ही रहेगी. बाबर ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि लोगों को मेरी स्ट्राइक रेट बहुत दिक्कत होती है. 150 की स्ट्राइक रेट पर खेलेंगे तो लोग कहेंगे 170 होना चाहिए, 170 पर खेलेंगे तो कहेंगे 200 होना चाहिए. टीम अच्छी स्थिति में होगी तो हम 200 की स्ट्राइक रेट पर भी खेल सकते हैं. लेकिन आप हमेशा खुलकर नहीं खेल सकते हैं. टीम की सिचुएशन सबसे ज्यादा मैटर करती है. उसके हिसाब से ही आपको इनिंग्स बिल्ड करनी पड़ती है. 6-10, 10-15 और 15-20 ओवर में अलग-अलग अप्रोच के साथ खेलना होता है. हमें पता है कि कब अटैक करना है, कब स्ट्राइक रेट बढ़ाना है



# ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 4-2 से हराया

**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-4 से हार गई। भारत सीरीज में 0-2 से पिछड़ गया है। उसे पहले मैच में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

ऑस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड (6, 34), जैकब एंडरसन (42) और नाथन एफ्राम्स (45) ने गोल किये , जबकि भारत के लिए जुगराज सिंह (9और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30) ने एक-एक गोल किया। मैच की शुरुआत भारत ने आक्रामक की और ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को पूरी चुनौती दी। हालांकि, मेजबान टीम के लिए जेरेमी हेवर्ड (6) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया और टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। वहीं, भारत ने शुरुआत में कई मौके गंवाए। भारत ने जवाबी हमलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया, जिसका टीम को फायदा मिला और जुगराज सिंह (9) ने एक बेहतरीन पेनल्टी कॉर्नर के साथ स्कोर बराबर कर दिया। कुछ ही समय बाद, अभिषेक के पास भारत को बढ़त दिलाने का सुनहरा मौका था क्योंकि उन्होंने खुद को डी क्षेत्र के अंदर एक मजबूत स्थिति में रखा और उन्हें केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन उनका शक्तिशाली शॉट लक्ष्य से थोड़ा चूक गया।

पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर के दौरान, दोनों टीमों ने अपनी आक्रामक गति बनाए रखी और लगातार एक-दूसरे की डिफेंस को चुनौती दी। हालांकि, यह भारत ही था जिसने हाफ टाइम से पहले से दूसरा गोल दागा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए पेनल्टी कॉर्नर को सटीकता और ताकत से गोल में तब्दील कर स्कोरलाइन को अपनी टीम के पक्ष में 2-1 कर दिया।

खेल में अपनी स्थिति फिर से हासिल करने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे क्वार्टर में अपना आक्रमण तेज़ कर दिया। उनके प्रयास सफल रहे क्योंकि जेरेमी हेवर्ड (34) ने पेनल्टी कॉर्नर से मैच का अपना दूसरा गोल किया। इसके बाद, जैकब एंडरसन (42) ने मेजबान टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी।

# भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने एक और इतिहास रचते हुए क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाले मोंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य दौर में प्रवेश कर लिया है। वह इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंचने वाले 42 वर्ष में पहले भारतीय हैं। इससे पहले इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में खेलने वाले रमेश कृष्णन अंतिम भारतीय थे। वह यहां 1982 में खेले थे, लेकिन उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था।

### एक सेट गंवाकर की वापसी

विश्व नंबर 95 सुमित ने क्वालिफाइंग दौर के फाइनल में विश्व नंबर 55 अर्जेंटीना के डियाज अकोस्टा को 7-5, 2-6, 6-2 से परास्त कर मुख्य दौर में प्रवेश किया। नागल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वह पहले सेट में एक समय 2-5 से पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी सभी गेम जीत 7-5 से यह सेट अपने नाम किया। दूसरा सेट गंवाने के बाद वह निर्णायक सेट में फिर लय में आए और जीत हासिल कर ली। वह मुख्य ड्रॉ के पहले पहले दौर में दुनिया के 35वें नंबर के खिलाड़ी इटली के माटियो अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

### अपनी उपलब्धि से रोमांचित हुए नागल

नागल अपनी इस उपलब्धि से काफी रोमांचित हुए। उन्होंने अपनी जीत के बाद एक्स पर पोस्ट डाल लिखा, मोंटे कार्लो के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाकर रोमांचित हूं। मैं भारत और दुनिया भर से मिले समर्थन और शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। अब अगले मैच का इंतजार नहीं कर पा रहा हूं।

## एक नजर

### 500 किलो जावा महुआ विनष्ट, 350 लीटर देसी महुआ शराब बरामदपटना

**मदनपुर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** मदनपुर के सलैया थाना क्षेत्र में पिरवा के चाल्हो पहाड़ में पुलिस ने 500 किलो जावा महुआ यथास्थान विनष्ट किया है। साथ ही 350 लीटर देसी महुआ शराब भी बरामद किया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### महिलाओं के विकास के लिए कटिबद्ध है एनडीए सरकार : अरविन्द

**पटना (नि.सं.)।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि एनडीए सरकार के 10 वर्षों में लगातार महिलाओं की उन्नति हुई है। सोमवार को जारी बयान में भाजपा नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने 2024 के बजट में भी देश की बेटियों के जीवन के रक्षा के लिए नीतियां बनाई है जिसमें 9 से 14 साल की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन लगाई जाएगी। इससे कैंसर की रोकथाम की जा सकेगी। आयुष्मान भारत का लाभ सभी आशावर्कर्स और आंगनबाड़ी वर्कर्स को दिया जाएगा। गरीब महिलाओं का विशेष ध्यान रखते हुए लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य 2 करोड़ से तीन करोड़ किया गया है।

### राज्यपाल ने नवरात्र की दी बधाई

**पटना (नि.सं.)।** राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारतीय विक्रम नव संवत्सर-2081 की शुरुआत एवं चैत्र वासंती नवरात्र के अवसर पर समस्त बिहारवासियों और देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल ने कामना की है कि विक्रम नव संवत्सर और चैत्र नवरात्र सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये।

### रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ के अध्यक्ष बने अरुण कुमार ठाकुर

**पटना (नि.सं.)।** बिहार रक्षा वाहिनी स्वयं सेवक संघ के केंद्रीय समिति के नव निर्वाचित संघ प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह भारती मंडपम हॉल में सोमवार को किया गया। शपथ ग्रहण में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गृह रक्षक विधि-व्यवस्था का संधारण बहुत ही बेहतर ढंग से करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। अध्यक्ष के रूप में अरुण कुमार ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष देशबंधु आजाद, वरीय उपाध्यक्ष कन्हैया राय, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, महासचिव सुदेश्वर प्रसाद व सचिव पद के लिए हरेंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह और रामाशंकर भारती ने शपथ ली।

# डीएम ने की हीट वेव, पेयजल संकट व लू से बचाव की तैयारी की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने गर्मी के मौसम में संभावित आपदा से सुरक्षा हेतु विभागवार समीक्षा की। उन्होंने गर्मी के कारण सुखाड़, अगलगी, पीने का पानी की कमी, लू जैसी आपदा से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को कहा कि इस भीषण गर्मी के मौसम में जिले में लू, अगलगी और पेयजल की समस्या गंभीर चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए हमें तत्परता से तैयार रहना होगा। कहा कि यह चिंता का विषय है कि अगलगी जैसी बड़ी घटना होने के बावजूद सीओ हमें नहीं बताते है। जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि बंद पड़े चापाकलों की शीघ्र मरम्मत कराए। टैंकर से भी पानी की व्यवस्था कराएं। साथ ही अपने क्षेत्र में जगह चिन्हित कर घड़ा में भी पानी रखने की व्यवस्था कराएं। इसके अलावा जहां अगलगी हो, उस परिवार को अविलंब सहायता राशि प्रदान करें।

उन्होंने लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि जिले में कितने चापाकल लगाए गए हैं और उसमे कितने चापाकल खराब है, कितने चापाकल की मरम्मत हुई है और बाकी बचे हुए चापाकलों की कितने दिनों में मरम्मत करा ली जाएगी। इसका रिपोर्ट सर्वे कराकर अविलंब भेजना सुनिश्चित करें। सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि पीएचसी स्तर पर अस्पतालों में पेयजल की समुचित व्यवस्था, दवा की उपलब्धता ओआरएस घोल की उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलेंडर, डॉक्टर्स की प्रतिनियुक्ति, साफ-सफाई की उचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ ओआरएस घोल प्रत्येक घर में वितरण कराएं। इसके अतिरिक्त अस्पतालों में एसी और कुलर की पर्याप्त व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया। वही आईसीडीएस के डीपीओ ने बैठक में बताया कि आंगनबाड़ी केद्रों की टाइमिंग सुबह 7:30 से 11:00 बजे तक कर दी गई है। बच्चों को हल्का कपड़ा पहनने एवं धूप में बाहर निकलने से परहेज के बारे में बताया गया है। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस के डीपीओ को कहा कि सिविल सर्जन से संबंध स्थापित कर ओआरएस घोल की मांग करें। इसे प्रत्येक आंगनबाड़ी केद्रों पर रखे। विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति करते रहेंगे। नल जल योजना के सभी स्थलों पर भी विद्युत की आपूर्ति निरंतर करते रहेंगे। पशु एवं मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पशुओं के समुचित इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम का गठन किया जाए एवं दवा की उपलब्धता होनी चाहिए। प्रत्येक प्रखंड में पशुओं के इलाज के लिए शिविर लगाने हेतु तीन-तीन छायादार जगह का चुनाव करें। इसके अतिरिक्त जिस तालाब, पोखरों में पानी हो वहां पशुओं के पानी पीने के लिए पशु शेड का भी निर्माण कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त आपदा विभाग के प्रभारी पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी ने कहा कि लू एवं सांप काटने पर मृत्यु होने पर शव का पोस्टमार्टम अवश्य कराए ताकि मुआवजा मिलने में कोई परेशानी न हो। इस भीषण गर्मी के कारण सुखाड़, अगलगी पीने के पानी की कमी, लू जैसे आपदा से निपटने के लिए अन्य विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में आपदा प्रभारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, आईसीडीएस की डीपीओ रचना कुमारी, पीएचइडी के कार्यपालक अभियंता, सिविल सर्जन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव के दौरान सोशल मीडिया की हो रही कड़ी निगरानी

**पटना (नि.सं.)।** लोकसभा की चुनावी सरगर्मी में सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म प्रचार-प्रसार से लेकर अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का बड़ा माध्यम बना हुआ है। परंतु इसकी आड़ में कुछ लोग इन माध्यमों का दुरुपयोग कर हंगामा कराने की फिराक में भी रहते हैं। इनके मनसूबों को नाकाम करने और ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने के लिए ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) में सोशल मीडिया यूनिट का गठन किया गया है। आचार संहिता लागू होने के बाद से गठित इस इकाई ने अब तक ऐसे 28 संवेदनशील मामलों को दर्ज किया है। इसमें छानबीन के बाद 3 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। एक मामला नालंदा, दूसरा पटना कोतवाली और तीसरा ईओयू में दर्ज किया गया है। जबकि 7 सनहा भी दर्ज किए गए हैं।

## चरकुपा में आठ दिवसीय यज्ञ के लिए गाजे-बाजे के साथ निकली जल यात्रा

निज संवाददाता



**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के चरकुपा गांव में देवी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के लिए सोमवार को गाजे-बाजे, घोड़ा एवं रथ के साथ भव्य शोभा यात्रा एवं जल यात्रा निकाली गई। यात्रा यज्ञ मंडप से निकलकर चरकावां निचली डीह, नूनिया टिल्हा, ब्लॉक रोड़ होते हुए चरकावां उपरीडीह तालाब से मंत्रोच्चारण के साथ जलभरी कर पुनः इसी रास्ते से यज्ञ स्थल पर पहुंची। 8 अप्रैल को जलभरी के साथ 9 को मंडप प्रवेश तथा श्रीमद् भागवत परायण वचन प्रारंभ,10 को वेदी पूजन, 11 अप्रैल को अग्नि मंथन एवं अधिवास प्रारंभ एवं हवन महापुराण की कथा,12 को सभी प्रकार का अधिवास एवं हवन, 13 को न्यास एवं हवन, 14 को नगर भ्रमण एवं हवन, 15 अप्रैल को ग्राम देवियों की प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, भंडारा, एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से 10:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा श्री श्री 1008 श्री स्वामी रामप्रपन्नाचार्य महाराज एवं डॉ. रामानुजाचार्य के द्वारा सभी कार्यक्रम कराया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष रामजी चौधरी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी, सचिव विकास शर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, बांके बिहारी, लाल बाबू, राजा शर्मा, भोला शर्मा, शिवम कुमार, अंतुश कुमार, पवन कुमार, सोनू कुमार, गुड्डू शर्मा, रंजीत कुमार, मुर्शीद खान, अमन मियां, मानो खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## माइक्रो आब्जर्वर्स को मिला निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन एवं आयोजन को लेकर मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों तथा कर्मियों को औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक दिन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को शहर के अनुग्रह नारायण नगर भवन में प्रतिनियुक्त माइक्रो आब्जर्वर्स को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश एवं अनुदेश के आलोक में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है। इसी क्रम में माइक्रो आब्जर्वर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। माइक्रो आब्जर्वर्स की चुनाव के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार एक माइक्रो ऑब्जर्वर को दो मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर्स को निर्देश दिया कि दोनों मतदान केंद्रों की शांति व्यवस्था भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्राप्त अनुदेश के आलोक में मतदान का आयोजन तथा अन्य संबंधित प्रावधानों के आलोक में किए गए गतिविधियों संबंधी प्रतिवेदन को जिला प्रशासन सूक्ष्म दृष्टि से अवलोकन कर अग्रेतर कार्रवाई करता है।इसलिए माइक्रो आब्जर्वर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार एवं विभिन्न मास्टर प्रशिक्षक उपस्थित थे।

## नीतीश कुमार का चुनाव प्रचार कार्यक्रम बदला



**पटना (नि.सं.)।** बिहार के मुख्यमंत्री सह जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के लोकसभा चुनाव प्रचार के कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। गया और औरंगाबाद में सीएम के रोड शो और जनसभा की नई तारीखें घोषित हुई हैं। सीएम नीतीश 12 अप्रैल को औरंगाबाद में बीजेपी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में रोड शो और रैली करेंगे। इसके बाद 13 अप्रैल को गया में वे हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (हम) के मुखिया एवं पूर्व सीएम जीतनराम मांझी के समर्थन में रोड शो और रैली करेंगे। इन दोनों सीटों पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है।

## लोकसभा चुनाव : स्वीप कार्यक्रम के तहत स्काउट गाइड ने निकाली जागरूकता रैली

निज संवाददाता



**कुटुम्बा (औरंगाबाद)।** बिहार राज्य भारत स्काउट और गाइड औरंगाबाद के नेतृत्व में कुटुंबा प्रखंड के अंबा में स्वीप कार्यक्रम के तहत स्काउट गाइड के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें 200 की संख्या में स्काउट गाइडों ने भाग लिया। यह रैली अंबा में मुख्य मार्ग से होते हुए विभिन्न क्षेत्रों का परिभ्रमण कर उच्च विद्यालय चलकी अंबा के प्रांगण में संपन्न हुआ। रैली में स्काउट गाइड के द्वारा पहले मतदान फिर जलपान आदि कई नारे लगाई जा रहे थे। तत्पश्चात उच्च विद्यालय चलकी अंबा के परिसर में शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्राप्त शपथ को दोहराया गया और अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके प्रचार प्रसार हेतु संकल्प लिया गया। रैली का उद्घाटन अंबा थाना प्रभारी राहुल राज, अंबा उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक फैजल रहमान ने संयुक्त रूप से किया। इस रैली मे स्काउट मास्टर अमोद कुमार रोवर, अभय कुमार, रश्मि कुमारी, रिया कुमारी, रिंकी कुमारी, काजल कुमारी, अनिता कुमारी, रानी कुमारी, चंदन कुमार, कृष्ण कुमार, श्रवण कुमार, मुकुल कुमार, करण कुमार आदि ने भाग लिया।

## हनुमान जी पहनेंगे 12.23 लाख का स्वर्ण मुकुट व हार

**पटना (नि.सं.)।** सनातन नववर्ष (विक्रम संवत् 2081) के शुभारंभ मंगलवार 9 अप्रैल को हो रहा है। वर्ष प्रतिपदा पर पटना के महावीर मंदिर में हनुमान जी के दोनों विग्रह स्वर्ण जड़ित मुकुट और हार पहनेंगे। शुद्ध सोने से बने स्वर्ण जड़ित मुकुट और हार के जोड़े की कुल कीमत 12.23 लाख रुपये है। यह बातें सोमवार को महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल ने पत्रकारों से कहीं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की संस्था मेटल्स एंड मिनरल्स ट्रेडिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया से सोना खरीदकर चेन्नई की एजेंसी से मुकुट और हार बनवाए गये हैं। इसमें 24 कैरेट के 999.9 की शुद्धता का 160 ग्राम सोना लगा है। सोने की कीमत 10.99 लाख रुपये है। मुकुट और हार बनवाने का निर्माण लागत 1.24 लाख रुपये खर्च हुए हैं। आचार्य ने बताया कि 9 अप्रैल को नव संवत्सर वर्ष प्रतिपदा और मंगलवार के अति शुभ संयोग पर हनुमानजी इसे धारण करेंगे।

## तरक्की संस्था द्वारा इंटरमीडिएट की छात्रा को किया गया सम्मानित




निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** गुरुवार यो तरक्की संस्था द्वारा फिजा कोचिंग भैंसासुर की छात्रा सगफ, प्रवीण को सम्मानित करने का कार्यक्रम किया गया। क्रर्यक्रम का संचालन करते हुए अनुंज शाहीन ने बताया कि सगफ प्रवीण, जो एक ऑटो चालक की बेटी है ने कला संकाय, इण्टरमेडिएट की परीक्षा में 442 अंक प्राप्त कर क्षेत्र और जिले में नाम रोशन किया। सगफ प्रवीण को मोमेंटों एवं राशि देकर सम्मानित किया गया। सगफ ने अपनी सफलता का श्रेय मां-बाप एवं गुरुजनों को दिया। सचिव मिन्हाजुल एकराम फरोग ने भी सगफ प्रवीण की प्रशंसा करते हुए कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय होते हुए भी सगफ ने इंटरमेडिएट की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। कार्यक्रम में फरद्दीन अहमद, अनुप कुमार, पप्पू कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विभिन्न गांवों में बीजेपी प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी सांसद सुशील कुमार सिंह ने सोमवार को औरंगाबाद सदर प्रखंड के चौरिया, रघोलिया, उन्थु, देवरिया कला रुस्तम, बसडीहा कला, फेसर, पोखराहा, सोहरईया, बगैया, फतेहा, बघोई, मिर्जापुर, जयश्री बिगहा, बाकन, धंधवा, बेली एवं नौगढ़ समेत विभिन्न गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने बुद्धिजीवियों, महिलाओं एवं मतदाताओं से मुलाकात कर मतदान करने की अपील की। सांसद ने जनसंपर्क के दौरान बुजुर्गों से आशीर्वाद के साथ-साथ समर्थन मांग कर नरेन्द्र मोदी के हाथो को मजबूत करने और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री देश से गरीबी खत्म करने के मिशन में लगे हुए हैं। 2014 के पहले देश में क्या स्थिति थी। करोड़ों देशवासी कच्चे घरों में रहने के लिए मजबूर थे। गरीबों के पास गैस कनेक्शन नहीं था। 10 साल में गरीब कल्याण के लिए बहुत काम हुआ है। इसका नतीजा है कि 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए है।जनसंपर्क के दौरान भाजपा के फेसर मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश्वर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह उर्फ भोला सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अमरीश सिंह, पूर्व सरपंच रविन्द्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मृत्युंजय पांडेय उर्फ मछलिया बाबा, पूर्व मुखिया रमेश सिंह, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुमार उर्फ कवि सिंह, पूर्व मुखिया राकेश सिंह एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433

नव वर्ष (चैत शुक्ल प्रतिपदा) विक्रम संवत 2081 के अवसर पर समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
सरस्वती विद्या मंदिर
+ 2 (आवासीय ) विद्यालय
तिलौथू (रोहतास) बिहार
विद्यालय में छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। अपने बालकों को छात्रावास में पढ़ाने हेतु संपर्क करें
धनंजय शर्मा
प्रधानाचार्य
सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू
मो. 9470831312

नव वर्ष (चैत शुक्ल प्रतिपदा) विक्रम संवत 2081 की हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा
शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.
ग्रोथ सेंटर : जसोईया, औरंगाबाद


5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध
शुद्ध आहार, स्वस्थ परिवार।
शुद्ध आहार, खुशियां अपार
विशेषताएं
● क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
● अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
● धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।
10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता